SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947
70025-06581

E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in
हिंदी दैनिक
गुवाहाटी, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित

# विकसित भारत समाचार

राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील
वर्ष : 09 | अंक : 167 | गुवाहाटी | शनिवार, 7 जनवरी, 2023 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 12 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526

गणतंत्र दिवस को लेकर बैठक पेज 3
भारतीय सेना सिख सैनिकों के लिए अलग से खरीदेगी 12,730 बैलिस्टिक हेलमेट पेज 4
सपा विधायक के चाचा ने अब तक नहीं दिया एक करोड़ 33 लाख गृह... पेज 5
राजस्थान में गहलोत सरकार इतिहास की सबसे नाकारा सरकार : सांसद दीया पेज 8

## असम-मेघालय सीमा विवाद सुप्रीम कोर्ट में



**नई दिल्ली।** असम और मेघालय की सरकारों ने मेघालय हाईकोर्ट द्वारा सीमा विवाद के लिए दिए गए फैसले के खिलाफ शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। दरअसल, हाईकोर्ट ने मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टेंडिंग (एमओयू) पर स्टे लगा दिया है जो दोनों राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने सीमा विवाद को खत्म करने के लिए हस्ताक्षर किए गए थे। सुप्रीम कोर्ट ने मेघालय हाईकोर्ट के एमओयू के स्टे वाले आदेश पर रोक लगा दी है। हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ दायर याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने संबंधित पक्षों को नोटिस जारी किया। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस पीएस नरसिंहा और जबी पारदीवाला की बेंच ने सॉलीसिटर जनरल तुषार मेहता की दलीलें सुनीं। जिसमें उन्होंने इस मामले पर जल्द सुनवाई करने की अपील की। तुषार मेहता ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि हाईकोर्ट की एक सिंगल और डिविजनल बेंच ने इस साल के शुरुआत में साइन किए गए इंटर-स्टेट बॉर्डर पैक्ट के ऑपरेशन पर स्टे लगा दिया है। इसपर देश के मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि इस मामले की सुनवाई हम करेंगे और हमें याचिका की सभी प्रतियां उपलब्ध कराई जाएं। मेघालय हाईकोर्ट की सिंगल जज बेंच ने 9 दिसंबर को इंटर-स्टेट बॉर्डर पैक्ट के संबंध में सीमा चौकियों के निर्माण पर अंतरिम स्टे लगाया था, लेकिन इसके बाद हाईकोर्ट की डिविजन बेंच ने ही उपरोक्त आदेश पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था। यही कारण है कि दोनों सरकारों को सुप्रीम कोर्ट का रुख करना पड़ा है। मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड के. सांग्मा और असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने मार्च में एमओयू पर हस्ताक्षर किए थे। इसके तहत सीमा के उन 12 स्थानों में से कम से कम 6 का सीमांकन करने पर सहमती जताई गई थी जिन पर दो राज्यों के बीच सबसे अधिक संघर्ष की स्थिति बनती है। पिछले साल 29 मार्च को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की उपस्थिति में दोनों राज्यों के -शेष पृष्ठ दो पर

## मणिपुर को बंद और आतंकवाद से भाजपा ने कराया मुक्त : अमित शाह


**इंफाल (हि.स.)।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि भाजपा सरकार ने मणिपुर को बंद, हड़ताल और आतंकवाद से मुक्त कराया है। नतीजतन, मणिपुर में अब शांति कायम है। राज्य तेजी से विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। वह राज्य में 1,311 करोड़ रुपए की 21 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करने के बाद विष्णुपुर जिले के मैरांग में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि केंद्र में नरेंद्र मोदी और मणिपुर में एन बीरेन सिंह के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार चरमपंथियों की गतिविधियों का मुकाबला करने में सक्षम रही है। इसे देखते हुए राज्य के छह जिलों से सशस्त्र बल (विशेष शक्तियां) अधिनियम, 1958 (अफ्सपा) को वापस ले लिया गया है। अमित शाह ने राज्य में चरमपंथी



गतिविधियों को लेकर कांग्रेस सरकार की आलोचना की। उन्होंने कहा कि मणिपुर में कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार के दौरान आतंकियों ने विकराल रूप धारण कर लिया था, लेकिन भाजपा के सत्ता में आने के बाद मणिपुर आतंकवाद से मुक्त हो गया। शाह ने कहा कि केंद्र की भाजपा नीत सरकार ने आठ साल से भी कम समय में पूर्वोत्तर में 3.45 लाख करोड़ रुपए का निवेश किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस दौरान 51 बार पूर्वोत्तर का दौरा किया। उन्होंने रैली में मौजूद लोगों से सवालिया लहजे में पूछा कि क्या किसी और प्रधानमंत्री ने इतनी बार इस क्षेत्र का दौरा किया है। उन्होंने कहा कि राज्य में एन बीरेन सिंह सरकार मादक पदार्थों की तस्करी और नशीली दवाओं के उपयोग के खिलाफ बड़े पैमाने पर अभियान चला रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा अगले चुनाव में मणिपुर में फिर से सरकार बनाएगी। केंद्रीय गृह मंत्री ने जनसभा से पहले इंफाल पूर्वी जिला में इबुधु मार्जिंग पहाड़ की चोटी पर नवनिर्मित 120 फीट ऊंचे पोलो टैटू का अनावरण किया। इसे पूर्वोत्तर क्षेत्र का सबसे ऊंचा स्मारक -शेष पृष्ठ दो पर

## मणिपुर में 120 फीट ऊंची पोलो प्रतिमा का उद्घाटन

**इंफाल।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को मणिपुर के इंफाल पूर्वी जिले के मर्जिंग पोलो कॉम्प्लेक्स में एक पोलो खिलाड़ी की



120 फीट ऊंची प्रतिमा का अनावरण किया। मणिपुर को खेल का जन्मस्थान माना जाता है। इस दौरान मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने अमित शाह को एक पोलो मैलेट और खेल की एक पेंटिंग दी। गुरुवार शाम मणिपुर पहुंचे केंद्रीय गृह मंत्री चुराचांदपुर जाएंगे, जहां वह पहाड़ी जिले -शेष पृष्ठ दो पर

## नगालैंड से अफस्पा को हटाने का काम किया शुरू : केंद्रीय गृहमंत्री

**डीमापुर।** गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को दिमापुर में कहा कि नगालैंड में अफस्पा (अफस्पा) को हटाने का काम किया जा रहा है। नगालैंड में आंतकी घटनाओं में कमी 74 फीसदी की कमी आई है। इससे सैनिक और आम नागरिकों की मौतों में भी 60 और 84 फीसदी की कमी आई है। वे यहां 52 करोड़ के पांच योजनाओं का उद्घाटन के बाद बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि एक समय था जब यह -शेष पृष्ठ दो पर



पूर्वाञ्चल केशरी
(असमीया दैनिक)
PURVANCHAL KESARI
(ASSAMESE DAILY)
GOOD LUCK PUBLICATIONS
House No. 30, D. Neog Path,
ABC, Guwahati - 781005
Mob: 94350 14771, 97070 14771

## त्रिपुरा की मतदाता सूची में 80 हजार नए नाम

**अगरतला (हि.स.)।** चुनाव आयोग ने त्रिपुरा विधानसभा चुनाव के लिए अंतिम मतदाता सूची जारी कर दी है। इस सूची में पंजीकृत मतदाताओं की संख्या बढ़कर 28 लाख 13 हजार 478 हो गई है। इनमें 14 लाख 14 हजार 576 पुरुष व 13 लाख 98 हजार 825 महिला मतदाता हैं। इसके अलावा तृतीय लिंग के 77 मतदाता हैं। शुक्रवार को त्रिपुरा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि लगभग अस्सी हजार नए मतदाताओं को अंतिम मतदाता सूची में शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि नए मतदाताओं की सूची में



लगभग 13,500 ब्रू शरणार्थी शामिल हैं, जिन्हें त्रिपुरा में बसाया गया है। उन्होंने कहा कि इससे पहले चुनावी जनसंख्या की आनुपातिक दर 647 लोग थे। अब यह बढ़कर 666 हो गया है। इसी तरह, नए मतदाता पंजीकरण में महिलाओं की संख्या पुरुषों की तुलना में अधिक है। उन्होंने दावा किया कि विशेष अभियान के परिणामस्वरूप इस बार पुरुषों की तुलना में 11 हजार अधिक महिला मतदाताओं का पंजीकरण हुआ है। इस बीच, पहले प्रति 1,000 पुरुष मतदाताओं पर 981 महिला मतदाता -शेष पृष्ठ दो पर

## दिल्ली में मेयर चुनाव के पहले हंगामा धक्का-मुक्की, हाथापाई, कई आसन से गिरे

**नई दिल्ली।** दिल्ली में एमसीडी के मेयर, डिप्टी मेयर और स्थायी समिति के सदस्यों के चुनाव की प्रक्रिया हंगामे की वजह से शुरू नहीं हो पाई। चार घंटे चले हंगामे के बाद सदन को स्थगित कर दिया गया। ऐसे में माना जा रहा है कि मेयर चुनाव टल सकता है। उधर, आप ने इस मुद्दे पर कोर्ट जाने के संकेत दिए हैं। इससे पहले शुक्रवार सुबह 11 बजे पार्षदों का शपथ ग्रहण शुरू होना था, लेकिन प्रोटेम स्पीकर ने सबसे पहले मनोनीत सदस्यों को जैसे ही शपथ दिलानी शुरू की, आम आदमी पार्टी (आप) के सदस्यों ने विरोध शुरू कर दिया। इससे भाजपा पार्षद भी इनके खिलाफ नारेबाजी करने लगे। दोनों पक्षों के बीच



धक्का-मुक्की और हाथापाई होने लगी। आप के पार्षद प्रोटेम स्पीकर के आसन पर चढ़ गए। इस दौरान कुछ पार्षद कुर्सी उठाकर पटकते देखे गए। कुछ धक्का लगने से नीचे गिर गए। कुछ को चोटें आईं। एलजी ने मेयर चुनाव के लिए भाजपा की पार्षद सत्या शर्मा को प्रोटेम स्पीकर नियुक्त किया। इससे पहले आप ने मुकेश गोयल के नाम का प्रस्ताव रखा था। सत्या के नाम पर आप ने आपत्ति जताई। इसके बाद प्रोटेम स्पीकर सत्या ने जैसे ही एलजी के मनोनीत सदस्यों को शपथ दिलानी शुरू की तो -शेष पृष्ठ दो पर

door graph
Premium Quality Hinges
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path, Near Dona Planet ABC, G.S. Road, Guwahati - 05
97079-99344

## मेघालय विस चुनाव : टीएमसी ने 52 दिग्गजों को उतारा

**शिलांग।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने मेघालय में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए 52 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की है। सूची जारी करते हुए



एआईटीसी मेघालय ने अपने ट्वीट में कहा कि हम आगामी राज्य चुनावों के लिए 52 विधानसभा क्षेत्रों के उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची की घोषणा करते हुए खुश हैं। सभी उम्मीदवारों को बधाई। हम अफने सुंदर पहाड़ी राज्य में खोए हुए गौरव फिर से हासिल करेंगे। उम्मीदवारों की सूची के मुताबिक, टीएमसी ने जोवई (अनुसूचित जनजाति) से एंड्रयू शुल्लई, मॉकोएव (अनुसूचित जाति) से लास्टिंग सुचियांग, -शेष पृष्ठ दो पर

## बेंगलुरु : महिला भगवान को अपना पति बताकर उनके बगल में बैठना चाहती थी

**बेंगलुरु।** बेंगलुरू के एक मंदिर से महिला को घसीटकर बाहर निकालने का वीडियो सामने आया है। वीडियो में दिख रहा है कि महिला को लात और थप्पड़ मारे जा रहे हैं और घसीटकर उसे मंदिर के बाहर निकाला जा रहा है। मंदिर के पुजारी ने पुलिस को बताया कि महिला भगवान को अपना पति बताकर गर्भगृह में उनके बगल में बैठने की जिद कर रही थी। वायरल हो रहे एक मिनट 17 सेकेंड के इस वीडियो में दिख रहा है कि एक व्यक्ति खिड़की के पास खड़ी एक महिला से पहले बात करता है फिर उसके बाल पकड़कर उसे खींचता हुआ मंदिर के गेट तक ले जाता है। गेट के पास महिला उठकर खड़ी होकर अंदर आती है तो उसे थप्पड़ मारकर गिरा देता है, फिर घसीटकर बाहर ले जाता है। मंदिर -शेष पृष्ठ दो पर



## केरल : माकपा नेता के पोस्टर में बेनजीर भुट्टो

**तिरुवनंतपुरम।** केरल में एक विवादित पोस्टर से राजनीतिक माहौल गरमा गया है। यहां कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीएम) की महिला संगठन का




पोस्टर सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस पोस्टर में पाकिस्तान की पूर्व प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो की तस्वीर है और उनको एक आदर्श के रूप पर दिखाया गया है। भाजपा की केरल इकाई ने शुक्रवार को माकपा की महिला शाखा आल इंडिया डेमोक्रेटिक वीमेंस एसोसिएशन (एआईडीडब्ल्यूए) की निंदा की। पोस्टर में -शेष पृष्ठ दो पर

### सुप्रभात

*कठिन समय के लिए धन की रक्षा करनी चाहिए।*

- आचार्य चाणक्य

### न्यूज गैलरी

## जोशीमठ : अस्थायी पुनर्वास केंद्र बनाने की तैयारी

**देहरादून।** उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि निकट भविष्य में पुनर्वास की क्या नीति होगी उन पहलुओं पर बात हुई। लोगों की हर संभव मदद की जाएगी। जान माल की सुरक्षा सबसे ज्यादा जरूरी है। हम अध्ययन भी कर रहें हैं कि पानी का रिसाव कहां से हो रहा है। विभिन्न संस्थानों की मदद ली जा रही है। सीएम पुष्कर धामी ने निर्देश दिया कि जल्द से जल्द सुरक्षित क्षेत्रों में अस्थायी आवास स्थापित किए जाएं। उन्होंने अधिकारियों से निकासी क्षेत्र और जोनल-वार योजना बनाने को भी कहा है। साथ -शेष पृष्ठ दो पर

## 15 हजार रेल कोचों में लगेंगे सीसीटीवी कैमरे

**नई दिल्ली।** यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए भारतीय रेलवे आए दिन नए फैसले ले रहा है। अब ट्रेनों में यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए रेल मंत्रालय एक ओर बढ़ा कदम उठाने जा रहा है। रेल मंत्रालय आने वाले दिनों में 705 करोड़ रुपए की लागत से करीब 15 हजार कोचों में सीसीटीवी लगाने जा रहा है। यह कैमरे राजधानी, दुरंतो और शताब्दी जैसी प्रीमियम ट्रेनों के साथ-साथ ईएमयू, मेमू और डेमू जैसी यात्री ट्रेनों में भी लगाए जाएंगे। विश्वस्त सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, सीसीटीवी लगाने की परियोजना देशभर की सभी ट्रेनों को कवर करेगी। रेलवे की योजना सभी 60 हजार कोचों में सीसीटीवी कैमरे लगाने की है। इसके साथ साथ यात्रियों की सुरक्षा



को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक कोच में कम से कम दो पैनिक बटन भी लगाए जाएंगे। यात्री द्वारा पैनिक बटन दबाने से पास के आरपीएफ पोस्ट या डाटा सेंटर अलर्ट हो जाएगा। और उन्हें समय रहते सुरक्षा मिल सकेगी। ट्रेनों में लगने वाले यह सीसीटीवी इंटरनेट प्रोटोकॉल-आधारित होंगे। सीसीटीवी में वीडियो एनालिटिक्स और फेशियल रिकग्निशन सिस्टम भी होंगे। वे आरपीएफ पोस्ट, डिवीजनल और जोनल मुख्यालयों से कोचों के रिमोट संचालन और निगरानी को सक्षम बनाएंगे। रेलवे के यह सीसीटीवी कैमरे हाई रेजोल्यूशन इमेज -शेष पृष्ठ दो पर

## सीसीए कार्यालय में हैकर्स की सेंध

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा में संचार लेखा नियंत्रक (सीसीए) के कार्यालय में हैकरों ने कुछ कंप्यूटर सिस्टम में सेंध लगा दी। एक अधिकारी ने शुक्रवार को जानकारी दी कि हैकरों ने फिरौती की मांग को लेकर रैंसमवेयर से कंप्यूटरों पर हमला किया। कार्यालय के कर्मचारियों ने गुरुवार को अपने सिस्टम में अचानक एक झंडा दिखने लगा। हैकरों ने रैंसमवेयर से सिस्टम को हैक कर लिया गया था। सीसीए संचार विभाग, भारत सरकार के अंतर्गत आता है, जिसका आंध्र प्रदेश सर्किल कार्यालय विजयवाड़ा में स्थित है। सीसीए -शेष पृष्ठ दो पर

## जम्मू-कश्मीर : आजाद के साथ गए 17 कांग्रेसी लौटे



**जम्मू/श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के 17 नेताओं ने शुक्रवार को फिर से कांग्रेस जॉइन कर ली। इनमें पूर्व उपमुख्यमंत्री तारा चंद और पूर्व पीसीसी प्रमुख पीरजादा मोहम्मद सईद शामिल हैं। ये वही नेता हैं, जिन्होंने दो महीने पहले पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता गुलाम नबी आजाद की पार्टी डेमोक्रेटिक आजाद पार्टी (डीएपी) जॉइन की थी। इस दौरान एआईसीसी के महासचिव केसी वेणुगोपाल भी मौजूद रहे। वेणुगोपाल ने नेताओं का स्वागत करते हुए कहा कि यह पार्टी के लिए खुशी का दिन है, क्योंकि वे भारत जोड़ो यात्रा से पहले अपने घर लौट -शेष पृष्ठ दो पर

**CLASSIFIED**

For all kinds of classified advertisements please contact

**97070-14771**
**86382-00107**

**MURTI AVAILABLE**

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc. **ARTCLE WORLD,** S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01, **Ph. : 94350-48866, 94018-06952**

### असम सरकार और सेना में करार

# सभी मेडिकल कॉलेजों में मिलेगी कैशलेस सुविधा

**गुवाहाटी।** असम सरकार की चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान विभाग ने क्षेत्रीय केंद्र (भूतपूर्व सैनिक अंशदायी स्वास्थ्य सेवाएं) के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। यह समझौता असम मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा और लेफ्टिनेंट जनरल आरपी कलिता, जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ, पूर्वी की उपस्थिति में किया गया। इस समझौते से करीब 1.2 लाख रक्षा बलों के ईसीएचएस लाभार्थियों के लिए कैशलेस चिकित्सा सेवाएं मिलेंगी। इस सबंध में जानकारी देते हुए रक्षा प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल महेंद्र सिहं रावत ने बताया कि इस समझौते के तहत ईसीएचएस लाभार्थी आठ सरकारी मेडिकल कॉलेज और अस्पतालों क्रमश: गुवाहाटी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, असम मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, सिलचर, मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल जोरहाट, मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल डिफू, मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, तेजपुर, मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल लखीमपुर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल और फखरुद्दीन अली अहमद मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल बरपेटा में उच्च गुणवत्ता वाले उपचार मिलेगी। इसके अलावा, क्षेत्रीय केंद्र (भूतपूर्व सैनिक अंशदायी स्वास्थ्य सेवाएं) गुवाहाटी ने भी रक्षा बलों के ईसीएचएस लाभार्थियों के लिए उच्च गुणवत्ता वाली कैंसर देखभाल सेवाओं के लिए असम कैंसर केयर फाउंडेशन के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. शर्मा ने एतिहासिक पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह समझौता राज्य सरकार में पूर्व सैनिकों और उनके परिवार के सदस्यों को चिकित्सा कवरेज प्रदान करने में एक लंबा रास्ता तय करेगा। उन्होंने समझौते के तौर-तरीकों को अंतिम रूप देने में सहयोग के लिए रक्षा बलों और राज्य के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को भी बधाई दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2022 में, राज्य सरकार ने असम के सरकारी मेडिकल कॉलेजों में असम के पूर्व सैनिकों और सेवारत रक्षा कर्मियों के बच्चों के लिए एमबीबीएस सीटों का आरक्षण तीन से बढ़ाकर नौ कर दिया। समझौते समारोह में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री केशव महंत, जीओसी इन चीफ ईस्टर्न कमांड लेफ्टिनेंट जनरल राणा प्रताप कलिता ने भी संबोधित किया।



## प्रधानमंत्री ने मुख्य सचिवों के सम्मेलन में लिया भाग

**नई दिल्ली (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को नई दिल्ली में मुख्य सचिवों के सम्मेलन में भाग लिया। उन्होंने कहा कि यह महत्वपूर्ण नीतिगत विषयों पर विचारों के आदान-प्रदान और भारत को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए टीम भावना को मजबूत करने का अद्भुत मंच है। एक ट्वीट में प्रधानमंत्री ने कहा कि मुख्य सचिवों के सम्मेलन में भाग लेना। यह महत्वपूर्ण नीतिगत विषयों पर विचारों के आदान-प्रदान और भारत को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए टीम भावना को मजबूत करने का एक अद्भुत मंच है। दिल्ली में 5 और 7 जनवरी को मुख्य सचिवों का दूसरा राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। मुख्य सचिवों का ऐसा पहला सम्मेलन जून 2022 में धर्मशाला में आयोजित किया गया था। इस वर्ष होने वाले तीन दिवसीय सम्मेलन राज्यों के साथ साझेदारी में तेज और सतत आर्थिक विकास हासिल करने पर केंद्रित है। सम्मेलन में केंद्र सरकार के प्रतिनिधि, मुख्य सचिव और राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के अन्य वरिष्ठ अधिकारी तथा डोमेन विशेषज्ञ भाग ले रहे हैं। सम्मेलन रोजगार सृजन और समावेशी विकास पर केंद्रित विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने के लिए जमीन तैयार करेगा।

## संगठनात्मक आधार मजबूत करने के लिए सक्रिय हैं भाजपा के कार्यकता : कलिता

**गुवाहाटी (हि.स.)।** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भवेश कलिता ने कहा कि संगठन की सक्रियता भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की मुख्य प्रेरक शक्ति है। भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता हमेशा पार्टी के संगठनात्मक पहलू को बनाए रखने में तत्पर रहता है। उत्साही भाजपा के कार्यकर्ता न केवल प्रचार के दौरान ही नहीं, बल्कि अन्य समय में भी पार्टी के संगठनात्मक आधार को बरकरार रखने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह के एक कार्यक्रम के हिस्से के रूप में प्रदेश भाजपा की पहल पर असम के 126 निर्वाचन क्षेत्रों में 2 से 6 जनवरी तक बूथ समीक्षा, पुनरीक्षण और बूथ सशक्तिकरण अभियान सफलतापूर्वक पूरा किया गया। प्रदेश भाजपा पदाधिकारियों, मंत्रियों, सांसदों, विधायकों और वरिष्ठ नेताओं ने पार्टी के निर्धारित निर्वाचन क्षेत्रों में पहुंचकर संबंधित बूथ अध्यक्षों, शक्ति केंद्र संयोजकों के साथ-साथ मंडलों और जिला समितियों के परामर्श से बूथवार रिपोर्ट तैयार की है और उन्हें राज्य समिति को सौंप दिया है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष कलिता ने बूथ समीक्षा, पुनरीक्षण और बूथ सशक्तिकरण% अभियान के पहले चरण में भाग लेने वाले पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता का आभार व्यक्त किया है।

## शंकरदेव शिशु निकेतन का दो दिवसीय रजत जयंती समापन समारोह आरंभ

**बाक्सा (हि.स.)।** शिशु शिक्षा समिति के तत्वावधान में बाक्सा जिला के कुमारीकाटा में शंकरदेव शिशु निकेतन की रजत जयंती का समापन समारोह शुरू हुआ। शुक्रवार को दो दिवसीय कार्यक्रम का समापन समारोह सामूहिक वंदना कार्यक्रम के साथ शुरू हुआ। निकेतन प्रबंध समिति के अध्यक्ष बासुदेव उपाध्याय ने दीप प्रज्ज्वलित किया। निकेतन का ध्वजारोहण समिति के कार्यकारी अध्यक्ष अधर देवरी ने किया। समारोह में छात्र-छात्राओं द्वारा सामूहिक गीत की प्रस्तुति के बाद स्मृति तर्पण और प्रदर्शनी द्वार का उद्घाटन शंकरदेव शिशु निकेतन, कुमारीकाटा के संस्थापक अध्यक्ष चिनाकांत बसुमतारी और पूर्व अध्यक्ष मनोमोहन दास ने किया। समारोह के दौरान एक रंगारंग सांस्कृतिक शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का उद्घाटन बोडोलैंड टेरिटोरियल रिजन (बीटीआर) के एमसीएलए विजीत गौरा नार्जारी ने किया।

## विश्वनाथ चाराली के युको बैंक ने 80वां स्थापना दिवस भव्य तरीके से मनाया



**विश्वनाथ चाराली (निसं)।** विश्वनाथ चाराली नगर में स्थित यूको बैंक की शाखा ने आज अपना 80वां स्थापना दिवस मनाया गया। बैंक को बैलून से बहुत सुंदर ढंग से सजाया गया। शाखा की मुख्य प्रबंधक विद्या कुमार ने सभी को अंग्रेजी नव वर्ष और आगामी भोगाली बिहू की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा स्थापना दिवस में सर्वप्रथम बैंक के सभी वरिष्ठ नागरिकों के साथ विचारों के आदान-प्रदान हुआ। इसके बाद मुख्य प्रबंधक ने बैंक के ग्राहकों और बैंक के अधिकारियों और संबंधित कर्मचारियों को धन्यवाद ज्ञापन किया। इसके बाद एक सुंदर केक भी काटा गया। इस मौके पर शाखा सहायक प्रबंधक मनमोहन दास, सहायक अधिकारी बी. सी डेका, मनोजीत दास, अंजलि बरूआ, किरण छेत्री, राजेन कुमार आचार्य, रूपेन वैश्य, अन्य कर्मचारी मनोज गोगई, दीपक छेत्री, जिंटू सैकिया, और ग्राहक मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि विश्वनाथ चाराली शहर के युको बैंक यहां के सर्वप्रथम बैंक है जो ग्राहक के बैंक संबंधित हर कार्य को निष्ठापूर्वक करते आ रहा है।

## कोकराझाड़ में ईएम और एमसीएलए आवास भवनों का भूमि पूजन

**कोकराझाड़ (हि.स.)।** बोडोलैंड टेरिटोरियल रिजन (बीटीआर) के कार्यकारी पार्षद (ईएम) और परिषद सदस्य (एमसीएलए) की सुविधा के लिए बनाए जाने वाले दो बिलडींग के लिए शुक्रवार को कोकराझाड़ शहर के पास हनागुरी में भूमि पूजन किया गया। बीटीसी के मुख्य कार्यकारी पार्षद प्रमोद बोडो ने बिलडिंग का भूमि पूजन करते हुए कहा कि बीटीसी के ईएम और एमसीएलए के आवास भवन का निर्माण का भूमि पूजा आज किया गया है जो आने वाले दो वर्षों में बनकर तैयार हो जाएगा। साथ ही कहा कि हनागुरी के ग्रेटर बाओखंगुरी क्षेत्र को पर्यटक के नजरिए से आकर्षक बनाया जाएगा और हनागुरी में एक कोकराझाड़ विश्वविद्यालय स्थापित किया जाएगा। ज्ञात हो कि कोकराझाड़ के हनागुड़ी में 52 करोड़ 30 लाख 65 हजार 800 रुपये की लागत से कार्यकारी पार्षद आवास और 4। करोड़ 65 लाख 4 हजार रुपये की लागत से परिषद सदस्य के आवास का निर्माण किया जाएगा।

## कंचनजुरी में ट्रकों की आमने-सामने की भिड़ंत में दो घायल

**नागांव (हि.स.)।** नगांव जिला के कोलियाबोर के कंचनजुरी में गुरुवार देर रात दो ट्रकों की आमने-सामने की टक्कर हो गई। इस घटना में दोनों ट्रकों के चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस ने शुक्रवार को बताया है कि कंचनजुरी में गुरुवार देर रात दो ट्रक अनियंत्रित होकर आमने-सामने की टक्कर हो गई। हादसे में दोनों घायल चालकों को कोलियाबोर के अनुमंडलीय नागरिक अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए तेजपुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में रेफर कर दिया गया।

# पृष्ठ एक का शेष

### असम-मेघालय सीमा ...

मुख्यमंत्रियों ने समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। पैक्ट के तहत दोनों राज्यों के बीच की 884.9 किलोमीटर की सीमा के 12 में से 6 स्थानों के लिए समाधान खोजा गया था, जिसको लेकर सबसे ज्यादा संघर्ष हुए हैं। असम और मेघालय के बीच का यह सीमा विवाद लगभग पिछले 50 सालों से चला आ रहा है। इसे सुलझाने की कोशिशों की वजह से ही हालिया दिनों में माहौल शांत है। मेघालय को 1972 में असम से अलग कर नया राज्य बनाया गया था। लेकिन मेघालय ने असम रीऑर्गनाइजेशन एक्ट 1971 को चुनौती दी थी। इसी के चलते सीमा के 12 स्थानों पर विवाद शुरू हो गया था।

### मणिपुर को बंद और ...

कहा जाता है। मणिपुर के 19 ओलंपियनों के सम्मान में उनकी मूर्तियों को पार्क में स्थापित किया गया है। यह विशाल प्रतिमा पोलो के घर मणिपुर को लोकप्रिय बनाएगी और साथ ही पर्यटकों को भी आकर्षित करेगी। इससे स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। केंद्रीय गृह मंत्री ने आज चुराचांदपुर जिले का भी दौरा किया और वहां चुराचांदपुर मेडिकल कॉलेज का उद्घाटन किया। यह मणिपुर के पहाड़ी जिले में बना पहला मेडिकल कॉलेज है। वह ऐतिहासिक मोइरंग गए और नेताजी सुभाष चंद्र बोस द्वारा स्थापित आईएनए मुख्यालय परिसर में 165 फीट लंबा भारतीय राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इतना ही नहीं, अमित शाह ने आज जवाहरलाल नेहरू आयुर्विज्ञान संस्थान (जेएनआईएमएस) परिसर में 18 बिस्तरों वाली एक निजी इकाई का उद्घाटन किया। इसके अलावा केंद्रीय गृह मंत्री ने 40 पुलिस चौकियों के निर्माण की आधारशिला रखी। इनमें से 34 भारत-म्यांमार अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर और छह राष्ट्रीय राजमार्ग 37 पर बनाई जाएंगी। उन्होंने जिन अन्य परियोजनाओं का उद्घाटन किया, उनमें फल संरक्षण फैक्टरी नीलकुथी, मोर सिटी पेयजल आपूर्ति परियोजना, कंगला के पूर्वी हिस्से में नोंगपोक थोंग ब्रिज, इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट यूनिवर्सिटी, मरजिंग मूर्ति कॉम्प्लेक्स, कांगखुई गुफा में गुफा पर्यटन परियोजना विकास, उखरुल में एलएम ब्लॉक मॉडल आवासीय विद्यालय, रेंगपांगे 100 बिस्तर वाले आवासीय विद्यालय, चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्रीय संस्थानों में बाल चिकित्सा कॉर्डियो-थोरेसिक ऑपरेशन थिएटर आदि शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह गुरुवार की रात करीब 7.00 बजे त्रिपुरा से इंफाल बीर टिकेंद्रजीत अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे पर भारतीय वायु सेना के विमान से पहुंचे। हवाई अड्डे पर मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह और उनके कैबिनेट सहयोगियों, भाजपा की प्रदेश अध्यक्ष ए शारदा देवी और कई भाजपा पदाधिकारियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इंफाल पहुंचने पर अमित शाह ने सिटी कन्वेंशन सेंटर में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में शिरकत की। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा किए गए आज के उद्घाटन और विभिन्न परियोजनाओं के शिलान्यास समारोहों में मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह और उनके कैबिनेट सहयोगी, पार्टी विधायक, भाजपा की प्रदेश अध्यक्ष ए शारदा देवी और कई भाजपा पदाधिकारी भी मौजूद थे।

### मणिपुर में 120 फीट...

के पहले मेडिकल कॉलेज और अस्पताल का उद्घाटन करेंगे। वहां से वह बिष्णुपुर जिले के मोइरांग जाएंगे, जहां वह 1,300 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के अलावा राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे और जनता को संबोधित करेंगे। शाह 40 पुलिस चौकियों के निर्माण के लिए आधारशिला रखेंगे, जिनमें से 34 भारत-म्यांमार अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर और छह राष्ट्रीय राजमार्ग 37 पर होंगी। उनके द्वारा उद्घाटन की जाने वाली परियोजनाओं में संगाईथेल में मणिपुर ओलंपियन पार्क, राज्य द्वारा संचालित जवाहरलाल नेहरू आयुर्विज्ञान संस्थान (जेएनआईएमएस) में एक निजी वार्ड, मोरेह शहर की जल आपूर्ति योजना, कांगला किले के पूर्वी हिस्से में नोंगपोक थोंग ब्रिज और गुफा और कांगखुई गुफा में पर्यटन परियोजना शामिल है।

### नगालैंड से अफस्पा ...

प्रदेश इनसर्जेंसी ग्रुपों से त्रस्त था, लेकिन आज पूरी तरह से शांति है। राज्य का विकास हो रहा है। यहां पर आतंकी घटनाओं की कमी आने के बाद से अफस्पा को हटाना शुरू कर दिया है। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज जिन पांच परियोजनाओं का उद्घाटन किया गया है, ये नगालैंड के विकास में मील के पत्थर साबित होंगे। यहां पर की जैव विविधता के चलते पर्यटन की भारी संभावनाएं हैं। यहां पर महिलाओं को जो सम्मान मिलता है, वह सराहनीय है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार लगातार पूर्वोत्तर पर ध्यान दे रहा है। प्रधानमंत्री के निर्देशानुसार हर 15 दिन में कोई न कोई केंद्रीय मंत्री यहां का दौरा करता है। यही नहीं, प्रधानमंत्री मोदी खुद साढ़े आठ साल में पूर्वोत्तर का रिकॉर्ड 51 से अधिक बार दौरा कर चुके हैं। इस दौरान उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा राज्य सरकार को दी जा रही योजनाओं और विकास के बारे में भी चर्चा की। गृहमंत्री ने कहा कि इसी वर्ष नगालैंड में चुनाव होने हैं। यहां भाजपा की गठबंधन की सरकार है। उन्होंने कहा कि भाजपा को पूर्ण विश्वास है कि यहां पर फिर से गठबंधन की सरकार पूर्ण बहुमत से सरकार बनाएगी।

### त्रिपुरा की मतदाता...

थीं। अब यह बढ़कर 989 हो गई है। उन्होंने कहा कि तृतीय लिंग के मतदाताओं की संख्या पहले 46 थी, अब बढ़कर 77 हो गई है। त्रिपुरा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने दावा किया कि 3328 मतदान केंद्रों में मतदाताओं के लिए सभी इंतजाम किए गए हैं। पेयजल, रैंप, व्हील चेयर समेत सभी जरूरी इंतजाम पहले से ही कर लिए गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि त्रिपुरा में केंद्रीय अर्धसैनिक बलों को तैनात किया गया है। पूरे त्रिपुरा में 95 नाका प्वाइंट बनाए गए हैं। इसके अलावा, मतदाताओं के आत्मविश्वास को बढ़ाने के लिए सभी उपाय किए जा रहे हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि आयोग द्वारा निष्पक्ष व स्वतंत्र चुनाव के लिए सभी प्रबंध किए जा रहे हैं।

### दिल्ली में मेयर चुनाव....

आप ने विरोध और नारेबाजी शुरू कर दी। आम आदमी पार्टी का कहना है कि मनोनीत सदस्यों की शपथ पहले नहीं होती है, लेकिन भाजपा परंपरा बदल रही है। भाजपा सांसद मीनाक्षी लेखी ने कहा कि आप नेताओं को नियमों की जानकारी नहीं है। इसलिए वह हंगामा कर रहे हैं। जब वे बहुमत में हैं, तो डरते क्यों हैं? यही काम आप सांसद राज्यसभा में भी करते हैं। उधर, कांग्रेस ने मेयर चुनाव में शामिल नहीं होने का फैसला किया। आप विधायक आतिशी ने चुनाव न लड़ने के फैसले के बाद कांग्रेस पर भाजपा को फायदा पहुंचाने का आरोप लगाया है। मेयर के चुनाव में 273 मेंबर्स वोट डालेंगे। बहुमत के लिए 133 का आंकड़ा चाहिए। आप के पास 150 तो भाजपा के पास 113 वोट हैं। दिल्ली के एलजी वीके सक्सेना के ऑफिस की तरफ से एक बयान आया। इसमें कहा गया कि दिल्ली म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन 1957 एक्ट के तहत 10 लोगों को मनोनीत किया गया है। इस एक्ट में कहा गया है कि जिन लोगों को म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन का अनुभव या ज्ञान हो, उन्हें एलजी नॉमिनेट कर सकते हैं। इनकी उम्र 25 साल से ज्यादा होनी चाहिए। ये सदस्य मेयर या डिप्टी मेयर के चुनाव में वोट नहीं डाल सकते। एमसीडी में शुक्रवार को हंगामे के बाद भाजपा और आम आदमी पार्टी आमने-सामने हैं और एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप कर रहे हैं। इसी बीच दिल्ली भाजपा के नेता एमसीडी में हंगामे को लेकर धरना देंगे। इससे पहले भाजपा ने आप पर निशाना साधते हुए कहा कि एमसीडी के मेयर के चुनाव के लिए आयोजित बैठक में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पार्षदों के साथ दिल्ली में सत्तारूढ आप के कार्यकर्ताओं ने हमला किया। भाजपा सांसद मीनाक्षी लेखी ने कहा कि एमसीडी की बैठक में निर्वाचित और मनोनीत सभी सदस्यों को व्यवस्थित तरीके से शामिल होने का अधिकार है। उन्होंने कहा कि यह अच्छा हुआ कि उप-राज्यपाल द्वारा मनोनीत सदस्यों को चेयरपर्सन ने मेयर के चुनाव के लिए बैठक शुरू होने से पहले शपथ दिला दी थी। उन्होंने कहा कि एमसीडी में सदस्यों को मनोनीत करने का अधिकार उप-राज्यपाल को है और उन्होंने अपने कानूनी अधिकार के तहत निर्धारित संख्या में सदस्यों का मनोनयन किया और बैठक के संचालन के लिए चेयरपर्सन की नियुक्त कर दी थी।

### मेघालय विस चुनाव...

खलिरिएट (अनुसूचित जनजाति) सुनिदा बारेह, अमलारेम (अनुसूचित जनजाति) से अल्बान के. गशंगा, मावहाटी (अनुसूचित जनजाति) से डॉ. सारालिन दोरफांग, जिरांग (अनुसूचित जाति) से सनमून ड मारक, उम्सनिंग से गिल्बर्ट नोंगरम, उमरोई (अनुसूचित जनजाति) से जॉर्ज बी. लिंगदोह (विधायक), मॉरींगकेनेंग (अनुसूचित जनजाति) से बंशालांग लवई, पिंथोरमखराह (सामान्य) से सम्बोरलांग दियंगदोह और नॉर्थ शिलांग (अनुसूचित जनजाति) से एल्गिवा ग्विनेथ रिनजाह को उम्मीदवार बनाया गया है।

### बेंगलुरु : महिला भगवान...

के बाहर ले जाकर वह उसे फिर पीटता है। इसके बावजूद वह उठकर मंदिर के अंदर जाने की कोशिश करता है तो गेट के पास खड़ा पुजारी उसे रोक देता है। तभी वह व्यक्ति डंडा लेकर आता है और उसे महिला को खदेड़कर भगा देता है। मंदिर में महिला से मारपीट की घटना 21 दिसंबर की है। जिसका वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस एक्टिव हुई है। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि पीड़ित हेमवती ने अमृतहल्ली पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें कहा गया था कि अमृतहल्ली इलाके में लक्ष्मी नरसिम्हा स्वामी मंदिर के धर्मदर्शी मुनिकृष्णा ने उनके साथ मारपीट की। पुलिस ने मुनिकृष्णा के खिलाफ आईपीसी की धारा 354 के तहत मामला कर लिया है। मंदिर के पुजारी मुनिकृष्णा ने पुलिस को बताया कि महिला ने दावा किया कि भगवान वेंकटेश्वर उसके पति थे और वह गर्भगृह में मूर्ति के बगल में बैठना चाहती थी। जब उसकी जिद नहीं मानी गई तो उसने पुजारी पर थूका दिया, जिसके बाद उसे जाने के लिए कहा गया। महिला के नहीं मानने पर उसे पीटा गया और घसीटकर बाहर ले गया।

### केरल : माकपा नेता ...

उल्लेख किया गया है कि भुट्टो पाकिस्तान की पहली महिला प्रधानमंत्री थीं, जिन्हें कैंब्रिज विश्वविद्यालय से एक सहित नौ मानद डॉक्टरेट से सम्मानित किया गया था। राज्य भाजपा अध्यक्ष के सुरेंद्रन ने कहा कि सामान्य तर्क है- भारत को छुरा और आतंकवादियों से वोट। राज्य भाजपा प्रवक्ता संदीप वाचस्पति ने कहा कि यह सीपीआई (एम) द्वारा एक राष्ट्र विरोधी कार्य है। भुट्टो को पोस्टर में प्रमुखता से दिखाया गया है। मैं उनसे यह नहीं पूछ रहा हूं कि भुट्टो उनके लिए कौन है? वे लंबे समय से इस तरह की हरकतें कर रहे हैं। सुरेंद्रन ने कहा कि वे ऐसे व्यक्ति को पसंद कर रहे हैं, जो हमेशा हमारे देश को बर्बाद करने की कोशिश करती रही है। वाचस्पति ने कहा कि ऐसे लोग (सीपीआईएम) हमारे देश के दुश्मन हैं, हमें यह महसूस करना चाहिए।

### जम्मू-कश्मीर : आजाद...

आए हैं, जो दो हफ्ते के बाद जम्मू-कश्मीर में प्रवेश करेगी। उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा देश में एक बड़ा आंदोलन बन गई है, इसीलिए इन सभी नेताओं ने कांग्रेस में वापस आने का फैसला किया है। कांग्रेस नेता ने कहा कि यह केवल शुरुआत है और जब यात्रा जम्मू-कश्मीर में प्रवेश कर रही है, तो कांग्रेस की विचारधारा वाले और अखंड भारत चाहने वाले सभी लोग पार्टी में शामिल होंगे। मुझे लगता है कि वे दो महीने की छुट्टी पर गए थे। यह पूछे जाने पर कि क्या डीएपी प्रमुख गुलाम नबी आजाद के साथ कांग्रेस में लौटने के लिए कोई बातचीत चल रही है, इस पर वेणुगोपाल ने कहा कि उन्होंने खुद ऐसी किसी भी बातचीत से इनकार किया है। पार्टी नेता जयराम रमेश ने कहा कि कुल 19 नेताओं को शुक्रवार को कांग्रेस जॉइन करना था, लेकिन 17 नेता ही दिल्ली आकर जॉइन कर पाए। यह पहला चरण है और अन्य भी जल्द ही जॉइन करेंगे। इन नेताओं के कांग्रेस छोड़ने की वजह पूछे जाने पर तारा चंद ने कहा कि हम भावनाओं और दोस्ती में बह गए थे और जल्दबाजी में पार्टी छोड़ दी। यह पूछे जाने पर कि वे फिर से कांग्रेस में क्यों शामिल हुए, उन्होंने कहा कि मुझ जैसे गरीब आदमी को कांग्रेस पार्टी ने टिकट दिया, विधायक बनाया, सीएलपी लीडर बनाया। हम कांग्रेस पार्टी में वापस आए हैं। वहीं, पीरजादा ने कहा कि मैं 50 साल कांग्रेस में रहा हूं, विभिन्न पदों पर काम किया, 4 बार मंत्री रहा हूं। मुझसे भूल हुई थी, मैं जज्बात में आ गया था और तकरीबन दो महीने मुझे नींद नहीं आई थी। यह पूछे जाने पर कि क्या आजाद को यात्रा के लिए आमंत्रित किया गया है। इस पर वेणुगोपाल ने कहा कि जो लोग कांग्रेस की विचारधारा में विश्वास करते हैं, उनका भारत जोड़ो यात्रा में स्वागत है। हमने समान विचारधारा वाले सभी दलों को यात्रा में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है। फारूक अब्दुल्ला, उमर अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती यात्रा में शामिल होंगे और श्रीनगर में राहुल गांधी के साथ चलेंगे।

### 15 हजार रेल कोचों ...

लेकर टारगेट वाले व्यक्ति की पहचान करने में सक्षम होंगे। यह एडवांस कैमरे की मदद से कम रोशनी में भी चेहरों की पहचान कर सकेंगे। रेल मंत्रालय की तरफ से पिछले वर्ष संसद को जानकारी दी गई थी कि देश में करीब 2,930 रेल कोच में सीसीटीवी लगाए गए हैं। रेलवे इन सीसीटीवी के जरिए रेलवे कोच के दरवाजे, वेस्टिब्यूल क्षेत्र और गलियारे को कवर करेगा। ताकि हर प्रकार के मूवमेंट पर नजर रखी जा सके। किसी भी प्रकार अप्रिय घटना को रोका जा सके। हालांकि रेलवे यह जरूर सुनिश्चित करेगा कि यात्रा के दौरान किसी भी यात्री की गोपनीयता बनी रहे। ट्रेनों में सीसीटीवी कैमरे लगने से चोरी और लूट के मामलों पर जहां निगरानी रखी जा सकेगी, वहीं यात्रियों की सुरक्षा भी मजबूत होगी। चोरी और तमाम प्रकार की घटनाओं के बाद समय समय पर ट्रेनों में सीसीटीवी कैमरे लगवाने की मांग होती रही है। दरअसल, रेलवे ने वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों में सीसीटीवी कैमरे लगाए हैं। ट्रेनों से मवेशी टकराने और पत्थर फेंकने की घटनाओं में ये सीसीटीवी रेलवे के लिए बड़े मददगार साबित हो रहे हैं। हाल ही में नई लॉन्च हावड़ा-न्यू जलपाईगुड़ी वंदे भारत एक्सप्रेस पर पथराव की घटना सामने आई थी। ट्रेन में लगे सीसीटीवी कैमरों के मदद से रेलवे ने उपद्रवियों की पहचान कर ली। वहीं पत्थर फेंकने वाले युवकों को हिरासत में भी लिया है।

### सीसीए कार्यालय ...

के विनोद कुमार ने बताया कि इस साइबर हमले में कोई महत्वपूर्ण डेटा चोरी नहीं हुआ क्योंकि उनका सर्वर सुरक्षित पाया गया। आगे विनोद कुमार ने कहा कि कंप्यूटर सिस्टम में उपलब्ध बुनियादी जानकारी प्रभावित हुई है, लेकिन हमारा मुख्य सर्वर बरकरार है। हमने इस पर अपने मुख्यालय को अलर्ट कर दिया है और साइबर क्राइम पुलिस में शिकायत भी दर्ज कराई है। सिटी साइबर क्राइम इंस्पेक्टर श्रीनिवास राव ने कहा कि उन्होंने मामले की जांच शुरू कर दी है, लेकिन अभी तक हैकिंग के स्रोत की पहचान नहीं की है। साइबर क्राइम इंस्पेक्टर ने कहा कि हैकिंग स्पष्ट रूप से फिरौती के लिए की गई क्योंकि हैकर्स ने सिस्टम पर एक झंडा पोस्ट किया था। लेकिन अब तक, उस पर आगे कोई संचार नहीं हुआ है। आईटी कर्मचारी तुरंत हरकत में आ गए और आगे उल्लंघनों को रोकने के लिए सुधारात्मक उपाय शुरू कर दिए।

### जोशीमठ : अस्थायी पुनर्वास...

ही, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री के अनुसार, खतरे के क्षेत्र में तत्काल निकासी की जानी चाहिए। उत्तराखंड के जोशीमठ में संकट और हिल स्टेशन के निवासियों में दहशत के बीच मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने निकासी के लिए अस्थायी पुनर्वास केंद्र स्थापित करने का आदेश दिया है। शहर के निवासी बढ़ते भूस्खलन, और जोशीमठ के कंक्रीट, सड़कों और बुनियादी ढांचे में गहरी और आवर्ती दरारों को देखते हुए क्षेत्र को खाली कर रहे हैं। सीएम पुष्कर धामी ने निर्देश दिया कि जल्द से जल्द सुरक्षित क्षेत्रों में अस्थायी आवास स्थापित किए जाएं। उन्होंने अधिकारियों से निकासी क्षेत्र और जोनल-वार योजना बनाने को भी कहा है। साथ ही, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री के अनुसार, खतरे के क्षेत्र में तत्काल निकासी की जानी चाहिए। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चमोली जिले के जोशीमठ में भूस्खलन और मकानों में दरार के संबंध में राज्य सचिवालय में शीर्ष अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक की। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि अभी प्रभावित परिवारों और प्रभाव क्षेत्र में आने वाले मकानों में रहने वाले लोगों को सबसे पहले सुरक्षित किया जाएगा। राहत बचाव का कार्य पूरी निगरानी में किया जा रहा है। दीर्घकाली और तत्काली स्थिति में लोगों के लिए अच्छा काम कैसे करें इस पर बात हुई है।

## स्वर्वेद भाष्य




**चतुर्थ मंडल** **षष्ठ अध्याय**

**(वैराग्य)**

**राज काज सुख साज सब, धन व धाम जग नाम।**
**यह क्षण में छुटि जाँयगें, नहिं आवे तोहिं काम॥ 49॥**

**शब्दार्थ :** (क्षण) पल।

**भाष्य :** राज-काज एवं समस्त सुख-संपत्ति, धन, धाम और जग का नाम एवं प्रतिष्ठा एक क्षण में छूट जाएगी। इससे अपना कोई काम न हो सकेगा इसलिए समस्त जग-ममत्व को छोड़कर महाप्रभु का भजन करें।

**झूठा तन अभिमान है, घट कच्चा परमान।**
**जल ज्यों ऊठत बुदबुदा, क्षणहीं माहिं समान॥ 50॥**

**शब्दार्थ :** (झूठा) असत्य (तन) शरीर (घट) घड़ा।

**भाष्य :** शरीर का अभिमान झूठा है एवं कच्चे घड़े के समान है। जल का बुदबुदा जिस प्रकार उठकर क्षणभर में उसी जल में समा जाता है, उसी प्रकार स्थूल, क्षणभंगुर शरीर क्षणभर में छूट जाएगा और आत्मा इसको छोड़कर कर्मानुसार दूसरी अवस्था को प्राप्त करेगी।

# गणतंत्र दिवस को लेकर बैठक



**रंगिया ( निसं )।** आगामी गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा के लिए आज रंगिया के महकमाधिपति कार्यालय के सभागार में रंगिया के महकमाधिपति तथा कामरूप जिला के अतिरिक्त उपायुक्त जावीर राहुल जावीर सुरेश की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में पुलिस प्रशासन, सैन्य बलों के अधिकारियों, प्रशासनिक अधिकारियों, महकमा के अंतर्गत विभिन्न विभागों के प्रमुखों, रंगिया पौरसभा, स्वेछासेवी संस्था साधना के पदाधिकारियों सहित कई गणमान्य लोगों ने भाग लिया। इस मौके पर महकमाधिपति जावीर राहुल सुरेश द्वारा सभी उपस्थित लोगों से विचार विमर्श कर समारोह के विभिन्न कार्यक्रमो की रूप रेखातैयार की गई। महकमाधिपति ने संबंधित विभागों को विभिन्न कार्य वितरित करने के अलावा सुरक्षा व्यवस्था सहित समारोह स्थल पर पर्याप्त व्यवस्था के निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागों से आग्रह किया कि गणतंत्र दिवस के पूर्व प्रशासन अपने-अपने कर्तव्यों का पालन सुनिश्चित करें।

## रिश्वत लेते कांस्टेबल रंगे हाथों गिरफ्तार

**गुवाहाटी ( हि.स. )।** सतर्कता और भ्रष्टाचार निरोधक निदेशालय ने शुक्रवार को एक शिकायत के आधार पर धेमाजी जिले के गोगामुख थानांतर्गत बोरदोलोनी पुलिस चौकी के पुलिस कांस्टेबल (यूबी) नीरन धर पावे को रंगे हाथों रिश्वत लेते गिरफ्तार कर किया है। बताया गया कि शिकायतकर्ता के दामाद के विरुद्ध बोरदोलोनी पुलिस चौकी में चल रहे एक आपराधिक मामले में राहत देने के लिए 10 हजार रुपये की रिश्वत मांगी थी। इस पर शिकायतकर्ता ने सतर्कता और भ्रष्टाचार निरोधक निदेशालय में शिकायत की थी। इस पर शुक्रवार को सतर्कता और भ्रष्टाचार निरोधक निदेशालय असम की एक टीम ने बोरदोलोनी पुलिस चौकी परिसर में एक जाल बिछा कर कांस्टेबल (यूबी) निरन धर पावे को पांच हजार रुपये लेते रंगे हाथ पकड़ लिया। इस मामले में एसीबी थाने में एक प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

# ट्रैक पर कार्य के चलते कई ट्रेनें रद्द, न्यू तिनसुकिया और तांबरम के बीच चलेगी स्पेशल ट्रेन

गुवाहाटी, 6 जनवरी (हि.स.)। पूर्वोत्तर सीमा रेल (पूसीरे) के अंतर्गत कटिहार मंडल के न्यू जलपाईगुड़ी स्टेशन पर नॉन इंटरलॉकिंग कार्यों को देखते हुए। जनवरी को चलने वाली पांच जोड़ी ट्रेनें रद्द रहेंगी। इसके अलावा उत्तर रेलवे के अम्बाला छावनी-लुधियाना जंक्शन खंड के शम्भूङ्क राजपुरा जंक्शन और पूर्व मध्य रेलवे के सोनपुर मंडल के दिनकर ग्राम सिमरिया स्टेशन पर अधोसंरचनात्मक विकास कार्यों के कारण कुछ ट्रेनें मौजूदा मार्ग के बजाय परिवर्तित मार्ग से चलेंगी। पूसीरे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सब्यसाची डे ने शुक्रवार को एक बयान में बताया है कि मकर संक्रांति त्योहार के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को नियंत्रित करने के लिए न्यू तिनसुकिया और ताम्बरम के बीच दोनों दिशाओं से एक ट्रिप के लिए एक विशेष ट्रेन संचालित करने का निर्णय लिया गया है। यह विशेष रूप से देश के दक्षिणी हिस्सों से आनेङ्क जाने वाले यात्रियों को सहूलियत प्रदान करेगा और दक्षिण की ओर जाने वाली अन्य ट्रेनों के प्रतीक्षा सूची वाले यात्रीगण इससे लाभान्वित होंगे। उन्होंने बताया कि। जनवरी को चलने वाली ट्रेन संख्या 15710/15709 (न्यू जलपाईगुड़ीङ्क मालदा टाउनङ्क न्यू जलपाईगुड़ी) एक्सप्रेस, ट्रेन संख्या 15703/15704 (न्यू जलपाईगुड़ीङ्क बंगाईगांवङ्क न्यू जलपाईगुड़ी) एक्सप्रेस, ट्रेन संख्या 15777/15778 (न्यू जलपाईगुड़ीङ्क अलीपुरद्वार जंक्शन- न्यू जलपाईगुड़ी) टूरिस्ट एक्सप्रेस, 05749/05750 (न्यू जलपाईगुड़ी- हल्दीबाड़ीङ्क न्यू जलपाईगुड़ी) पैसेंजर, 05751/05752 न्यू जलपाईगुड़ी- हल्दीबाड़ीङ्क न्यू जलपाईगुड़ी) पैसेंजर रद्द रहेगी। रेलवे के अनुसार। जनवरी को चलने वाली ट्रेन संख्या 1566। (गांधीधाम- कामाख्या) एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग वाया दानापुर, पाटलिपुत्र, हाजीपुर, शाहपुर पटोरी, बरौनी, कटिहार होकर चलेगी। 9 जनवरी को चलने वाली ट्रेन संख्या 13281 (डिब्रूगढ़- राजेंद्र नगर टर्मिनल) एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग वाया खगड़िया, सबदलपुर, मुंगेर, किऊल, मोकामा होकर चलेगी। ट्रेन संख्या 06073 (ताम्बरमङ्क न्यू तिनसुकिया) सुपरफास्ट स्पेशल 8 जनवरी को ताम्बरम से 10.45 बजे प्रस्थान करेगी और 10 जनवरी को न्यू तिनसुकिया 19.35 बजे पहुंचेगी। वापसी दिशा में, ट्रेन संख्या 06074 (न्यू तिनसुकिया- ताम्बरम) सुपरफास्ट स्पेशल 11 जनवरी को न्यू तिनसुकिया से 20.20 बजे प्रस्थान करेगी और 14 जनवरी को ताम्बरम 05.45 बजे पहुंचेगी। इस स्पेशल ट्रेन में 23 कोच होंगे। इसमें दो एसी थ्री टीयर, 13 स्लीपर क्लास, छह जनरल सिटिंग कोच और दो गार्ड कम लगेज वैन शामिल है। इस रूट पर अन्य ट्रेनों के प्रतीक्षा सूची वाले यात्री इस अवसर का लाभ उठा सकते हैं।

## ट्रेन में मदद मिलने पर घायल यात्री ने की रेलवे की सराहना

**गुवाहाटी ( हि.स. )।** पूर्वोत्तर सीमा रेल (पूसीरे) के कामाख्या की ओर जाने वाली ट्रेन में यात्रा करने वाले एक यात्री ने रेल मंत्री के कार्यालय से त्वरित पहल की प्रशंसा की। यात्री ने ट्विटर के माध्यम से रेलवे से तत्काल चिकित्सा सहायता की आवश्यकता की मांग की, जिस पर उसे अगले स्टेशन पर सहायता मिली। पूसीरे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सब्यसाची डे ने शुक्रवार को एक बयान में बताया है कि ट्रेन संख्या 13248 (राजेंद्र नगर टर्मिनल- कामाख्या) कैपिटल एक्सप्रेस में यात्रा कर रहे आदित्य चौधरी नामक यात्री को हाथ में कुछ चोट के कारण रूई की तत्काल आवश्यकता थी। यात्री ने अपनी चोट से उबरने के लिए शीघ्र सहायता प्रदान करने के लिए ट्वीट किया। इस ट्वीट पर संज्ञान लेते हुए रेल मंत्री के कार्यालय ने घायल यात्री को अगले निकटतम स्टेशन अलीपुरद्वार जंक्शन पर चिकित्सा सहायता की व्यवस्था उपलब्ध कराई। समय पर चिकित्सा मिलने पर उक्त घायल यात्री ने रेलवे के प्रयासों की प्रशंसा की।

# हथियार के साथ दो कुख्यात लुटेरे गिरफ्तार

**रंगिया ( निसं )।** रंगिया में हथियारों और गोला-बारूद से लैस दो कुख्यात लूटेरों को गिरफ्तार किया गया है। सूत्रों से मिली गुप्त सूचना के आधार पर करवाई करते हुए रंगिया थाना प्रभारी भास्कर मल्ल पटवारी के नेतृत्व में कामरूप पुलिस और सीआरपीएफ की एक टीम द्वारा रंगिया में एक संयुक्त तलाशी अभियान चलाया। तथा लूटेरों के कब्जे से आठ राउंड गोलियां, एक 7.65 एमएम पिस्तौल, दो चाकू, दो मोबाईल हैंडसेट और एक पल्सर मोटरसाइकिल बरामद की गई है। उक्त हैंडसेट कथित तौर पर गिरफ्तार किए गए लोगों द्वारा एक-दूसरे के संपर्क में रहने के लिए इस्तेमाल किए जाते थे। पूछताछ के बाद, लूटेरों ने कबूल किया कि उन्हें एक तीसरे व्यक्ति द्वारा बुलाया गया था, जिसकी पहचान कामरूप



जिले के सोनतली इलाके के अनवर हुसैन के रूप में हुई है, तीनों सोनतली इलाके में एक सीएसपी एजेंट को लूटने की योजना बना रहे थे। रंगिया थाना प्रभारी भास्कर मल्ल पटवारी द्वारा गुरुवार की रात (5 जनवरी) को की गई छापेमारी में दो युवकों को गिरफ्तार किया गया। लूटेरों की पहचान हारिजोवा बाक्सा जिले के फजल अली और बबली हुसैन के रूप में हुई है। रंगिया पुलिस मामले की छानबीन में लग गई है।

## नगरबेड़ा में भारी मात्रा में तस्करी की लकड़ी जब्त

**नगरबेड़ा ( निसं )।** कामरूप में नगरबेड़ा आरक्षित वन कार्यालय के अंतर्गत जामबाड़ी में बीती रात छापेमारी के दौरान भारी मात्रा में तस्करी की लकड़ी वाहन समेत जब्त किया गया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार लंबे समय से अवैध तस्करी की जा रही है। गुप्त सूचना के आधार पर वन विभाग की टीम ने जामबाड़ी में छापा मारा और तस्करी की लकड़ी समेत एक बोलेरो को पकड़ने में कामयाब रही। वन विभाग ने बताया कि जब्त लकड़ी का अनुमानित बाजार मूल्य करीब एक लाख रुपये है। जब्त लकड़ी से लदे वाहन को बाद में नगरबेड़ा में नदी आरक्षित वन कार्यालय ले जाया गया।

# पारीक महिला परिषद ने भोजन व गद्दे किए वितरित



**गुवाहाटी।** पारीक महिला परिषद ने दिव्यांग बच्चो एव निशक्तजनो के लिए बनाए गए डेस्टिनेशन आश्रम मे भोजन एव गद्दो का वितरण किया।पारीक महिला परिषद की अध्यक्ष विनिता पारीक ने बताया की परिषद की सदस्याओ की उपस्थिती मे आश्रम को दिया गया सहयोग एव आश्रम के सदस्यो के साथ बिताया गया समय एक सुखद अनुभव रहा।आश्रम की प्रबंधक रूपा हजारिका ने जरूरी सामान उपलब्ध करवाने के लिए पारीक महिला परिषद के प्रति आभार व्यक्त किया।परीषद की सचिव निशा पारीक ने बताया की आज के कार्यक्रम को सफल बनाने मे निर्मला पारीक, नमिता पारीक, गोपी पारीक, कोशल्या व्यास, पूनम पारीक, टिना पारीक, दिपिका जोशी, सरोज जोशी, नेहा जोशी, पुजा जोशी, कमला पारीक, प्रीति पारीक, जया पारीक, विनिता पारीक, इंदु पारीक, संध्या पारीक भगवती पारीक, वंदना पारीक, आरती पारीक का विशेष सहयोग रहा।

# रंगिया की विभिन्न पंचायतों में विधायक भवेश कलिता उपस्थित





**रंगिया ( निसं )।** रंगिया विधानसभा क्षेत्र की प्रत्येक पंचायत में विकास की गति को और अधिक तेज करने के उद्देश्य से एक सप्ताह का कार्यक्रम शुरू कर विधायक पंचायत का दरबार नामक कार्यक्रम के अंतिम दिन सेप्टी नकुल गांव पंचायत और आरिमत्तो गांव पंचायत के अंतर्गत विभिन्न अंचलों में आयोजित सरकार की उन्नयन मुलक योजना और क्षेत्र का उन्नयन मुलक काम-काज जनता को अवगत करने के लिए रंगिया के विधायक तथा प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भवेश कलिता कुल चार जागरुकता बैठक में उपस्थित हुए। इस मौके पर उन्होंने जनता की विभिन्न समस्याओं के बारे मे प्रत्यक्ष रूप से जानकारी लेते हुए इनके समाधान का आश्वासन दिया। इसके अलावा उन्होंने राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं क्रमश: मिशन बसुंधरा, अरुणोदई योजना, अरुंधति योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना राशन कार्ड जैसी विभिन्न योजनाओं के विषय में जनता को अवगत कराया तथा इससे कैसे लाभ मिल सकता है इसके बारे में उन्होंने जनता को बड़े ही सरल रूप से अवगत कराया। साथ ही इस मौके पर कोई भी वास्तविक हितग्राही इन महत्वपूर्ण योजनाओं से वंचित न रहे इसके लिए इस जागरूकता बैठक के द्वारा वास्तविक हितग्राहियों के नाम शामिल कर तथा वास्तविक हितग्राहियों की समुचित पहचान कर सूची तैयार की जाने की बात उन्होंने कही। उन्होंने सेप्टी-नकुल गांव पंचायत और आरिमतो गांव पंचायत के लोगों को आश्वासन दिया कि आने वाले दिनों में क्षेत्र को विकास की ओर ले जाने के उद्देश्य से अधूरे विकास कार्यों को जनवरी में शुरू किया जाएगा। कार्यक्रम के अंतिम दिन विधायक के पंचायत दरबार में लोगों का काफी उत्साह, प्रतिक्रिया व उपस्थिति रही।

## कोकराझाड़ में ईएम और एमसीएलए आवास भवनों का भूमि पूजन

**कोकराझाड़ ( हि.स. )।** बोडोलैंड टेरिटोरियल रिजन (बीटीआर) के कार्यकारी पार्षद (ईएम) और परिषद सदस्य (एमसीएलए) की सुविधा के लिए बनाए जाने वाले दो बिलडींग के लिए शुक्रवार को कोकराझाड़ शहर के पास ह्नागुरी में भूमि पूजन किया गया। बीटीसी के मुख्य कार्यकारी पार्षद प्रमोद बोडो ने बिलडिंग का भूमि पूजन करते हुए कहा कि बीटीसी के ईएम और एमसीएलए के आवास भवन का निर्माण का भूमि पूजा आज किया गया है जो आने वाले दो वर्षों में बनकर तैयार हो जाएगा। साथ ही कहा कि ह्नागुरी के ग्रेटर बाओखंगुरी क्षेत्र को पर्यटक के नजरिए से आकर्षक बनाया जाएगा और ह्नागुरी में एक कोकराझाड़ विश्वविद्यालय स्थापित किया जाएगा। ज्ञात हो कि कोकराझाड़ के ह्नागुड़ी में 52 करोड़ 30 लाख 65 हजार 800 रुपये की लागत से कार्यकारी पार्षद आवास और 4। करोड़ 65 लाख 4 हजार रुपये की लागत से परिषद सदस्य के आवास का निर्माण किया जाएगा।

# होजाई गर्ल्स कॉलेज में सात दिवसीय अनुवाद कार्यशाला का शुभारंभ





**होजाई ( होसं )।** होजाई गर्ल्स कॉलेज और शब्द भारती केंद्र तथा आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ, होजाई गर्ल्स कॉलेज के सहयोग से सात दिवसीय अनुवाद कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। यह कार्यशाला 5 जनवरी 2023 से 11 जनवरी 2023 तक चलेगी (36घण्टा)। वृहस्पतिबार को उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता होजाई गर्ल्स कॉलेज के अध्यक्ष दीपक कुमार हजारिका ने किया। सत्र का संचालन हिंदी विभाग के अध्यापक तथा एक वर्षीय वाकसेतु स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के मुख्य समन्वयक डॉ. राजेन सिंह चौहान ने किया। सभा का उद्देश्य व्याख्या हिंदी विभाग के अध्यापक शंकर कुमार वर्मा ने किया। बीज वक्ता के रूप में काशीनाथ चौहान ने अनुवाद की उपयोगिता पर व्यापक स्तर पर चर्चा किया। बांग्ला विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. पीयूष नंदी ने इस तरह की कार्यशाला करने के कारण हिंदी विभाग को धन्यवाद ज्ञापन किया। आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के समन्वयक डॉ. हादीउर रहमान अपने भाषण में विद्यार्थियों को अनुवाद कार्यशाला में बढ़-चढ़ भाग लेने के कारण उन्हें प्रोत्साहित किया। विशिष्ट वक्ता के रूप में डॉ. नागेश्वर यादव महोदय ने अनुवाद को रोजगार का मुख्य साधन के रूप में अपना मत दिया। इस उद्घाटन सत्र के मुख्य वक्ता चंद्रलेखा शर्मा महोदया ने अनुवाद को रोजगार के व्यापक क्षेत्र के रुप व्याख्यायित किया और अनुवाद में होने वाली कठिनाइयों का जिक्र किया। अध्यक्ष दीपक कुमार हजारिका महोदय ने रसीली भाषणों से सत्र समापन की घोषणा की।

# एनईपीएल का दूसरा दिन क्लाउड 7 व बालाजी रायल्स विजयी

**गुवाहाटी।** मारवाड़ी युवा मंच गुवाहाटी शाखा का एनईपीएल सीजन-6 के दूसरे दिन खेले गए पहले मैच में क्लाउड 7 ने डीआरएम को हराकर विजयी रही। पहले बल्लेबाजी करते हुए क्लाउड 7 ने 7 विकेट के नुकसान पर 182 रन बनाया। 183 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी डीआरएम लिजेंड्स ने 177 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। मैन ऑफ द मैच का खिताब अंकित बाफना ने अपने नाम किया। वहीं दूसरे मैच में बालाजी रॉयल्स ने नामेरी टाइगर्स को हराकर जीत दर्ज की। पहले बल्लेबाजी करने उतरी नामेरी टाइगर्स ने 8 विकेट के नुकसान पर 156 रन बनाए। वहीं बालाजी रॉयल्स ने 6 विकेट के नुकसान पर 160 रन बनाकर जीत दर्ज की। मैन ऑफ द मैच रहे मनीष दाधीच। वहीं कल कुल चार मैच खेले गए जिसमें पहला मैच शाही वरियर्स एवं ब्लैक टाइगर्स के बीच खेला गया। शाही वरियर्स ने 6 विकेट के नुकसान पर 126 रन बनाए। जवाब में ब्लैक टाइगर्स ने बिना किसी नुकसान के 127 रन बनाकर 10 विकेट से विजयी रही। मैन ऑफ द मैच अर्पित भाटेवाड़ा को चुना गया। वहीं दूसरा मैच मेवरिक्स एवं क्लाउड 7 के बीच खेला गया, जिसमें मेवरिक्स ने चार विकेट के नुकसान पर 175 रन बनाए। वहीं क्लाउड 7 की टीम ने निर्धारित ओवरों में पांच विकेट के नुकसान पर मात्र 169 रन ही बना सकी। इस तरह मेवरिक्स ने जीत हासिल की। मैन ऑफ द मैच रहे सौरव बिनानी। तीसरा मुकाबला ब्लेजिंग बुल्स एवं डीआरएम लिजेंडस के बीच हुआ, जिसमें ब्लेजिंग बुल्स ने पांच विकेट के नुकसान पर 165 रन बनाए वहीं डीआरएम लिजेंड्स ने निर्धारित ओवरों में पांच विकेट गंवाकर 151 रन ही बना सकी। ब्लेजिंग बुल्स को विजेता घोषित किया गया। इस मैच के मैच ऑफ द मैन रहे विकास नाहटा। चौथा मैच फेलकन एवं नामेरी टाइगर्स के बीच खेला गया। इस मैच में फेलकन ने निर्धारित ओवरों में 88 रन बनाए जवाब में नामेरी टाइगर्स की टीम ने महज एक विकेट के नुकसान पर 91 रन बनाकर 9 विकेट से जीत दर्ज की। इस मैच के मैन ऑफ द मैच रहे राहुल बाजोरिया। खेल समाप्ति के पश्चात पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह में विजेता टीमों एवं मैन ऑफ द मैच रहे खिलाडियों को पूर्व शाखाध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल, सुरेश मालू एवं श्याम खेमका के हाथों ट्राफी प्रदान की गई, वहीं बायोफिट जीम की ओर से नकद राशि एवं बायोकॉन सिद्धि इंटरप्राइजेज की ओर से गिफ्ट प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। यह जानकारी शाखा के जनसंपर्क अधिकारी आकाश शर्मा ने प्रेस विज्ञप्ति के जरिए दी है।

## बिमला प्रसाद चालिहा कॉलेज, नगरबेड़ा का स्वर्ण जयंती समापन समारोह का लाइखुटा स्थापित



**नगरबेड़ा ( निसं )।** पश्चिम कामरूप के बोको निर्वाचन क्षेत्र के उच्च शिक्षण संस्थान नगरबेड़ा में बिमला प्रसाद चालिहा कॉलेज का स्वर्ण जयंती समापन समारोह का लाइखुटा स्थापित किया गया। कॉलेज के स्वर्ण जयंती समारोह के प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं समारोह समिति के अध्यक्ष श्यामाचरण ठाकुरिया ने शुक्रवार सुबह 9 बजे मांगलिक कार्यक्रम के साथ कॉलेज के स्वर्ण जयंती समारोह का शुभारंभ किया। उल्लेखनीय है कि कॉलेज का स्वर्ण जयंती समारोह इस वर्ष 23 से 25 जनवरी को आयोजित किया जाएगा। कॉलेज के प्रोफेसर अतवर रहमान कार्यक्रम में प्रबंध समिति के अध्यक्ष श्यामाचरण ठाकुरिया, कॉलेज के प्राचार्य कमल चंद्र पाठक, नगरबेड़ा मौजा समिति के अध्यक्ष उदयशंकर मेधी विशिष्ट अतिथि थे। स्वर्ण जयंती समापन समारोह को सफल बनाने के लिए समाज के सभी वर्गों से, पूर्व छात्राओं का सहयोग और सहायता की अपील की है। आज के इस कार्यक्रम में भारी संख्या में लोगों की उपस्थिति देखी गई।


# कामरूप जिला महिला समिति ने लगाई प्रदर्शनी



**गुवाहाटी ( विभास )।** असम प्रादेशिक महिला समिति प्रांगण में कामरूप जिला महिला समिति की ओर से हस्त निर्मित वस्तुओं की दो दिवसीय बिक्री सह प्रदर्शनी लगाई गई है। प्रदर्शनी का आयोजन नगर के गुवाहाटी क्लब स्थित चंद्रप्रभा सैकियानी समिति के सहयोग से किया गया है। इस प्रदर्शनी में महिलाओं ने दस स्टॉल लगाए हैं। इन स्टॉलों में हाथों से बनाई गई वस्तुएं उपलब्ध हैं, जिनमें मेखेला, चादर, गर्म कपड़े, खाद्य वस्तुओं में नारियल पीठा, तीन पीठा, तील लड्डू, मुड़ी लड्डू आदि शामिल हैं। प्रदर्शनी सात जनवरी तक चलेगी।

# भारतीय सेना सिख सैनिकों के लिए अलग से खरीदेगी 12,730 बैलिस्टिक हेलमेट

**- सिख सैनिकों के लिए 8,911 लार्ज और 3,819 एक्स्ट्रा लार्ज हेलमेट खरीदे जाएंगे**
**- विशेष आकार में होने से सैनिक 'कपड़े के पटके' (पगड़ी) के ऊपर पहन सकेंगे**



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** भारतीय सेना फास्ट ट्रैक प्रक्रिया के माध्यम से आपातकालीन खरीद के तहत सिख सैनिकों के लिए अलग से 12,730 बैलिस्टिक हेलमेट खरीद रही है। सेना ने इसके लिए खरीदें (भारतीय) श्रेणी के तहत रिक्वेस्ट फॉर इन्फॉर्मेशन (आरएफपी) जारी किया है। सिख सैनिकों के लिए बैलिस्टिक हेलमेट दो साइज के खरीदे जाएंगे, जिसमें 8,911 लार्ज और 3,819एक्स्ट्रा लार्ज होंगे। अब तक सिख सैनिक युद्ध में आधुनिक हेडगियर और उपकरणों का उपयोग करने में असमर्थ थे, जो उन्हें चौतरफा सिर की सुरक्षा प्रदान कर सके। स्मार्ट डिजाइन और तकनीकों का उपयोग करके विकसित किये गए विशेष बैलिस्टिक हेलमेट को ड्यूटी के दौरान सिख सैनिकों के लिए डिजाइन किया गया है।

विशेष आकार में होने से सिख सैनिक इसे 'कपड़े के पटके' (पगड़ी) के ऊपर पहन सकेंगे। हेलमेट के खोल में चौतरफा बैलिस्टिक सुरक्षा प्रदान की गई है। यह हेलमेट अतिरिक्त सामग्री के बावजूद लंबे समय तक इस्तेमाल करने के लिए वजन में काफी हल्का है। हेलमेट का विशेष डिजाइन अधिकतम स्थितिजन्य जागरुकता, संचार हेडसेट और सहायक उपकरण के साथ अनुकूलता की अनुमति देता है। यह हेलमेट बिना किसी समझौता सुरक्षा के लिए बोल्ट-फ्री डिजाइन और ट्विस्फिट स्टेबिलिटी हार्नेस है, जो नाइट विजन और अन्य सामान के साथ उपयोग किए जाने पर भी उत्कृष्ट स्थिरता प्रदान करता है। ग्लोबल डिफेंस एंड होमलैंड सिक्योरिटी कंपनी एमकेयू ने बैलिस्टिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए भारतीय सेना में सिख सैनिकों के लिए एक विशेष 'वीर हेलमेट' तैयार किया है। स्मार्ट डिजाइन और तकनीकों का उपयोग करके यह हेलमेट विकसित किए गए हैं। भारतीय सेना के पैराटूपर्स और विशेष बलों के लिए खरीदे गए एयरबोर्न हेलमेट में खराबी मिलने के बाद सरकार ने पिछले साल 22 दिसंबर को 80 हजार बैलिस्टिक हेलमेट खरीदने के लिए मंजूरी दी है। सेना के जवान प्रशिक्षण और संचालन के दौरान फिलहाल फाइबर ग्लास के हेलमेट का इस्तेमाल कर रहे हैं, लेकिन उन्हें ऑपरेशन के दौरान सुरक्षा के लिए बैलिस्टिक हेलमेट दिए जाने की जरूरत है। बैलिस्टिक हेलमेट में प्रशिक्षण और संचालन के दौरान सैनिकों को हाई-स्पीड राइफल की गोलियों से बचाने की क्षमता होगी। हेलमेट तीन आकारों में आते हैं, जो 5 मीटर या उससे अधिक की दूरी से दागी गई गोलियों से सुरक्षा प्रदान करते हैं। इन बैलिस्टिक हेलमेट का तकनीकी जीवन आठ साल होने की उम्मीद है।

# अभिषेक बनर्जी की साली की मुश्किलें बढ़ीं, गिरफ्तारी पर लगी रोक हटी



**कोलकाता, (हि.स.)।** राज्य के बहुचर्चित कोयला तस्करी मामले में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी की साली मेनका गंभीर की मुश्किलें बढ़ गई हैं। शुक्रवार को कलकत्ता हाई कोर्ट ने उनकी गिरफ्तारी पर लगी रोक हटा दी है। न्यायमूर्ति राजशेखर मंथा की एकल पीठ ने इस संबंध में मेनका की गिरफ्तारी पर लगी रोक को हटाते हुए गंभीर की ओर से दाखिल वह याचिका भी खारिज कर दी जिसमें उन्होंने अपने खिलाफ चल रही केंद्रीय एजेंसी की जांच पर रोक लगाने की मांग की थी। इसके साथ ही ईडी एक बार फिर उनसे पूछताछ करने की तैयारी में जुट गई है। दरअसल मवेशी तस्करी और कोयला तस्करी मामले में मेनका से पूछताछ के लिए ईडी ने दिल्ली बुलाया था लेकिन उन्होंने इसके खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी। इसी पर न्यायमूर्ति मौसमी भट्टाचार्य की एकल पीठ ने कहा था कि ईडी मेनका से कोलकाता में पूछताछ करेगी और उन्हें गिरफ्तार नहीं किया जा सकेगा। उन्होंने इसकी समय सीमा निर्धारित की थी जो खत्म हो गई, जिसके बाद गुरुवार को ईडी ने मेनका की गिरफ्तारी पर लगी रोक खत्म करने का आवेदन किया था जिस पर शुक्रवार को सुनवाई हुई और अब उन्हें हिरासत में लेने पर कोई रोक नहीं है। हालांकि मेनका के पास यह अधिकार है कि वह ईडी के खिलाफ नए सिरे से याचिका लगा सकती हैं। ईडी भी अब मेनका के खिलाफ किसी भी तरह की कार्रवाई के लिए स्वतंत्र है। अब देखने वाली बात होगी कि उनके खिलाफ क्या कुछ कदम उठाया जाता है। उल्लेखनीय है कि कोयला तस्करी मामले में करोड़ों रुपये का लेनदेन बैंकॉक के खाते में हुआ है, जो मेनका से जुड़े हैं। उनके मां-बाप वहीं रहते हैं और उनकी बहन रूजीरा अभिषेक की पत्नी हैं। दोनों बैंकॉक में पली-बढ़ी हैं। इसीलिए ईडी अभिषेक बनर्जी के साथ उनकी पत्नी रुजीरा और साली मेनका के खिलाफ जांच कर रही है।

# सिलीगुड़ी में दिल्ली जैसा कांड, स्कूटर सवार भाजपा नेता को डेढ़ किमी तक घसीटता रहा डंपर




**कोलकाता, (हि.स.)।** पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी में दिल्ली के कंझावाला कांड की पुनरावृत्ति हुई है। एक डंपर चालक ने स्कूटर सवार भाजपा नेता को रौंदने के बाद उसे सड़क पर डेढ़ किलोमीटर तक घसीटा, जिससे उसकी मौत हो गई है। मृतक की पहचान अनंत दास के तौर पर हुई है। वह लोअर बागडोगरा इलाके के भाजपा बूथ अध्यक्ष थे। गुरुवार रात हुई इस वारदात की शुक्रवार सुबह पुष्टि करते हुए सिलीगुड़ी पुलिस कमिश्नरेट के सूत्रों ने बताया कि गोसाईपुर के पास डंपर ने स्कूटर को टक्कर मारी। उसमें स्कूटर के साथ चालक भी फंस गया और डंपर चालक दोनों को डेढ़ किलोमीटर तक घसीटता रहा। सड़क पर लगातार घर्षण की वजह से स्कूटर सवार की तो पहले ही मौत हो गई थी, इसके साथ ही स्कूटी में आग लग गई जो डंपर में भी फैल गई थी। खुद को फंसा देख नार्थ बंगाल यूनिवर्सिटी के गेट नंबर एक के पास डंपर चालक वाहन छोड़ कर फरार हो गया। सूचना मिलने के बाद पुलिस और अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। आग बुझाया गया और अनंत को अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया है कि अनंत दास पेशे से शंख के व्यापारी थे। वह बागडोगरा हाट से अपने घर गोसाईपुर की ओर लौट रहे थे उसी समय यह वारदात हुई है। सीसीटीवी फुटेज से स्पष्ट हो गया है कि बागडोगरा से शिव मंदिर की ओर जा रहे डंपर ने स्कूटर को टक्कर मारी थी। चालक की तलाश तेज कर दी गई है। उसकी शिनाख्त भी हो चुकी है। उल्लेखनीय है कि दिल्ली के कंझावाला में भी इसी तरह की एक वारदात में स्कूटी सवार 20 वर्षीय युवती को कार चालक ने 12 किलोमीटर तक सड़क पर घसीटा था जिसकी वजह से उसकी मौत हो गई थी। इस घटना ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया था।

# कंझावाला मामले में छठवां आरोपित गिरफ्तार, सातवें की तलाश जारी

**अजय त्यागी**



**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने महानगर के कंझावाला इलाके में कार से युवती को टक्कर मारने के बाद घसीटने से हुई मौत के मामले में एक और आरोपित को गिरफ्तार किया है। दिल्ली पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने आरोपित की पहचान आशुतोष के तौर पर की है। वह इस मामले में गिरफ्तार किया गया छठवां व्यक्ति है। विशेष पुलिस आयुक्त (कानून व्यवस्था) सागर प्रीत हुड्डा ने कहा- सुल्तानपुरी मामले में छठवें आरोपित आशुतोष को गिरफ्तार किया गया है। इसने पुलिस को गलत जानकारी दी थी। आगे की जांच चल रही है। इस मामले में पहले गिरफ्तार किए गए पांचों आरोपितों ने कथित तौर पर आशुतोष से कार ली थी। दिल्ली पुलिस ने गुरुवार कहा था कि वह दो संदिग्धों की तलाश कर रही है, जो कथित तौर पर पांचों आरोपितों को बचाने में शामिल थे। इस मामले में पुलिस ने पहले दीपक खन्ना (26), अमित खन्ना (25), कृष्ण (27), मिथुन (26) और मनोज मित्तल को गिरफ्तार किया था। सीसीटीवी फुटेज और कॉल डिटेल के रिकॉर्ड के आधार पर पुलिस को दो और लोगों आशुतोष और अंकुश खन्ना की संलिप्तता के बारे में पता चला था। अंकुश खन्ना आरोपित अमित खन्ना का भाई है। अमित के पास ड्राइविंग लाइसेंस नहीं है और उसने अंकुश को दुर्घटना के बारे में सूचित किया तो उसके भाई ने दीपक को पुलिस को यह बताने के लिए राजी किया था कि वह दुर्घटना के दिन गाड़ी चला रहा था। दीपक ग्रामीण सेवा वाहन चलाता है।

# दिल्ली में शिमला से भी ज्यादा ठंड

**आशीष वर्मा**




**नई दिल्ली, (हि.स.)।** दिल्ली समेत समूचा उत्तर भारत हाड़ गला देने वाली ठंड की गिरफ्त में है। इस समय दिल्ली देश के हिल स्टेशनों से भी सर्द है। गुरुवार को दिल्ली का न्यूनतम तापमान तीन डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया जबकि तीन स्थानों पर यह 2.2 से 2.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। गुरुवार को डलहौजी का न्यूनतम तापमान 4.9 डिग्री सेल्सियस, धर्मशाला का 5.2 डिग्री सेल्सियस, कांगड़ा का 3.2 डिग्री सेल्सियस, शिमला का 3.7 डिग्री सेल्सियस, देहरादून का 4.6 डिग्री सेल्सियस, मसूरी का 4.4 डिग्री सेल्सियस और नैनीताल का 4.4 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, 6 और 7 जनवरी को भी राजधानी के कुछ इलाके शीतलहर का सामना करेंगे। इस दौरान न्यूनतम तापमान 4 डिग्री सेल्सियस के आसपास दर्ज हो सकता है। इसलिए शीतलहर का येलो अलर्ट जारी किया है। स्काईमेट वेदर के उपाध्यक्ष (मौसम विज्ञान एवं जलवायु परिवर्तन) महेश पलावत के मुताबिक पहाड़ों पर नए साल तक जो बर्फबारी हुई है, उत्तर पश्चिमी हवाओं के जरिये उसी की ठंडक दिल्ली को सर्द बना रही है। अभी दो दिन तक कोल्ड डे वाली स्थिति बनी रहेगी।

# नए संसद भवन के लिए सांसदों के पहचान पत्र तैयार कर रहा लोकसभा सचिवालय



**नई दिल्ली (ईएमएस)।** बजट सत्र से पहले लोकसभा सचिवालय ने नए संसद भवन में प्रवेश के लिए सांसदों का नया पहचान पत्र तैयार करना शुरू कर दिया है। सूत्रों ने बताया कि नए संसद भवन में उपयोग किए जाने वाले उपकरणों का प्रशिक्षण संसद सदस्यों को एनेक्सी भवन में दिया जा रहा है। लोकसभा सचिवालय ने कहा नए संसद भवन में प्रवेश के लिए संसद सदस्यों का नया स्मार्ट कार्ड-आधारित पहचान पत्र तैयार किया जा रहा है। पहचान पत्र कई सुरक्षा सुविधाओं के साथ अत्यधिक सुरक्षित होंगे। नए पहचान पत्र के लिए संसद सदस्यों का व्यक्तिगत और बायोमीट्रिक डाटा एकत्र किया जाएगा। सदस्यों को सूचित किया गया है कि इसके लिए संसद परिसर में सुविधा काउंटर स्थापित किया जाएगा। सूत्रों ने कहा कि संसद का बजट सत्र 31 जनवरी से शुरू हो सकता है जिसका पहला भाग 10 फरवरी को समाप्त होगा। सत्र का दूसरा भाग छह मार्च से शुरू हो सकता है और छह अप्रैल को समाप्त हो सकता है। हालांकि अभी तारीखों पर अंतिम फैसला लिया जाना बाकी है। बता दें कि संसद के नए भवन का उद्घाटन अगले साल मार्च में हो सकता है जब बजट सत्र के दूसरे चरण की बैठक बुलाई जाती है। अधिकारियों ने बताया कि नए संसद भवन का काम तेजी से चल रहा है और इसके अगले साल फरवरी में पूरा होने की संभावना है। सूत्रों ने बताया कि बजट सत्र का दूसरा चरण नए संसद भवन में आयोजित हो सकता है। बजट सत्र के पहले दिन राष्ट्रपति दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हैं। एक फरवरी को लोकसभा में बजट पेश किया जाता है। आठ या नौ मार्च को बजट सत्र का पहला चरण संपन्न हो जाता है। इसका दूसरा चरण मार्च के दूसरे सप्ताह में शुरू होता है और मई की शुरूआत तक चलता है।

# आरएसएस के सरकार्यवाह दत्तात्रेय सात दिवसीय दौरे पर 10 को पहुंचेंगे लखनऊ



**लखनऊ, (हि.स.)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ(आरएसएस) के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले उत्तर प्रदेश के सात दिवसीय दौरे पर 10 जनवरी को लखनऊ पहुंचेंगे। वह 16 जनवरी तक पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान सरकार्यवाह संघ के क्षेत्र व प्रान्तीय पदाधिकारियों के साथ अलग-अलग बैठकें करेंगे। वह अपने प्रवास के दौरान अवध प्रान्त के अलावा गोरक्ष और काशी प्रान्त का भी प्रवास करेंगे। संघ सूत्रों की मानें तो दत्तात्रेय होसबाले लखनऊ में संघ की क्षेत्रीय कार्यकारिणी और संघ के वरिष्ठ प्रचारकों के साथ भी बैठक करेंगे। वह 15 जनवरी को गोमतीनगर विस्तार स्थित सीएमएस सभागार में लखनऊ विभाग द्वारा आयोजित मकर संक्रान्ति महोत्सव में शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में संघ के कार्यकताओं को सपरिवार बुलाया गया है। वहीं 16 जनवरी को सरकार्यवाह लखनऊ के पत्रकारों से भेंट करेंगे। वह पत्रकारों को संघ के कार्य व विचारों से अवगत करायेंगे।

# भारत की सेना को दुनिया में सबसे मजबूत बनाना हमारा विजन और मिशन : राजनाथ

**अजय कुमार**



**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को पोर्ट ब्लेयर में देश के एकमात्र ऑपरेशनल जॉइंट सर्विसेज कमांड के मुख्यालय का दौरा किया। उन्होंने अंडमान एवं निकोबार कमांड की ऑपरेशनल तैयारियों और सैन्य क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे के विकास कार्यों की समीक्षा की। रक्षा मंत्री को अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह की भू-रणनीतिक क्षमता और इस क्षेत्र में भारत के प्रभाव को बढ़ाने और सैन्य अभियानों में कमांड की भूमिका के बारे में जानकारी दी गई। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज अंडमान और निकोबार कमांड (एएनसी) की दो दिवसीय यात्रा पर पोर्ट ब्लेयर पहुंचे हैं। यात्रा के पहले दिन उन्होंने कमांड की रक्षा तैयारियों, कमांड के परिचालन क्षेत्रों तथा बाहरी इकाइयों में अवसंरचना के विकास की समीक्षा की। रक्षा मंत्री कैंपबेल बे, कार्निक और डिगलीपुर में एएनसी इकाइयों का भी दौरा करके सैनिकों के साथ बातचीत करेंगे। अंडमान और निकोबार कमांड 21 साल पुराना सफल इंटीग्रेटेड थिएटर कमांड है, जिसकी योजना अब राष्ट्रीय स्तर पर बनाई जा रही है। कमांड के कमांडर-इन-चीफ लेफ्टिनेंट जनरल अजय सिंह ने कमांड की उपलब्धियों, भविष्य की योजनाओं और चुनौतियों के बारे में जानकारी दी। रक्षा मंत्री ने राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करने और समुद्री क्षेत्र को सुरक्षित रखने में निभाई गई भूमिका के लिए कमांड की भूमिका को सराहा। राजनाथ सिंह ने इस दौरान अंडमान और निकोबार कमांड की परिचालन तैयारियों और परिचालन क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे के विकास की समीक्षा की। लेफ्टिनेंट जनरल अजय सिंह ने रक्षा मंत्री को अंडमान और निकोबार द्वीप समूह की भू-रणनीतिक क्षमता, भारत के प्रभाव को बढ़ाने और सैन्य अभियानों के बारे में जानकारी दी। राजनाथ सिंह ने एएनसी ज्वाइंट ऑपरेशंस सेंटर (जेओसी) का भी दौरा किया, जो निगरानी, संचालन और रसद समर्थन के लिए एकीकृत योजना का मुख्य केंद्र है। अधिकारियों और जवानों के साथ बातचीत करते हुए रक्षा मंत्री ने द्वीपों और विशेष आर्थिक क्षेत्र की सुरक्षा के लिए सतर्क और 24 घंटे तैयार रहने के लिए उनकी बहादुरी और उत्साह की सराहना की। उन्होंने कहा कि 2001 में अपनी स्थापना के बाद से अंडमान और निकोबार कमांड ने अपनी परिचालन क्षमताओं में काफी वृद्धि की है। उन्होंने जवानों को भरोसा दिलाया कि जिस तरह वे देश की सुरक्षा के लिए हमेशा तैयार हैं, तो उसी तरह सरकार भी उनके कल्याण के लिए हमेशा तैयार है। उन्होंने कहा कि हमने आत्मनिर्भरता के लिए 'मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड' विजन को साकार करने की दिशा में बड़े कदम उठाए हैं। हमारी सशस्त्र सेना जल्द ही दुनिया की सबसे मजबूत सेनाओं में से एक होगी। यह हमारा विजन भी है और हमारा मिशन भी। रक्षा मंत्री ने उस बहादुरी और मुस्तैदी का भी विशेष उल्लेख किया, जिसका प्रदर्शन करते हुए सशस्त्र बलों ने उत्तरी क्षेत्र में हाल की स्थितियों से निपटा। रक्षा मंत्री ने एक क्वाड-सर्विस गार्ड ऑफ ऑनर की समीक्षा की और 29 दिसंबर, 1943 को नेताजी के ऐतिहासिक आगमन के स्थान संकल्प स्मारक का दौरा किया। संकल्प स्मारक में उन्होंने भारतीय राष्ट्रीय सेना के सैनिकों के बलिदान का सम्मान करने के लिए श्रद्धांजलि अर्पित की। पोर्ट ब्लेयर पहुंचने पर अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह के लेफ्टिनेंट गवर्नर एडमिरल डीके जोशी (सेवानिवृत्त) और वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। जनवरी 2019 के बाद से रक्षा मंत्री की इंदिरा पॉइंट की यह पहली यात्रा है। इंडो-पैसिफिक से इन दूर-दराज के द्वीपों की निकटता को देखते हुए रणनीतिक संकेतों के अलावा, रक्षा मंत्री की अंडमान एवं निकोबार कमांड की यात्रा ने इन दूरस्थ द्वीप पर तैनात सैनिकों को प्रेरित किया।

# सरकारी अस्पताल से मां का शव कंधे पर लेकर घर चला बेटा, मंत्री बोले- परिवार ही दोषी

**कोलकाता, (हि.स.)।** पश्चिम बंगाल के एक राजकीय अस्पताल से मानवीय संवेदना को झकझोर देने वाली खबर आई है। यहां रुपये की कमी के कारण एक युवक को अपनी मां का शव कंधे पर लेकर 30 किलोमीटर दूर घर की तरफ चलने के लिये मजबूर होना पड़ा। घटना गुरुवार शाम की है। पूछे जाने पर अस्पताल के अधीक्षक ने कहा कि उन्हें घटना की जानकारी मिली है और जवाबदेही तय की जाएगी। घटना पर अमानवीय रुख अख्तियार करते हुए पश्चिम बंगाल सरकार के परिवहन मंत्री स्नेहाशीष चक्रवर्ती ने परिवार पर ही दोष मढ़ दिया है, जबकि अस्पताल के अधीक्षक कल्याण खां ने घटना को लेकर अजीबो-गरीब सफाई दी है। दरअसल 72 वर्षीय लक्ष्मी रानी दीवान को उसके बेटे राम प्रसाद दीवान ने न्यू जलपाईगुड़ी सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां उनका निधन हो गया। इसके बाद युवक ने अस्पताल प्रबंधन से मां का शव घर ले जाने के लिये एम्बुलेंस उपलब्ध कराने की गुहार लगाई। लेकिन, अस्पताल प्रबंधन ने इस सहयोग से साफ इनकार कर दिया, जिसके बाद मजबूरन युवक मां के शव को कंधे पर रखकर ही घर के लिए रवाना हो गया। घटना के बाबत राम प्रसाद दीवान ने बताया कि बुधवार की रात मां को अस्पताल में भर्ती किया गया था, लेकिन गुरुवार को उनका निधन हो गया। शव को घर ले जाने के लिए हमने अस्पताल में मौजूद एम्बुलेंस से कई बार संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन कोई भी तीन हजार रुपये से कम में जाने को तैयार नहीं हुआ। हमारे पास देने के लिए रुपये नहीं थे। आगे युवक ने बताया कि हमने अस्पताल प्रबंधन से भी संपर्क साधने की कोशिश की, लेकिन कोई मदद नहीं मिली। घंटों तक हम यहां-वहां भटकते रहे। हारकर मैं पिता के साथ मिलकर मां के शव को कंधे पर लेकर घर जाने के लिये मजबूर हुआ। घटना की जानकारी जलपाईगुड़ी की एक निजी संस्था ग्रीन जलपाईगुड़ी को मिली, जिसके बाद उन्होंने मुफ्त में एम्बुलेंस उपलब्ध करवाया। उसी एम्बुलेंस से शव को घर ले जाया जा सका। पूरी घटना के मद्देनजर अस्पताल अधीक्षक ने महज गुमराह करने वाला बयान दिया है। अस्पताल अधीक्षक कल्याण खां ने अजीबोगरीब सफाई देते हुए कहा कि परिवार को चाहिए था कि वह अस्पताल में मौजूद रोगी सहायता केंद्र से संपर्क करता। समस्या का तुरंत समाधान हो जाता। हालांकि उनसे जब यह पूछा गया कि किसी भी रोगी की मौत के तुरंत बाद यह नियम है कि उसे शव ले जाने के लिए एंबुलेंस उपलब्ध कराया जाए। इस बारे में अस्पताल ने खुद पहल क्यों नहीं की? इसका उन्होंने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। आगे उन्होंने कहा कि घटना अमानवीय है और मैं मृतक के परिवार से संपर्क करने की कोशिश कर रहा हूं। इस घटना को लेकर राज्य के परिवहन मंत्री स्नेहाशीष चक्रवर्ती ने भी अमानवीय टिप्पणी की है। उन्होंने कहा कि परिवार को अस्पताल प्रबंधन से संपर्क करना चाहिए था। मैंने खबर ली है। अस्पताल के किसी अधिकारी से परिवार के सदस्य नहीं मिले। खुद ही शव को कंधे पर लेकर पैदल चलना शुरू कर दिया। आगे उन्होंने कहा कि गरीबों के लिए एम्बुलेंस की सुविधा अस्पताल में है। इसकी देखरेख कौन करता है, इसकी खोज खबर हम लोग कर रहे हैं। वहीं जलपाईगुड़ी जिला एंबुलेंस संगठन के सचिव दिलीप दास ने कहा कि ऐसी कोई घटना हुई ही नहीं है। पूरी घटना उस स्वयंसेवी संगठन की बनाई हुई है, जिसने मुफ्त में एंबुलेंस उपलब्ध कराया। हालांकि, ग्रीन जलपाईगुड़ी नामक स्वयंसेवी संस्था के सचिव अंकुर दास ने कहा अस्पतालों में एम्बुलेंस चालकों का एक बहुत बड़ा गिरोह है, जो यूनियन के रूप में लोगों को प्रताड़ित करता है। अंकुर दास ने आगे कहा केंद्र और राज्य सरकार का नियम है सरकारी अस्पतालों में मुफ्त में एम्बुलेंस उपलब्ध करवाया जाएगा, लेकिन किसी को मुफ्त एम्बुलेंस वे लोग देने ही नहीं देते हैं। यहां तक कि स्वयंसेवी संस्था के एम्बुलेंस को भी अस्पताल में घुसने नहीं दिया जाता है। यह घटना जलपाईगुड़ी के लिए शर्म की बात है। इस घटना को लेकर भारतीय जनता पार्टी की आईटी सेल के प्रमुख और उत्तर बंगाल के प्रभारी अमित मालवीय ने इससे जुड़े वीडियो को ट्विटर पर डाला है, जिसमें पिता और पुत्र शव को कंधे पर लेकर पैदल चल रहे हैं। उन्होंने लिखा है कि यह ममता बनर्जी के शासन का मॉडल है। जलपाईगुड़ी में एक पिता-पुत्र की जोड़ी को महिला के शव अपने कंधे पर लेकर जाने को मजबूर होना पड़ा, क्योंकि एम्बुलेंस ने तीन हजार रुपये से कम लेने से इनकार कर दिया। उल्लेखनीय है कि कई मंचों से मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पश्चिम बंगाल में बेहतर चिकित्सकीय सेवा होने का दावा किया है। वे मुख्यमंत्री होने के साथ ही राज्य की स्वास्थ्य मंत्री भी हैं, लेकिन राज्य के सरकारी अस्पतालों में चिकित्सा व्यवस्थाओं की बदहाली की कलई अमूमन खुलती ही रहती है।

# एयर इंडिया सीईओ ने कर्मचारियों से विमान में किसी भी अनुचित व्यवहार पर तुरंत रिपोर्ट करने को कहा

**महिला यात्री पर पेशाब करने की शर्मनाक घटना के बाद कर्मचारियों को खास निर्देश**



**नई दिल्ली, (हि.स)।** निजी क्षेत्र की एयलाइंस कंपनी एयर इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) ने कर्मचारियों को विमान में किसी भी अनुचित व्यवहार को तुरंत रिपोर्ट करने का निर्देश दिया है। सीईओ कैंपबेल विल्सन ने शुक्रवार को एयरलाइन कर्मचारियों से कहा है कि विमान में किसी भी तरह के अनुचित व्यवहार की सूचना तुरंत अधिकारियों को दें। सीईओ ने कर्मचारियों से कहा कि चाहे मामला सुलझा भी लिया गया है, लेकिन स्टाफ जल्द से जल्द इस संबंध में अधिकारियों को सूचित करें। विल्सन ने एयर इंडिया की फ्लाइट में हाल ही में महिला यात्री पर पेशाब करने की शर्मनाक घटना सामने आने के बाद कर्मचारियों को यह निर्देश दिया है। इस मामले में नागरिक विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने अपनी जांच शुरू कर दी है। डीजीसीए ने एयरलाइन से इसकी रिपोर्ट मांगी है। वहीं, एयर इंडिया ने भी चालक दल की चूक का पता लगाने के लिए आंतरिक जांच चालू कर दी है। इस बीच पिछले साल 26 नवंबर को न्यूयार्क से दिल्ली आ रहे एयर इंडिया के विमान में एक बुजुर्ग महिला पर पेशाब करने वाले उस शख्स के खिलाफ दिल्ली पुलिस के कहने पर आव्रजन ब्यूरो ने लुक आउट सर्कुलर (एलओसी) जारी किया है। गौरतलब है कि महिला ने एयर इंडिया के कैबिन-क्रू से इसकी शिकायत की थी, लेकिन उस पर गौर नहीं किया गया। इसके बाद उसने उच्चाधिकारियों से इस मामले की शिकायत की, तब मामला सुर्खियों में आया।

# सपा विधायक के चाचा ने अब तक नहीं दिया एक करोड़ 33 लाख गृह कर, नगर निगम ने जारी किया नोटिस

**–बड़े बकाएदारों में कई नेता, वसूली की तैयारी में जुटा प्रशासन**

**कानपुर, (हि.स.)।** सपा विधायक इरफान सोलंकी के चाचा इकबाल सोलंकी समेत 300 से अधिक लोग नगर निगम कानपुर का गृह कर के बड़े बकायेदार हैं। राजनेताओं का संरक्षण होने की वजह से करोड़ों रुपये नगर निगम का नहीं मिल पाया है। सूबे की सत्ता में परिवर्तन होने के बाद से नगर निगम प्रशासन अब बड़े बकायेदारों को नोटिस देने के साथ उनकी संपत्ति कुर्क एवं नीलामी की तैयारी कर चुका है। कानपुर नगर निगम के जोन दो और तीन से इनके साथ ही 387 बकाएदारों को संपत्ति की कुर्की और नीलामी का नोटिस दिया गया है। इतना ही नहीं किदवई नगर स्थित पोस्ट ऑफिस भी बकाएदार है।

उस पर एक करोड़ से ज्यादा हाउस टैक्स बकाया है। इसे भी नोटिस भेजा गया है। इसके अतिरिक्त 10 गेस्ट हाउस, 12 कारखाने और इनके मालिकों को नोटिस भेजा गया है। नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन का कहना है कि अभी तक जोन दो और तीन के एक लाख से बड़े संपत्ति कर बकायादारों को कुर्की और नीलामी का नोटिस दिया गया है।




अगर तय की गई तिथियों से पहले बकाया नहीं चुकाते हैं तो कार्रवाई की जाएगी। अभी अन्य चार जोन के बकाएदारों के नाम प्रकाशित कराए जाएंगे। नगर निगम के कुछ बड़े बकाएदार हाजी इकबाल सोलंकी एक करोड़ 33 लाख रुपये,जगदंबा गेस्ट हाउस(अरुणा तोमर)10 लाख 81 हजार रुपये, खालिद अमीन खां जाजमऊ एक करोड़ 36 लाख रुपये, सुमित महाना (काजीखेड़ा) एक लाख रुपये, परिणय मैरिज लॉन, श्याम नगर दो लाख 79 हजार रुपये, नौशाद, इरशाद जाजमऊ ब्लॉक ए 43 लाख 68 हजार रुपये, शीतला एक्सपोर्ट दो लाख 19 हजार रुपये,रहमान इंडस्ट्रीज, जाजमऊ तीन लाख 56 हजार रुपये, रहमान इंडस्ट्रीज-2 जाजमऊ एक लाख सात हजार रुपये, अख्तर हसन, जाजमऊ 26 लाख 95 हजार रुपये समेत 387 से अधिक बकाएदार हैं। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी अनिरुद्ध कुमार ने बताया कि वसूली के लिए कोई ढील नहीं दी जाएगी, बकाएदारों के बैंक खातों को सीज करने की चेतावनी दी गई है। अब अगर बकाएदारों को रकम तत्काल चुकानी है तो बकाया तिथि से 1% मासिक ब्याज भी देना होगा। अरुणा तोमर और उनके बेटे को नोटिस शिवकटरा स्थित जगदंबा गेस्ट हाउस पर बकाया हाउस टैक्स की वजह से दिया गया है।

**इरफान सोलंकी के खिलाफ कसता जा रहा है सिंकजा** – इकबाल सोलंकी को भवन संख्या 102/88 ए (जाजमऊ) के लिए नोटिस भेजा गया है। सभी की संपत्तियों की कुर्की की अलग-अलग तिथियां तय की गई हैं, जो जनवरी से लेकर मार्च तक हैं।

# पौष पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने गंगा में लगाई आस्था की डुबकी, दान पुण्य

**– गंगा में स्नान के साथ माघ पर्यंत स्नान-दान, जप, व्रत शुरू**

**वाराणसी, (हि.स.)।** पौष पूर्णिमा पर शुक्रवार को काशीपुराधिपति की नगरी में श्रद्धालुओं ने कड़ाके की ठंड के बावजूद पवित्र गंगा में आस्था की डुबकी लगाई और दान पुण्य किया। गंगा स्नान के लिए अलसुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ घाटों पर उमड़ती रही। पूरे आस्था के साथ गंगा स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने अन्न, वस्त्र आदि का दान कर मंदिरों में भी दर्शन पूजन किया। गंगा स्नान के लिए दशाश्वमेध घाट, शीतला घाट, दरभंगाघाट, अहिल्याबाई, पंचगंगा, भैसासुर, अस्सीघाट और सामने घाट पर श्रद्धालुओं के चलते मेले जैसा नजारा दिखा। श्रद्धालुओं के सुविधा और सुरक्षा के लिए गोदौलिया से दशाश्वमेधघाट पर जाने वाले मार्ग पर वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित किया गया था। जल पुलिस और 11 एनडआरएफ की टीम गंगा में मुस्तैद दिखी। पौष पूर्णिमा पर गंगा स्नान के साथ ही माघमाह पर्यंत स्नान-दान सहित अन्य अनुष्ठान भी शुरू हो गया।



शिवाराधना समिति के संस्थापक डॉ मृदुल मिश्र ने बताया कि पौष पूर्णिमा पर गंगा में स्नान के साथ माघ पर्यंत स्नान-दान, जप, व्रत, नियम, संयमादि का आरंभ हो गया। ये विधान माघ पूर्णिमा यानी पांच फरवरी तक चलेंगे। माघ मास में ब्रह्म मुहूर्त में गंगा, नर्मदा, यमुना में स्नान करने से पापों का क्षय होता है। इस माह में दान-पुण्य, रोगियों, निशक्तों की सेवा करने से शुभ फल प्राप्त होते हैं। उन्होंने बताया कि पौष पूर्णिमा के दिन दान करने से व्यक्ति के पाप कटते हैं और अमोघ फल की प्राप्ति होती है। इसके बाद माघ का महीना शुरू हो जाता है। पूरे माघ महीना पवित्र नदियों में स्नान का संकल्प लेने वाले भक्त पौष पूर्णिमा से इसकी शुरूआत कर माघ पूर्णिमा को समापन करते हैं। माना जाता है कि माघ मास में जहां कहीं भी जल हो वह गंगाजल के समान ही होता है, फिर भी प्रयाग, कुरुक्षेत्र, हरिद्वार, काशी, नासिक, उज्जैन तथा अन्य पवित्र तीर्थों और नदियों में स्नान का बड़ा महत्व है। स्नान से पूर्व हरि-हर का ध्यान, स्नान के दौरान सूर्यदेव को अर्घ्य और बाद में श्रीहरि का पूजन-अर्चन करना चाहिए।

# ओवरफीडिंग, रांग साइड जैसे कई समस्याएं, सड़क सुरक्षा माह में करेंगे दूरः जितिन प्रसाद

**लखनऊ, (हि.स.)।** लोक निर्माण विभाग के मंत्री जितिन प्रसाद ने कहा कि दुर्घटनाओं को पूरी तरह से समाप्त करने के लिए सड़क सुरक्षा माह की शुरूआत करायी गयी है। सड़क सुरक्षा माह में ओवरफीडिंग, रांग साइड जैसे कई समस्याओं को दूर करने का पूरा प्रयास किया जायेगा। लोक निर्माण विभाग के विभागीय अधिकारियों के साथ सड़क सुरक्षा माह के तहत आयोजित कार्यशाला में मौजूद रहे मंत्री जितिन प्रसाद ने मीडिया से बातचीत में कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्राथमिकता में है कि सड़कों पर होने वाली दुर्घटनाओं का रोका जाये। सड़क पर किसी प्रकार की जान माल की हानि न हो। ये जरुरी भी है और इसके लिए दिनरात कार्य किया जा रहा है। लोनिवि मंत्री



ने कहा कि सड़क सुरक्षा माह का प्रशिक्षण शिविर आज लगाया गया है। जिसमें सड़कों पर रह गयी कमियों की व्यापक चर्चा की जा रही है। विशेष रुप से ब्लैक स्पॉट जो सड़क पर दिखते है, उन्हें दूर करने के लिए चर्चा हो रही है। सड़क पर होने वाले दुर्घटनाओं के कारण, उनके उपाय और आगे कोई दुर्घटना न हो, इस पर कार्यशाला में चर्चा की जा रही है। उन्होंने कहा कि अवैध गड्ढ़े, अवैध पार्किंग जैसी खामियों को दूर किया जायेगा, जिसकी भी चर्चा कार्यशाला में हुई है। ओवरफीडिंग, रांग साइड और रोड पर मार्किंग जैसी समस्याओं पर अधिकारियों ने चर्चा की है। इसको कैसे रोके, इसकी रुपरेखा बनेगी और यही वर्तमान स्थिति में सुधार लाने का कारण भी बनेगा। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश के सड़क की खामियों के कारण होने वाले दुर्घटनाओं के आंकड़ों को कम करेंगे। कार्यशाला से परिणाम आयेगा और आने वाले वक्त में सड़क दुर्घटनाएं कम होगी। सड़क सुरक्षा माह में अधिकारी पूरी तरह से लगेंगे और इस्के परिणाम आने वाले दिनों में सामने आयेंगे।

# सहारनपुर में बसपा सांसद के ठिकानों में आयकर की कार्रवाई चौथे दिन जारी

**सहारनपुर, (हि.स.)।** बहुजन समाज पार्टी(बसपा)के सांसद हाजी फजलुर्रहमान के आवास और ठिकानों पर चल रही आयकर की कार्रवाई चौथे दिन भी जारी है। इस छापेमारी के दौरान कई अहम दस्तावेज मिले हैं। सूत्रों के अनुसार हरियाणा और दिल्ली से आई आयकर विभाग की टीमों ने बसपा सांसद के तीनों आवासों, कार्यालय और फैक्टरी में डेरा डाल रखा है। वहीं, देहरादून से आई एक और टीम ने हरौड़ा स्थित मीट फैक्टरी में जांच कर रही है। उल्लेखनीय है कि आयकर विभाग की टीम ने मंगलवार सुबह करीब 11 बजे बसपा सांसद फजलुर्रहमान के तीन घरों, दफ्तर और हरौड़ा में स्थित मीट फैक्टरी पर छापे की थी। छानबीन के दौरान सुरक्षा की लिहाज से घरों के बाहर आईटीबीपी के जवानों ने घर और ठिकानों की घेराबंदी कर रखी है। परिवार को बाहर जाने की इजाजत नहीं है। सूत्रों से यह खबर मिल रही है कि जांच के दौरान टीमों को अहम सुराग हाथ लगा है। अभी यह कार्रवाई और कितने दिन चल सकती है इसके बारे में कोई भी अधिकारी बोलने को तैयार नहीं है।

# अमित कुशवाहा को मिलेगा युवा साहित्यकार सम्मान

**–युवा साहित्यकारों को सम्मानित करेगा भाऊराव देवरस सेवा न्यास**

**लखनऊ, (हि.स.)।** बठिंडा स्थित पंजाब केन्द्रीय विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डा. अमित कुमार सिंह कुशवाहा को युवा साहित्यकार सम्मान से सम्मानित किया जायेगा। यह पुरस्कार पंडित प्रताप नारायण मिश्र की स्मृति में भाऊराव देवरस सेवा न्यास की ओर से प्रदान किया जायेगा। भाऊराव देवरस सेवा न्यास प्रतिवर्ष विभिन्न विधाओं में लेखन के लिए साहित्यकारों को सम्मानित करता है। प्रो. विजय कुमार कर्ण ने हिन्दुस्थान समाचार को बताया कि भाऊराव देवरस सेवा न्यास की ओर से सम्मान समारोह का आयोजन 08 जनवरी को निरालानगर स्थित माधव सभागार में किया गया है। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक व विशिष्ट



अतिथि के रूप में उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीकाने तकनीकी विश्वविद्यालय बीकानेर राजस्थान के कुलपति अम्बरीश विद्यार्थी करेंगे।

**छह साहित्यकारों को किया जायेगा सम्मानित** – पंडित प्रताप नारायण मिश्र की स्मृति में आयोजित युवा साहित्यकार सम्मान समारोह में विविध विधाओं के छह साहित्यकारों को सम्मानित किया जायेगा। इसमें पत्रकारिता के क्षेत्र से डा. अमित कुमार सिंह कुशवाहा को युवा साहित्यकार सम्मान से सम्मानित किया जायेगा। डा. अमित कुमार सिंह कुशवाहा ने लखनऊ में हिन्दुस्थान समाचार एजेंसी में भी पत्रकारिता की है। वर्तमान में वह पंजाब केन्द्रीय विश्वविद्यालय में हिन्दी विभाग में सहायक आचार्य हैं। डा. अमित मूलरूप से उत्तर प्रदेश के गाजीपुर के रहने वाले हैं।

इसके अलावा काव्य के क्षेत्र में सीतापुर के देवेन्द्र कश्यप निडर और कथा साहित्य से कानपुर के मृदुल कपित का चयन किया गया है। इसी तरह बाल साहित्य से शाहजहांपुर के सृष्टि पाण्डेय और संस्कृत भाषा से बक्सर बिहार के डा. संजय कुमार चौबे को युवा साहित्यकार सम्मान प्रदान किया जायेगा। इसके अलावा कन्नड़ भाषा साहित्य से बेंगलूर कर्नाटक के डा. सुनील के.एस. का चयन किया गया है।

# मेरठ में अप्रैल में होगा उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल का प्रांतीय अधिवेशन

**मेरठ, (हि.स.)।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तर प्रदेश का प्रांतीय अधिवेशन अप्रैल माह में मेरठ में आयोजित होगा। इससे पहले फरवरी महीने में प्रतिनिधिमंडल द्वारा घोषित व्यापारी सेना की पहली बैठक आयोजित होगी। यह बैठक लखनऊ में होगी। मीनाक्षीपुरम स्थित कार्यालय पर उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल उत्तर प्रदेश की मेरठ जनपद और महानगर के पदाधिकारियों की बैठक हुई। बैठक में प्रांतीय अध्यक्ष लोकेश अग्रवाल ने बताया कि प्रदेश के अधिकांश जिलों में व्यापारी सेना के गठन की तैयारियां चल रही हैं। व्यापारियों में इस सेना में शामिल होने के लिए भरपूर उत्साह है। लखनऊ में फरवरी में आयोजित होने वाली व्यापारी सेना की बैठक में व्यापारी सेना का ड्रेस कोड, उनका परिचय



पत्र, उनकी कार्यशैली और प्रशिक्षण शिविर चलाने पर विचार किया जाएगा। संगठन के प्रांतीय मीडिया प्रभारी विजय मान ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल का प्रांतीय अधिवेश अप्रैल महीने में मेरठ में आयोजित होगा। इस अधिवेशन की तिथि जल्दी ही घोषित की जाएगी। इस बैठक में जिलाध्यक्ष राजकुमार त्यागी, निशांक अग्रवाल, सफल, अतुल्य आदि उपस्थित रहे।

# हाई कोर्ट के गैर सरकारी अधिवक्ता न्यायिक कार्य से रहे दूर

**रांची, (हि.स.)।** झारखंड स्टेट बार काउंसिल के आह्वान पर शुक्रवार को झारखंड हाई कोर्ट के अधिवक्ता न्यायिक कार्य से दूर रहे। हालांकि, सरकारी अधिवक्ता कोर्ट रूम पहुंचे और केस में पैरवी की। महाधिवक्ता राजीव रंजन ने भी कई मामलों में पैरवी की। उन्होंने बताया कि हाई कोर्ट के सभी कोर्ट रूम में सामान्य रूप से काम हो रहा है। कई अन्य वकीलों ने भी काउंसिल के निर्णय को दरकिनार करते हुए पैरवी की। इधर, कोर्ट फीस संशोधन विधेयक वापसी की मांग सहित अन्य मांगों को लेकर झारखंड हाई कोर्ट में शुक्रवार को अधिवक्ता हाई कोर्ट पहुंचे लेकिन वे कोर्ट रूम में पैरवी के लिए नहीं गए। वहीं, महाधिवक्ता के दिशा निर्देश के आलोक में सरकारी अधिवक्ता कोर्ट रूम अपने केस में पैरवी करने के लिए पहुंचे थे। हाई कोर्ट परिसर स्थित एडवोकेट हॉल और लॉयर्स चैंबर में भी अधिवक्ताओं की बहुत कम उपस्थिति दिखी। कई अधिवक्ता अपने स्थान पर बैठकर ही अपने कार्य करते दिखे। झारखंड हाई कोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन की अध्यक्ष ऋतु कुमार ने कहा कि काउंसिल के आह्वान पर वे कोर्ट रूम में पैरवी करने नहीं जाएंगी। इससे पहले सुबह 10:15 से अधिवक्ता हाई कोर्ट पहुंचने लगे। वे काउंसिल के कार्य बहिष्कार के निर्णय पर आपस में चर्चा करते दिखे। उन्होंने काउंसिल के निर्णय को सही बताया। कई अधिवक्ता इस दुविधा में रहे कि वे कोर्ट रूम में जाएं या नहीं जाएं। उल्लेखनीय है कि झारखंड स्टेट बार काउंसिल के निर्णय के मुताबिक राज्यभर के वकील शुक्रवार और शनिवार को न्यायिक कार्य से दूर रहेंगे। कई जालों में काउंसिल के आदेश के तहत वकीलों ने न्यायिक कार्य से खुद को दूर रखा है।

# डीजीपी नीरज सिन्हा का हेलीकॉप्टर भटका, मची अफरा-तफरी


**बोकारो, (हि.स.)।** जिले के जैप 4 ग्राउंड के पासिंग आउट परेड में शुक्रवार को हिस्सा लेने पहुंचे झारखंड के डीजीपी नीरज सिन्हा का हेलीकॉप्टर भटक गया। सही दिशा नहीं मिलने के कारण हेलीकॉप्टर गलत जगह पर लैंड कर गया। इसके बाद पुलिस लाइन में अफरा-तफरी मच गई। तत्काल हेलीकॉप्टर को फिर से सही जगह पर लैंड कराया गया। जानकारी के अनुसार डीजीपी बोकारो में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जैप 4 के ग्राउंड में पासिंग आउट परेड में हिस्सा लेने के लिए आ रहे थे। वे हेलीकॉप्टर से बोकारो पहुंचे। उनको लैंड कराने के लिए पुलिस लाइन में हेलीपैड बनाया गया था लेकिन पुलिस लाइन की लैंडिंग प्वाइंट के बजाय



हेलीकॉप्टर दूसरी जगह पर उतर गया। उधर, डीजीपी की अगवानी के लिए पुलिस लाइन में बड़े अधिकारी खड़े होकर इंतजार करते रहे लेकिन डीजीपी का हेलीकॉप्टर कहीं और उतर गया। इसकी सूचना मिलने के बाद पुलिस लाइन में अफरा-तफरी मच गई। इसके बाद सभी लोग जहां हेलीकॉप्टर लैंड किया था वहां दौड़कर पहुंचे। वहां जाने पर पता चला कि जिस जगह पर डीजीपी का हेलीकॉप्टर लैंड किया है उस जगह पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के हेलीकॉप्टर को लैंड करना था।

# नरक निवारण चतुर्दशी 20 जनवरी को, निकाली जाएगी चरण पादुका यात्रा

**सहरसा, (हि.स.)।** आगामी 20 जनवरी को नरक निवारण चतुर्दशी के दिन लक्ष्मीनाथ गोसाई कुटी पवित्र पावन भूमि साधना स्थल खजुरी से चरण पादुका यात्रा प्रारंभ होगी। यह यात्रा साधना स्थल खजूरी से मुख्य मार्ग होते हुए चैनपुर नीलकंठ चौक से आदि काली का दर्शन करते हुए बनगांव विषहरा मां का दर्शन करने के पश्चात बाबाजी कुटी में गोसाई जी को पादुका अर्पण करेगी। बाबा से आशीर्वाद प्राप्त कर भगवती दुर्गा स्थान मां काली का दर्शन कर वहां से बाबा बानेश्वर की नगरी देवना के



लिए प्रस्थान होगी। वहां पंडा बाबा द्वारा त्रिपुंड तिलक लगाया जाएगा। तत्पश्चात मुख्य मार्ग होते हुए रहुआ, सिहौल, बिहरा पंचगछिया, बेला तुनियाही पूरीख, पुरुषोत्तमपुर होते हुए लक्ष्मीनाथ गोसाई कुटि बैकुंठ धाम परसरमा पहुंचेगी। पहले यात्रा 32 किलोमीटर तय की जाती थी।अब 5 किलोमीटर की वृद्धि हुई है। उक्त बातों की जानकारी साधना के व्यवस्थापिका राजनंदिनी ने दी। उन्होंने कहा यात्रा में इस बार काफी संख्या में भक्त श्रद्धालु भाग लेगें। चरण पादुका यात्रा को पूर्व प्रधानाचार्य जय नारायण मिश्र, पूर्व शिक्षक परमानंद मिश्र, जिवेंद्र झा, पंडित राजकुमार मिश्र, संतोष मिश्रा, सेवक प्रभार द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना करेगें।

# गरीबों को न्याय से दूर रखना चाहती है सरकार : रुचिर

**मेदिनीनगर, (हि.स.)।** झारखंड स्टेट बार काउंसिल के आह्वान पर जिले के अधिवक्ता हड़ताल पर हैं। सभी स्वयं को न्यायिक कार्य से अलग रखा। इस पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए अधिवक्ता रुचिर कुमार तिवारी ने कहा कि झारखंड सरकार के द्वारा कोर्ट फीस में बेतहाशा वृद्धि कर दिया गया, जिससे यह साफ होता है कि वह गरीबों को न्याय से कोसों दूर रखना चाहती है। मुकदमा लड़ने के लिए उन्हें भारी-भरकम कोर्ट फीस देना होगा और गरीब एवं कमजोर वर्ग के लोग न्यायालय में अपना पैरवी भी नहीं कर पाएंगे। वरिष्ठ अधिवक्ता सूर्यपत सिंह ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार के द्वारा कोर्ट फी में की गई बढ़ोतरी सीधे रूप से गरीबों के विरुद्ध है। सरकार को



अविलंब कोर्ट फीस बढ़ोतरी को वापस लेनी चाहिए। वरिष्ठ अधिवक्ता नंदलाल सिंह ने कहा कि झारखंड बार एसोसिएशन के साथ झारखंड के अधिवक्ता हड़ताल पर हैं, जिसके तहत पलामू के अधिवक्ता भी शुक्रवार को हड़ताल पर हैं। अधिवक्ता धीरेंद्र सिंह ने कहा कि राज्य सरकार के द्वारा कोर्ट शुल्क में बेतहाशा मूल्य का वृद्धि करना लोगों को न्यायिक कार्य से दूर रखने का प्रयास है।

# नरक निवारण चतुर्दशी 20 जनवरी को, निकाली जाएगी चरण पादुका यात्रा

**सहरसा, (हि.स.)।** आगामी 20 जनवरी को नरक निवारण चतुर्दशी के दिन लक्ष्मीनाथ गोसाई कुटी पवित्र पावन भूमि साधना स्थल खजुरी से चरण पादुका यात्रा प्रारंभ होगी। यह यात्रा साधना स्थल खजूरी से मुख्य मार्ग होते हुए चैनपुर नीलकंठ चौक से आदि काली का दर्शन करते हुए बनगांव विषहरा मां का दर्शन करने के पश्चात बाबाजी कुटी में गोसाई जी को पादुका अर्पण करेगी। बाबा से आशीर्वाद प्राप्त कर भगवती दुर्गा स्थान मां काली का दर्शन कर वहां से बाबा बानेश्वर की नगरी देवना के लिए प्रस्थान होगी।वहां पंडा बाबा द्वारा त्रिपुंड तिलक लगाया जाएगा। तत्पश्चात मुख्य मार्ग होते हुए रहुआ, सिहौल, बिहरा पंचगछिया, बेला तुनियाही पूरीख, पुरुषोत्तमपुर होते हुए लक्ष्मीनाथ गोसाई कुटि बैकुंठ धाम परसरमा पहुंचेगी। पहले यात्रा 32 किलोमीटर तय की जाती थी।अब 5 किलोमीटर की वृद्धि हुई है। उक्त बातों की जानकारी साधना के व्यवस्थापिका राजनंदिनी ने दी। उन्होंने कहा यात्रा में इस बार काफी संख्या में भक्त श्रद्धालु भाग लेगें। चरण पादुका यात्रा को पूर्व प्रधानाचार्य जय नारायण मिश्र,पूर्व शिक्षक परमानंद मिश्र,जिवेंद्र झा, पंडित राजकुमार मिश्र, संतोष मिश्रा, सेवक प्रभार द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना करेगें।

# जाति आधारित गणना की तैयारी पूरी, बेगूसराय में तैनात किए गए 7826 प्रगणक

**बेगूसराय, (हि.स.)।** बिहार जाति आधारित गणना के प्रथम चरण में शनिवार से शुरू होने वाले मकान गणना की तैयारी पूरी कर ली गई है। सात से 21 जनवरी तक होने वाले प्रथम चरण की गणना के लिए बेगूसराय में 7826 प्रगणक एवं 1376 पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए हैं। डीएम रोशन कुशवाहा ने बताया कि बिहार जाति आधारित गणना का सफल क्रियान्वयन जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। गणना कल से प्रारंभ हो रही है, प्रथम चरण में मकान नंबरीकरण तथा संक्षिप्त गृह पंजी तैयार करने की तैयारियां पूरी कर ली गई है। जाति आधारित गणना की महत्ता एवं अनिवार्यता को ध्यान में रखते हुए सभी कार्यों को समय पर सफलतापूर्वक निष्पादित करने के लिए प्रशासनिक तंत्र सक्रिय एवं प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि पुनरीक्षित कार्यक्रम के अनुसार जाति आधारित गणना का कार्य 31 मई 2023 तक पूरा कर लिया जाना है। जाति आधारित गणना के दौरान आर्थिक स्थिति के सर्वेक्षण का भी प्रयास किया जाएगा। जिलेवासियों से अपील करते हुए डीएम ने कहा कि गणना के दौरान प्रगणक को सही-सही सूचना देकर बिहार जाति आधारित गणना में सहयोग करें। डीएम ने बताय़ा कि पंचायत एवं शहरी निकायों के वार्डों को गणना के लिए प्रारंभिक इकाई (गणना ब्लॉक) माना गया है, वार्ड को गणना ब्लॉक के रूप में घोषित किया गया है। गणना का कार्य वार्डवार की जाएगी तथा आंकड़े का संग्रहण डिजिटल मोड में होना है। करीब सात सौ आबादी का कार्य एक प्रगणक को सौंपा गया है। किसी वार्ड की आबादी सात सौ से अधिक होने पर उप गणना ब्लॉक बनाते हुए प्रगणकों की नियुक्ति की गई है। एक प्रगणक को एक ही गणना ब्लॉक या उप गणना ब्लॉक में लगाया गया है तथा प्रत्येक छह प्रगणकों पर एक पर्यवेक्षक की नियुक्ति की गई है। बिहार के सभी व्यक्तियों का जाति आधारित गणना किया जाना है, चाहे वो किसी भी जाति या संप्रदाय के हों। गणना के समय बिहार के वैसे निवासी जो किसी




कारणवश राज्य या देश से अस्थायी प्रवास की स्थिति में होंगे, उनकी भी गणना की जाएगी। किसी भी परिस्थिति में प्रपत्रों अथवा मोबाइल ऐप में उप-जाति की प्रविष्टि नहीं की जाएगी। उन्होंने बताया कि जिले में गणना कार्य के लिए 7826 प्रगणक, 1376 पर्यवेक्षक, 18 सहायक चार्ज अधिकारी, 24 चार्ज अधिकारी, 24 वरीय प्रभारी पदाधिकारी के साथ-साथ फील्ड ट्रेनर एवं मास्टर ट्रेनर नियुक्त किए गए हैं। प्रथम चरण की गणना में नौ प्रकार के प्रपत्र भरे जाने हैं। मकान नंबरीकरण के बाद संक्षिप्त मकान सूची को तैयार किया जाना है। संक्षिप्त मकान सूची से संबंधित प्रपत्र में मकान सूचीकरण एवं नंबरीकरण के समय परिवारों की मकान सूचना संकलित की जानी है। संक्षिप्त मकान सूची में तीन भाग हैं, भाग-एक में गणना क्षेत्र के पहचान संबंधित विवरण को लोकेशन कोड के साथ भरा जाना है। भाग-दो में नियमित वासों में रहने वाले परिवारों एवं भाग-तीन में अनियमित वासों में रहने वाले परिवारों/व्यक्तियों का सूचीकरण किया जाएगा। सभी प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को निर्धारित परिचय-पत्र के साथ ही क्षेत्र में जाने का निर्देश दिया गया है। गणना कार्य के दौरान प्रत्येक लोगों से आदरपूर्वक एवं सम्मान से वार्ता करने का निर्देश दिया गया है, ताकि गणना कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण हो सके। गणना कार्य में संलग्न कर्मियों को ह्यक्या करें, क्या नहीं करेंह्न से संबंधित बिंदुओं को ध्यान में रखने का भी निर्देश दिया गया है।

# मोतिहारी में ज्वेलरी दुकान का शटरतोड़ कर लाखो की चोरी, व्यवसायियों ने किया सड़क जाम

**मोतिहारी, (हि.स.)।** जिले के ढाका थाना क्षेत्र में थाना से महज 200 मीटर की दूरी पर स्थित एक स्वणार्भूषण दुकान का शटर काटकर अज्ञात चोरों ने लाखों रुपये के ज्वेलरी को चुरा लिया। घटना की सूचना पर पुलिस पहुंची और घटना की जांच में जुटी है। वही चोरी की घटनाओं के विरोध में स्थानीय दुकानदारों ने अपने प्रतिष्ठान को बंद कर सड़क जाम कर जमकर विरोध जताया।व्यवसायियो का आरोप है, कि पुलिस की ढीली रवैया के कारण ढाका थाना से महज चंद कदमों की दूरी पर ढाका-बैरगनिया रोड में चंदन ज्वेलर्स नाम की दुकान में अज्ञात चोरों ने शटर काट कर लाखों रुपये की ज्वेलरी चुरा लिया है। पीड़ित दुकानदार चंदन सर्राफ ने बताया कि सुबह जब मैं दुकान




को खोलने के लिए आया, तो मेरे दुकान का शटर टूटा हुआ था। दुकान के अंदर जाने पर सभी सामान बिखरा हुआ था और दूकान मे रखे ज्वेलरी गायब थे।

पीड़ित ने बताया कि लगभग पांच लाख से अधिक के जेवरात और कुछ नगद रुपये की चोरी हुई है। बता दें कि इसी रोड में एक सप्ताह पूर्व एक ज्वेलरी की दुकान में चोरी हुई थी। जिसका उद्भेदन नही हो सका है। जिससे व्यवसायियों में खासा नराजगी व्याप्त है। व्यवसायियो ने गांधी चौक और ढाका-बैरगनिया पथ को जाम कर दिया है। ढाका थानाध्यक्ष ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है। मामले की जांच की जा रही है। जल्द ही चोर को गिरफ्त में होगे।

## संपादकीय

# राहुल प्रशंसक संघ-संत

**आरएसएस** से जुड़े प्रमुख चेहरे और अयोध्या राम जन्मभूमि के साधु-संतों ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो यात्रा' की न केवल प्रशंसा की है, बल्कि प्रभु रामलला के आशीर्वाद की शुभकामनाएं भी दी हैं। संघ-संतों की इस जमात में सबसे प्रमुख हैं-चंपत राय। वह श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के महासचिव हैं। यूं कहें कि अयोध्या में निर्माणाधीन प्रभु राम के भव्य मंदिर के बुनियादी कर्ताधर्ताओं में एक हैं। चंपत राय आरएसएस से जुड़े रहे हैं। उनकी टिप्पणी गौरतलब है कि इतनी सर्दी में 50 साल का एक नौजवान पैदल चल रहा है, यह वाकई प्रशंसनीय है। राहुल गांधी यात्रा कर देश को समझना चाहते हैं, इसमें कुछ भी गलत नहीं है। ठंड के मौसम में 3000 किलोमीटर चलना बड़ी बात है। उनकी यात्रा की न तो संघ ने और न ही प्रधानमंत्री ने आलोचना की है। राम मंदिर के मुख्य पुजारी महंत सत्येन्द्र दास के अलावा महंत दिव्य कला, महंत जनमेजय शरण, महंत करुणानिधान, महंत मैथिली रमण आदि ने भी श्रीराम के आधार पर राहुल गांधी को आशीर्वाद दिए हैं और उनके स्वास्थ्य, दीर्घायु की मंगलकामना भी की है। ये सभी आध्यात्मिक चेहरे अयोध्या के राम मंदिर से जुड़े हैं। न जाने किस संदर्भ में उन्होंने कांग्रेस नेता को आशीर्वाद और प्रशंसा की शुभकामनाएं दी हैं! ये शब्द और आशीष एकदम राजनीतिक भी नहीं हो सकते, क्योंकि संघ ऐसी राजनीतिक टिप्पणियों से दूर ही रहा है और साधु-संतों का सियासत से क्या सरोकार हो सकता है? यह जरूर कहा और माना जा सकता है कि ऐसे हिन्दूवादी और राममय चेहरे कोई ओछी टिप्पणी भी नहीं करते। इन आशीर्वचनों में लक्षणा-व्यंजना अथवा किसी प्रकार के तंज को तलाशना भी गलत होगा। ये आशीर्वाद निश्छल और स्वाभाविक हैं, आत्मा की गहराइयों से दिए गए हैं। ऐसी मंगलकामनाओं से राहुल गांधी 'रामभक्त' हो जाएंगे या उनकी नफरती भाषा, ज़हरीली सोच बदल जाएगी अथवा राजनीतिक समीकरणों में एक और पार्टी 'राममय' हो जाएगी, हम इतनी जल्दी ऐसे निष्कर्ष पर पहुंचने वाले नहीं हैं। अलबत्ता यह एक बेहद सकारात्मक और सुकूनदेय प्रतिक्रिया है, जो प्रथमद्रष्ट्या साबित करती है कि संघ को नफरत और तोडऩे, विभाजित करने वाला संगठन करार देना और बार-बार उस पर लांछन लगाने की राजनीति भी दुराग्रही है। राहुल गांधी भी कमोबेश इसी राजनीतिक सोच के शिकार रहे हैं। संघ नेता और साधु-संतों का आशीष भरा व्यवहार राहुल को सोचने पर बाध्य कर सकता है। सवाल यह भी उभरा है कि संघ और संतों का कुछ हृदय-परिवर्तन हुआ है अथवा ये आशीर्वाद और प्रशंसाएं भी किसी राजनीतिक रणनीति का हिस्सा हैं? राहुल गांधी की यात्रा अभी उप्र को पार कर हरियाणा में प्रवेश कर चुकी है। उप्र के दौरान यात्रा अयोध्या के करीब भी नहीं आई। बागपत, शामली, कैराना आदि के जाटबहुल, मुस्लिमवादी और दलितवादी इलाकों से यात्रा गुजऱ कर गई है। उप्र प्रवास के दौरान अयोध्या राम मंदिर का कोई मुद्दा भी नहीं उभरा था। फिर भी संघ और संतों ने यात्रा की प्रशंसा की है। महंत सत्येन्द्र दास ने तो राहुल गांधी को पत्र तक लिखा है। राहुल देश को टूटा हुआ मानकर उसे जोडऩे के प्रयास में निकले हैं, जबकि संघ 'अखंड भारत' की बात करता रहा है और हम भी इसी सोच के पक्षधर हैं कि भारत एक विविध और संगठित राष्ट्र है। दरअसल यह यात्रा कांग्रेस के भीतर राहुल गांधी को व्यस्त रखने की जन-संपर्क कवायद है, ताकि देश में उनकी छवि एक परिपक्व नेता की बनाई जा सके। सवालिया तो यह भी है कि उप्र में यात्रा के दौरान मायावती, अखिलेश यादव और ओमप्रकाश राजभर सरीखे प्रमुख विपक्षी नेता शामिल क्यों नहीं हुए? दूर से शुभकामनाएं भेजना तो कोरी औपचारिकता है, लेकिन बुनियादी सवाल राहुल और कांग्रेस के नेतृत्व की स्वीकार्यता का है। यात्रा को लेकर खुद कांग्रेस और उसके प्रवक्ता ही भ्रम में हैं कि यह राजनीतिक है अथवा सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जन-आंदोलन है? यदि राहुल गांधी के अभी तक के संबोधनों और जवाबों को देखें, तो उनके तमाम बिम्ब राजनीतिक रहे हैं। बहरहाल संघ के प्रचारक और अयोध्या के साधु-संतों का राहुल गांधी के प्रति व्यवहार बिल्कुल पारदर्शी, निष्कलंक, निष्कलुष है, जिसकी विभिन्न व्याख्याएं करने की जरूरत नहीं है। आशा की जानी चाहिए कि इस यात्रा में राहुल देश को पूरी तरह समझ पाएंगे, साथ ही आरएसएस के लक्ष्यों को लेकर भी उनके संदेह दूर होंगे। अगर राहुल और संघ एक-दूसरे को समझ पाए, तो इसके दूरगामी परिणाम होंगे।

> राहुल गांधी यात्रा कर देश को समझना चाहते हैं, इसमें कुछ भी गलत नहीं है। ठंड के मौसम में 3000 किलोमीटर चलना बड़ी बात है। उनकी यात्रा की न तो संघ ने और न ही प्रधानमंत्री ने आलोचना की है।राम मंदिर के मुख्य पुजारी महंत सत्येन्द्र दास के अलावा महंत दिव्य कला, महंत जनमेजय शरण, महंत करुणानिधान, महंत मैथिली रमण आदि ने भी श्रीराम के आधार पर राहुल गांधी को आशीर्वाद दिए हैं और उनके स्वास्थ्य, दीर्घायु की मंगलकामना भी की है। ये सभी आध्यात्मिक चेहरे अयोध्या के राम मंदिर से जुड़े हैं। न जाने किस संदर्भ में उन्होंने कांग्रेस नेता को आशीर्वाद और प्रशंसा की शुभकामनाएं दी हैं! ये शब्द और आशीष एकदम राजनीतिक भी नहीं हो सकते, क्योंकि संघ ऐसी राजनीतिक टिप्पणियों से दूर ही रहा है।

## ब्लॉक इकाई व जिला संगठन में काम करने वाले अधिकांश पदाधिकारियों को सत्ता में कोई भागीदारी नहीं मिल पाई

# राजस्थान में कांग्रेस दो सत्ता में लौटना है तो बदलनी होगी अपनी रणनीति

**रमेश सर्राफ धमोरा**

> कांग्रेस के नेता जहां फिर से सरकार रिपीट करवाने का प्रयास कर रहे हैं।वहीं भाजपा सरकार बनाने की अपनी बारी का इंतजार कर रही है। अन्य राजनीतिक दल इन दोनों ही दलों को पटखनी देकर अगली सरकार बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाना चाहते हैं। राहुल गांधी की राजस्थान में 18 दिनों तक चली भारत जोड़ो पदयात्रा को मिले जन सथर्मन से कांग्रेस गदगद नजर आ रही है। वहीं भाजपा गहलोत सरकार के खिलाफ प्रदेश में निकाली गई जनाक्रोश यात्राओं में ज्यादा भीड़ नहीं जुटा पाने से हताश नजर आ रही है। अन्य राजनीतिक दलों के नेता भी अपना प्रभाव बढ़ाने के प्रयास में लगे हुए हैं।

**राजस्थान** में अगले विधानसभा चुनाव को लेकर सभी राजनीतिक दलों ने अपनी चुनावी तैयारियां प्रारंभ कर दी हैं। प्रदेश में सत्तारुढ़ कांग्रेस पार्टी, मुख्य विपक्षी दल भाजपा, तिकोनी टक्कर बनाने में जुटी बसपा, आम आदमी पार्टी, राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी, असदुद्दीन ओवैसी की ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन, वामपंथी दल, भारतीय ट्राइबल पार्टी सभी अगले विधानसभा चुनाव में सत्तारुढ़ होने का सपना देख रहे हैं। कांग्रेस के नेता जहां फिर से सरकार रिपीट करवाने का प्रयास कर रहे हैं। वहीं भाजपा सरकार बनाने की अपनी बारी का इंतजार कर रही है। अन्य राजनीतिक दल इन दोनों ही दलों को पटखनी देकर अगली सरकार बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाना चाहते हैं। राहुल गांधी की राजस्थान में 18 दिनों तक चली भारत जोड़ो पदयात्रा को मिले जन समर्थन से कांग्रेस गदगद नजर आ रही है। वहीं भाजपा गहलोत सरकार के खिलाफ प्रदेश में निकाली गई जनाक्रोश यात्राओं में ज्यादा भीड़ नहीं जुटा पाने से हताश नजर आ रही है। अन्य राजनीतिक दलों के नेता भी अपना प्रभाव बढ़ाने के प्रयास में लगे हुए हैं। सांसद असदुद्दीन ओवैसी भी राजस्थान के कई जिलों की यात्राएं कर जनमानस का मूड टटोल चुके हैं। बसपा भी अपने जर्जर संगठन को एक बार फिर नए सिरे से खड़ा करने का प्रयास कर रही है। आम आदमी पार्टी भी सभी 200 विधानसभा सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारने की घोषणा कर चुकी है। राहुल गांधी की पदयात्रा राजस्थान में आठ जिलों से होकर गुजरी थी। उस दौरान प्रायः सभी छोटे-बड़े नेताओं ने राहुल गांधी से मिलकर उन्हें अपने विचारों से अवगत करवाया था। राहुल गांधी ने सभी की बातें बड़े ध्यान से सुनी थीं। बहुत से लोगों ने राहुल गांधी को गहलोत सरकार की कई खामियों के बारे में भी बताया था। जिनको लेकर राहुल गांधी ने यात्रा के अंतिम दिन अलवर में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सहित अन्य प्रमुख नेताओं के साथ एक बैठक कर सभी बातों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की व प्रदेश में जो समस्याएं हैं उनका समाधान निकालने के लिए भी मुख्यमंत्री को कहा था। राजस्थान कांग्रेस में सितंबर महीने में चले राजनीतिक घटनाक्रम के बाद पार्टी की फूट खुलकर



सड़कों पर आ गई थी। मगर राहुल गांधी की यात्रा के बाद कांग्रेस एक बार फिर से एकजुट नजर आने लगी है। अजय माकन के इस्तीफे के बाद पंजाब के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुखजिंदर सिंह रंधावा को राजस्थान कांग्रेस का नया प्रभारी बनाया गया है। वह भी प्रदेश में लगातार दौरे कर कांग्रेस कार्यकर्ताओं से फीडबैक ले रहे हैं तथा पार्टी में आपसी एकता कायम करने की दिशा में काम कर रहे हैं। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत अगली बार फिर से सरकार रिपीट करने को लेकर पूरी तरह आश्वस्त नजर आ रहे हैं। उन्होंने कहा है कि आने वाला बजट पूरी तरह किसानों व गरीबों को समर्पित होगा। गहलोत सरकार द्वारा वोट बटोरने के लिये अगले बजट में कई लोक लुभावनी घोषणाएं भी की जाएंगी। कांग्रेस पार्टी के सभी बड़े नेता बढ़-चढ़कर दावा कर रहे हैं कि प्रदेश में कई हजार लोगों को राजनीतिक नियुक्तियां दी गई हैं। जिनकी बदौलत पार्टी को अगले चुनाव में बड़ी सफलता मिलेगी। मगर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सहित कांग्रेस के सभी बड़े नेता इस बात को भूल जाते हैं कि राजनीतिक नियुक्तियों में जिनको बड़े पद दिए गए हैं वह सभी पार्टी के बड़े नेता हैं। अधिकांश बड़े पदों पर विधायकों, पूर्व सांसदों, पूर्व विधायकों व संगठन में बड़े पदों पर रहे नेताओं को ही समायोजित किया गया है। आम जनता के बीच रहकर रात दिन पार्टी के लिए काम करने वाले उन कार्यकर्ताओं को क्या मिला जो बूथों पर जाकर पार्टी के पक्ष में वोट डलवाते हैं तथा विपक्षी दलों के लोगों से झगड़ा तक करते हैं। आज बूथ से लेकर ग्राम इकाई, ब्लॉक इकाई व जिला संगठन में काम करने वाले अधिकांश पदाधिकारियों को सत्ता में कोई भागीदारी नहीं मिल पाई है। जो जमीनी स्तर पर काम करने वाले लोग हैं। कार्यक्रमों में दरिया बिछाते हैं। पार्टी के लिए मरने मारने पर उतारू रहते हैं। रात दिन कांग्रेस के नाम की माला जपते हैं। वैसे लोगों का राजनीतिक नियुक्तियों में कहीं भी नाम नहीं है। राजनीतिक नियुक्तियों में उन्हीं लोगों को पद मिले हैं जो मौजूदा विधायकों या बड़े नेताओं के नजदीकी रहकर चापलूसी की राजनीति करते हैं। जो लोग सत्ता की दलाली करते हैं। वह जोड़ तोड़ कर सरकारी पदों पर आसीन हो जाते हैं। जबकि नीचे के स्तर पर काम करने वाले आम कार्यकर्ताओं को कोई भी नहीं पूछता है। कांग्रेस पार्टी में जब तक ग्रास रूट वर्कर को महत्व नहीं मिलेगा तब तक किसी भी स्थिति में फिर से सरकार नहीं बना पाएगी। सत्ता की मलाई खाने वाले अधिकांश नेता अपने राजनीतिक स्वार्थ के चलते मौका देखकर दल बदलने में भी देर नहीं लगाते हैं। जबकि जमीनी स्तर पर काम करने वाले कार्यकर्ताओं के मन में पार्टी के प्रति भावना कूट-कूट कर भरी रहती है और वह किसी भी स्थिति में पार्टी को नहीं छोड़ते हैं। उन्हीं जमीनी कार्यकर्ताओं के बल पर आज भी कांग्रेस पार्टी पूरे देश में टिकी हुई है। राजस्थान में भाजपा की स्थिति भी बहुत अच्छी नहीं कही जा सकती है। राजस्थान में गुटों में बंटी भाजपा गुटबाजी के दलदल में फंसी हुई है। यहां हर बड़े नेता का अपना गुट बना हुआ है। हर बड़ा नेता अपने को अगला मुख्यमंत्री मानकर चल रहा है। ऐसे में संगठन के स्तर पर भाजपा की हालत बहुत खराब हो रही है। लगातार सत्ता में रहने के कारण भाजपा कार्यकर्ताओं में भी चापलूसी हावी होती जा रही है। संगठन में कई ऐसे लोगों को बड़े पदों पर बैठा दिया गया है जो अपने गांव में पंच का चुनाव भी नहीं जीत सकते हैं। आपसी गुटबाजी के चलते ही भाजपा द्वारा प्रदेश में निकाली गई जन आक्रोश यात्राओं को उतना समर्थन नहीं मिल पाया जितना मिलना चाहिए था। पार्टी के ग्रास रूट के कार्यकर्ता अपनी उपेक्षा से क्षुब्ध होकर घर बैठ गए हैं। जोड़-तोड़ कर पद हासिल करने वाले लोगों के पास जनसमर्थन नहीं है। इसी कारण पार्टी के कार्यक्रम लगातार फेल हो रहे हैं। अब भाजपा में भी पैसों की राजनीति हावी होने लगी है।

# पाकिस्तान में टीटीपी की दहशत

> टीटीपी की शर्त थी कि पाकिस्तान सरकार ट्रायबल क्षेत्र उसके हवाले कर दे। इसका मतलब था कि पाकिस्तान सरकार खैबर पख्तूनखवा पर अपना दावा छोड़ कर उसे टीटीपी के हवाले कर दे। बातचीत फेल हुई तो टीटीपी के हमले भी तेज हो गए। ये हमले पाकिस्तान में ही तेज नहीं हुए बल्कि अफगानिस्तान में भी पाकिस्तानी ठिकानों पर हमले हुए। काबुल में पाकिस्तानी दूतावास पर हमला इतना भयंकर था कि पाकिस्तानी राजदूत किस्मत से ही बच पाया। काबुल का कहना है कि यह हमला इस्लामी स्टेट ख़ुरासान के लोगों ने किया जबकि इस्लामाबाद का आरोप है कि टीटीपी और आईएस के लोग आपस में मिले हुए हैं। पिछले दिनों तो टीटीपी ने पाकिस्तान के सिविल समाज को भी हिला दिया। उन्होंने कहा कि टीटीपी पाकिस्तान की सत्ता पर उसी प्रकार कब्जा कर लेगी जिस प्रकार तालिबान ने अमेरिका को भगा कर काबुल पर कब्जा कर लिया था। उसने बाकायदा सरकार के मंत्रालयों की और मंत्रियों की घोषणा कर दी जिनको इस्लामाबाद पर कब्जा करने के बाद दायित्व दिया जाएगा।

**एक** कहावत है, जो दूसरों के लिए गड्ढा खोदते हैं वे किसी दिन स्वयं उसमें गिरते हैं। लगता है पाकिस्तान में यह कहावत सच सिद्ध हो रही है। पाकिस्तान ने अफगानिस्तान में तालिबान की सरकार स्थापित करने में मदद की थी। उसे लगता था कि अफगानिस्तान में भारत विरोधी सरकार बन जाएगी जिससे पाकिस्तान को लाभ हो। अमेरिका अफगानिस्तान में बुरी तरह फंस गया था। वह वहां से किसी तरह निकलना चाहता था। इसके लिए वह तालिबान तक को काबुल सौंपने के लिए तैयार हो गया। लेकिन इस काम के लिए उसे जिस मध्यस्थ की जरत थी, वह भूमिका पाकिस्तान ने निभाई। जाहिर है वह इस मामले में अमेरिका के लिए भी उपयोगी सिद्ध हुआ। इसे भी वह भारत विरोध में ही भुनाना चाहता था। लेकिन पाकिस्तान इस पूरी रणनीति में एक महत्वपूर्ण तथ्य को भूल गया। अफगानिस्तान और पाकिस्तान को विभाजित करने वाली डूरंड लाईन को अफगानिस्तान स्वीकार नहीं करता। पाकिस्तान को लगता था कि तालिबान शासित अफगानिस्तान डूरंड लाईन को स्वीकार कर लेगा। उसका कारण भी था। तालिबान भी इस्लाम को प्रमुखता देता है और पाकिस्तान तो बना ही इस्लाम के नाम पर था। इसलिए पाकिस्तान समझ रहा था कि इस्लाम दोनों देशों के सम्बन्धों को और मज़बूत करने का काम करेगा। लेकिन वह भूल गया कि जो इस्लाम पूर्वी पाकिस्तान और पश्चिमी पाकिस्तान को ही एक नहीं रख पाया वह अफगानिस्तान और पाकिस्तान को कैसे जोड़ देगा? लेकिन दोनों देशों में ऐसा क्या विवाद है जिसने इस्लाम को भी दोयम दर्जे में ला दिया है। जैसा कि मैंने पहले ही संकेत दिया है डूरंड रेखा के दोनों ओर पश्तून रहते हैं। उनके लिए यह सीमा रेखा कोई मायने नहीं रखती। वे दोनों ओर आते-जाते रहते हैं। उनकी आपस में रिश्तेदारियां हैं। पाकिस्तान का सूबा खैबर पख्तूनखवा मोटे तौर पर पश्तूनों या पठानों का सूबा है। पश्तून पाकिस्तान से उसी तरह आज़ाद होना चाहते हैं जिस प्रकार कभी बंगाली पाकिस्तान से निकल जाना चाहते थे। पाकिस्तान से अलग होने के लिए पश्तूनों ने टीटीपी यानी तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान नाम का संगठन बनाया हुआ है। यह संगठन अहिंसा में विश्वास नहीं रखता। वह पाकिस्तान से उसी तरीक़े से आजादी प्राप्त करना चाहते हैं जिस प्रकार कभी अफगानिस्तान के तालिबान अमेरिका से प्राप्त करना चाहते थे। यानी बम और बन्दूक के माध्यम से। इतना तो सभी जानते हैं कि पाकिस्तान के पश्तून इलाक़ों में और चीज़ों की कमी हो सकती है लेकिन हथियारों की कमी नहीं है। टीटीपी के कार्यकर्ता पाकिस्तान सेना के ठिकानों पर हमला करके अफगानिस्तान में चले जाते हैं। टीटीपी ने बलूची आजादी के लिए संघर्ष कर रहे बलोच योद्धाओं से भी हाथ मिला लिया है। माना जाता है कि पिछले साल बलूचिस्तान और पख्तूनखवा में टीटीपी के हमलों में 44 फीसदी वृद्धि हुई है। यहां तक कि इस्लामाबाद में भी हमले हुए। पिछले कुछ दिनों से अफगनिस्तान सरकार टीटीपी और पाकिस्तान सरकार में समझौता करवाने की कोशिश कर रही थी। इस कारण से टीटीपी और पाकिस्तान सरकार के बीच एक प्रकार से युद्ध विराम की स्थिति बना हुई थी। लेकिन यह बातचीत कुछ दिन पहले असफल हो गई। टीटीपी की शर्त थी कि पाकिस्तान सरकार ट्रायबल क्षेत्र उसके हवाले कर दे। इसका मतलब था कि पाकिस्तान सरकार खैबर पख्तूनखवा पर अपना दावा छोड़ कर उसे टीटीपी के हवाले कर दे। बातचीत फेल हुई तो टीटीपी के हमले भी तेज हो गए। ये हमले पाकिस्तान में ही तेज नहीं हुए बल्कि अफगानिस्तान में भी पाकिस्तानी ठिकानों पर हमले हुए। काबुल में पाकिस्तानी दूतावास पर हमला इतना भयंकर था कि पाकिस्तानी राजदूत क़िस्मत से ही बच पाया। काबुल का कहना है कि यह हमला इस्लामी स्टेट ख़ुरासान के लोगों ने किया जबकि इस्लामाबाद का आरोप है कि टीटीपी और आईएस के लोग आपस में मिले हुए हैं। पिछले दिनों तो टीटीपी ने पाकिस्तान के सिविल समाज को भी हिला दिया। उन्होंने कहा कि टीटीपी पाकिस्तान की सत्ता पर उसी प्रकार कब्जा कर लेगी जिस प्रकार तालिबान ने अमेरिका को भगा कर काबुल पर कब्जा कर लिया था। उसने बाकायदा सरकार के मंत्रालयों की और मंत्रियों की घोषणा कर दी जिनको इस्लामाबाद पर कब्जा करने के बाद दायित्व दिया जाएगा। पाकिस्तान सरकार को लगा कि अफगानिस्तान में तालिबान की सरकार तो उसने ही स्थापित की है। इसलिए उसे थोड़ा डांटना चाहिए कि पाकिस्तान के तालिबान की सहायता न करे। यदि वह यहीं तक सीमित रहती तब शायद मामला इतना न उलझता और बात छिपी रहती। लेकिन पाकिस्तान के गृहमंत्री राणा सनाउल्लाह ने कहा कि इस्लामी भाई होने के नाते हम पहले तो अफगानिस्तान से आग्रह करेंगे कि पाकिस्तानी तालिबान को हमारे हवाले कर दें, लेकिन यदि ऐसा नहीं होता और ऐसा हो भी नहीं रहा है तो पाकिस्तान की सेना अफगानिस्तान के भीतर घुस कर पाकिस्तानी तालिबान यानी टीटीपी के ठिकानों को नष्ट करेगी। पाकिस्तान के इस बड़बोलेपन का उत्तर तुरंत अफगानिस्तान के तालिबान प्रतिनिधि जबीउल्लाह मुजाहिद ने दिया। उसने कहा कि पाकिस्तान इस प्रकार की हरकत के बारे में सोचने की भी गलती न करे। काबुल अपने देश की रक्षा करने में पूरी तरह से सक्षम है। वह किसी देश को भी अपने देश में दखलअंदाजी की अनुमति नहीं देगा। वह सभी पड़ोसी देशों से शान्तिपूर्ण सम्बन्ध रखना चाहता है। जहां तक पाकिस्तान की सेना की बहादुरी का प्रश्न है, उसका उत्तर जबीउल्लाह ने वह तस्वीर सांझा करके दिया जिसमें 1971 में पाकिस्तानी सेना भारत के आगे 90000 सैनिकों के साथ आत्मसमर्पण कर रही थी। जाहिर है पाकिस्तान उसी चक्रव्यूह में ख़ुद फंस गया है जो उसने कभी भारत को घेरने के लिए रचा था। भारत में इस स्थिति को पाकिस्तान के लिए शर्मनाक माना जा रहा है। पाकिस्तान हमेशा ही भारत के खिलाफ आतंकवाद का प्रयोग करता रहा है। ऐसी स्थिति में भारत का खुश होना स्वाभाविक है। अब देखते हैं कि पाक की क्या प्रतिक्रिया रहती है।

## कुछ अलग

# सरकार के पालने में

**मुख्यमंत्री** का सामाजिक व सांस्कृतिक चेहरा जब दर्द का एहसास करे, तो सामान्य नीतियों की पड़ताल भी अंतिम पायदान तक स्पर्श करती है। एक पालक मुख्यमंत्री के रूप में सुखविंदर सिंह सुक्खू का छह हजार अनाथों के प्रति संवेदनशील होना, दर्शाता है कि वह सरकार को सामान्य फर्ज अदायगी से कहीं आगे ले जाना चाहते हैं। अनाथ बच्चों की देखभाल के लिए 101 करोड़ से शुरू किया जा रहा 'सुखाश्रय' कोष, अपने साथ वचनबद्धता के अनूठे प्रतीकों की संरचना भी कर रहा है। विधायकों के पहले वेतन से निकल रहा एक-एक लाख रुपए का योगदान, जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति जनप्रतिनिधियों का रवैया जरूर बदलेगा। ऐसा नहीं है कि इससे पहले धन आबंटन की परंपराएं कम या कमजोर रहीं, लेकिन विभागीय रूटीन में सरोकारों की कमी हमेशा दिखाई देती रही है। मुख्यमंत्री राहत कोष का इस्तेमाल सदा नजराने के रूप में होता आया है और इसके तहत लाभार्थी दरअसल राजनीतिक आपूर्तियों की दृष्टि से चुने जाते रहे हैं। सरकार की जन कल्याणकारी नीतियां प्रदेश भर में अपने कारनामें करती रही हैं या आंकड़ों की दृष्टि में आगे बढ़ती रही हैं, लेकिन यहां एक ऐसी शुरुआत हो रही है जिसका संबंध 'एक नए मिशन' के धरातल को पुख्ता कर रहा है। सबसे अहम बात यह कि समाज की दृष्टि में 'अनाथ बच्चों' का भविष्य सुनिश्चित होगा। बहरहाल यह कदम केवल एक सीमित उद्देश्य की आपूर्ति नहीं, बल्कि ऐसे कार्यों को अंजाम तक पहुंचाने की नई दृष्टि भी है। 'सुखाश्रय कोष' के जरिए व्यवस्थागत जरूरतों के अलावा लक्ष्य केंद्रित इंसाफ दिलाने की इस मुहिम को जनता का समर्थन मिले, तो हर नागरिक के पास एक ऐसा अवसर है जहां कुछ न कुछ समाज को लौटाया जा सकता है। यह इसलिए भी कि समाज अपने दायित्व की मूल भावना से दूर हटकर केवल दर्शक बनता जा रहा है। जहां वृद्धाश्रम अब समय की जरूरत बन रहे हों, वहां समाज की आपाधापी में सरकार का हस्तक्षेप जरूरी होता जा रहा है। बेशक सरकारी व गैर सरकारी क्षेत्र में ऐसे संस्थानों की संख्या निरंतर बढ़ी है, लेकिन इनके संचालन में सेवा भावना का अभाव हमेशा दुखदायी बना रहा। बीच-बीच में कुछ घटनाओं के कारण अनेक प्रश्न खड़े होते रहे हैं, जिन्हें केवल कानून की दृष्टि से देखकर पूर्ण सुधार नहीं हुआ, अतः नए सिरे से ऐसी सभी संस्थाओं का निरीक्षण-परीक्षण करना होगा तथा सारी व्यवस्था को फिर से लिखना पड़ेगा। सरकार अकेले धन की व्यवस्था तो मुकम्मल कर सकती है, लेकिन इनके उद्देश्यों को पूरा करने के लिए समाज का योगदान अपरिहार्य है। बहरहाल सुक्खू सरकार ने अपने आरंभिक निर्णयों में से एक यानी 'सुखाश्रय कोष' के मार्फत यह संदेश तो दिया ही है कि अगर नेक नीयत से शुरुआत की जाए तो अवश्य ही समाज का समर्थन भी मिल सकता है।

> सरकार की जन कल्याणकारी नीतियां प्रदेश भर में अपने कारनामें करती रही हैं या आंकड़ों की दृष्टि में आगे बढ़ती रही हैं, लेकिन यहां एक ऐसी शुरुआत हो रही है जिसका संबंध 'एक नए मिशन' के धरातल को पुख्ता कर रहा है। सबसे अहम बात यह कि समाज की दृष्टि में 'अनाथ बच्चों' का भविष्य सुनिश्चित होगा। बहरहाल यह कदम केवल एक सीमित उद्देश्य की आपूर्ति नहीं, बल्कि ऐसे कार्यों को अंजाम तक पहुंचाने की नई दृष्टि भी है।

## नागरिक बोध

# नेताओं की बदजुबानी कैसे रोकी जाये? यह प्रश्न अब भी बरकरार है

**सर्वोच्च** न्यायालय ने इस मुद्दे पर अपना फैसला सुनाया है कि कोई मंत्री यदि आपत्तिजनक बयान दे दे तो क्या उसके लिए उसकी सरकार को जिम्मेदार ठहराया जा सकता है? यह मुद्दा इसलिए उठा था कि आजम खान नामक उत्तर प्रदेश के मंत्री ने 2016 में एक बलात्कार के मामले में काफी आपत्तिजनक बयान दे दिया था। सर्वोच्च न्यायालय के पांच जजों में से चार की राय थी कि हर मंत्री अपने बयान के लिए खुद जिम्मेदार है। उसके लिए उसकी सरकार को दोषी नहीं ठहराया जा सकता। इस राय से अलग हटकर न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्न का कहना था कि यदि उस मंत्री का बयान किसी सरकारी नीति के मामले में हो तो उसकी जिम्मेदारी सरकार पर डाली जानी चाहिए। शेष चारों जजों का कहना था कि संविधान कहता है कि देश में सबको अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता है। इस स्वतंत्रता का जो भी दुरुपयोग करेगा, उसे सजा मिलेगी। ऐसी स्थिति में अलग से कोई कानून थोपना तो अभिव्यक्ति की इस स्वतंत्रता का हनन



होगा। संविधान की धारा 19 (2) में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर जो भी मर्यादाएं रखी गई हैं, वे पर्याप्त हैं। चारों न्यायाधीशों की राय काफी तर्कसंगत प्रतीत होती है लेकिन जज नागरत्न की चिंता भी ध्यान देने लायक है। आखिर मंत्री का बयान प्रचारित इसलिए होता है कि वह मंत्री है। वह सरकार का प्रतिनिधित्व करता है लेकिन उसके व्यक्तिगत बयानों के लिए सरकार को जिम्मेदार कैठे ठहराया जा सकता है? इसके अलावा यह तय करना भी आसान नहीं है कि उसका कौन-सा बयान व्यक्तिगत है और कौन-सा उसकी सरकार से संबंधित है। मैं सोचता हूं कि इस मामले में जैसा कानून अभी उपलब्ध है, वह पर्याप्त है। कानून की नई सख्तियाँ लागू करने से भी ज्यादा जरूरी है कि हमारे मंत्री और नेता लोग खुद पर ज़रा आत्म-संयम लागू करें। उनका मंत्रिमंडल और उनकी पार्टी उन्हें मर्यादा में रहना सिखाए। दुखद स्थिति यह है कि पार्टी और सरकार के सर्वोच्च नेता भी अनाप-शनाप बयान देने से बाज नहीं आते। अखबार और टीवी चैनल भी उन जहरीले चटपटे बयानों को उछालने का मजा लेते हैं। यदि हमारी खबरपालिका अपनी लक्ष्मण-रेखाएँ खींच दे तो इस तरह के जहरीले, कटुतापूर्ण और घटिया बयानों पर किसी का ध्यान जाएगा ही नहीं। जो नेतागण इस तरह के बयान देने के आदी हैं, उनकी पार्टी उन पर कड़े प्रतिबंध भी लगा सकती हैं, उन्हें दंडित भी कर सकती हैं। यदि हमारी खबरपालिका और पार्टियां संकल्प कर लें तो वे नेतागण की इस बदजुबानी को काफी हद तक रोक सकती हैं। अदालतों के सहारे उन्हें रुकवाने से यह कहीं बेहतर तरीका है।

## देश दुनीया से

# साल नया है, हाल पुराना

**हालांकि** साल नया है, लेकिन हाल बेहाल है। वही महंगे बैंगन, टमाटर और आलू। वही पेट्रोल के भाव व रसोई गैस की किल्लत। नये साल में भी वही होगा, जो पुराने साल में हुआ था। महंगाई बढ़ेगी, दंगे फसाद होंगे, नये चुनाव होंगे, पुराने दाम पर कोई चीज नहीं मिलेगी। श्रीपत जी का कहना है कि नया साल तो उमंग और उत्साह देने वाला होता है, लेकिन मैं कहता हूँ कि उमंग और उत्साह से बंटता क्या है? फिर बिना दमड़ी के ये दोनों मन में उपजते भी नहीं है। इस बार श्रीपत जी नये साल के एक दिन पहले ही शुभकामना देने चले आये, कहने लगे -'शर्मा तुम्हारे पूरे परिवार को मेरी शुभकामनाएं। ईश्वर तुम्हारी पेंशन में बीस रुपये की वृद्धि करे।' मैंने कहा -'श्रीपत जी, आपको भी मंगल कामनाएं। ईश्वर आपकी दुकान को दंगों से बचाये।' श्रीपत जी ने पलटकर कहा-'यह क्या कह रहे हो शर्मा? मेरी दुकान को क्या होने वाला है। क्या कोई साम्प्रदायिक दंगे की आशंका है क्या?' मैं बोला -'चुनावी वर्ष है, यह कोई मुश्किल काम नहीं है। फिर नौजवान सडक़ों पर हैं। उनके हाथ खाली हैं। घर पर जायेंगे तो कुछ लेकर ही जायेंगे। इसलिए नौजवानों से प्रभु बचाये और सरकार को अन्ना की नजर न लगे।' 'यार शर्मा, तुम्हारी बातें मेरी समझ से परे हैं। आखिर होने वाला क्या है?' श्रीपतजी बोले तो मैंने कहा -'होना क्या है, साल नया है लेकिन हाल वही पुराना है। मेरा मतलब गरीबी, बेकारी और मारा-मारी वही रहेगी। नौजवानों को बरगलाया जा रहा है कि नये साल में लाखों की संख्या में नयी नौकरियां दी जायेंगी। गरीबी मिटाने का कार्यक्रम ज्यों का त्यों रहेगा। लूट-खसोट का आलम भी वही पुराना। इधर नौजवान ही बलात्कार कर रहे हैं और वे ही बलात्कार के खिलाफ आवाज उठा रहे हैं। अजीब विरोधाभास है। कहा जा रहा है कि नौजवान जाग उठा है और देश में नयी क्रान्ति होगी। मुझे इसमे भ्रान्ति के आसार ज्यादा दिखाई दे रहे हैं, कहीं भटकाव आ गया तो ये घर के रहेंगे न घाट के। इस नये साल में भी राजनेता, टोपी बदलेंगे और नये संस्करण में अपने को प्रस्तुत करेंगे।' 'इसका मतलब नये साल में उत्साह और उमंग वाला कोई नजारा दिखाई नहीं देगा। यह भी साफ है कि नया बजट नये कर लेकर आयेगा तथा पैट्रोल-डीजल और रसोई गैस इस वर्ष की भांति नये साल में भी परवान चढ़ेगी। श्रीपत जी बोले तो मैंने कहा -'और क्या, घी-दूध की नदियां बहेंगी। घी-दूध के तो लुप्तप्रायः होने के दिन हैं ये। वे ही गबन-घोटाले और बड़े-बड़े घपले लेकर आयेगा नया साल भी। आप खुद देख लेना नेता लूटना बंद नहीं करेंगे देश को। गरीबी-अमीरी की खाई और चौड़ी होगी। दफ्तरों में रिश्वत का कारोबार पहले की तरह ही चलेगा, बल्कि दरें बढ़ जायेंगी। पचास रुपये वाली रिश्वत पांच सौ हो जाये तो आश्चर्य मत करना श्रीपत जी।' 'यार शर्मा, तुम तो आदमी काम के हो। सारा हाल जानते हो। नये साल की हस्तरेखायें खूब पहचानते हो। मैं तो तुमको यों ही कलम घसीटा समझता था। अच्छा एक बात बताओ, तुम नया साल कैसे मनाओगे?' श्रीपत जी ने पूछा। मैं बोला-'वही दाल-रोटी खाऊंगा और पुराना कम्बल ओढक़र ठिठुराती रात में टीवी पर कार्यक्रम देख कर गुजार दूंगा सर्दी की रात को भी। नये साल के दिन यानि कल हो सका तो कढ़ी-चावल बनवा लूंगा ताकि नये साल का शगुन हो जाये। किसी पांच सितारा होटल में तो जाने से रहा।' वे बोले-'इसका मतलब पीना-पिलाना वाली बात नहीं है।' मैं बोला-'पानी पीऊंगा और सो जाऊंगा।' तभी पत्नी चाय ले आयी, श्रीपत जी ने चाय को खत्म किया और चलते बने। मैं नये साल की पुरानी तैयारियों को अंतिम रूप देने में लग गया।

> यह भी साफ है कि नया बजट नये कर लेकर आयेगा तथा पैट्रोल-डीजल और रसोई गैस इस वर्ष की भांति नये साल में भी परवान चढ़ेगी। श्रीपत जी बोले तो मैंने कहा -'और क्या, घी-दूध की नदियां बहेंगी। घी-दूध के तो लुप्तप्राय: होने के दिन हैं ये। वे ही गबन-घोटाले और बड़े-बड़े घपले लेकर आयेगा नया साल भी। आप खुद देख लेना नेता लूटना बंद नहीं करेंगे देश को। गरीबी-अमीरी की खाई और चौड़ी होगी। दफ्तरों में रिश्वत का कारोबार पहले की तरह ही चलेगा, बल्कि दरें बढ़ जायेंगी। पचास रुपये वाली रिश्वत पांच सौ हो जाये तो आश्चर्य मत करना श्रीपत जी।' 'यार शर्मा, तुम तो आदमी काम के हो। सारा हाल जानते हो। नये साल की हस्तरेखायें खूब पहचानते हो। मैं तो तुमको यों ही कलम घसीटा समझता था। अच्छा एक बात बताओ, तुम नया साल कैसे मनाओगे?' श्रीपत जी ने पूछा। मैं बोला-'वही दाल-रोटी खाऊंगा और पुराना कम्बल ओढक़र ठिठुराती रात में टीवी पर कार्यक्रम देख कर गुजार दूंगा सर्दी की रात को भी। नये साल के दिन यानि कल हो सका तो कढ़ी-चावल बनवा लूंगा ताकि नये साल का शगुन हो जाये।

# राजस्थान में गहलोत सरकार इतिहास की सबसे नाकारा सरकार : सांसद दीया

**भरतपुर ( हिंस )।** सांसद दीया कुमारी ने कहा कि भ्रष्टाचार में लिप्त राज्य की कांग्रेस सरकार तुगलकी फरमान जारी करने में लगी हुई है, उन्हें यह चिंता नहीं है कि जनता बेहाल है। हर तरफ अराजकता का माहौल है, कानून व्यवस्था छिन्न भिन्न हो चुकी है। उन्हें चिंता है तो सिर्फ भ्रष्ट अधिकारियों को बचाने की। भरतपुर के में जन आक्रोश महासभा को संबोधित करते हुए सांसद दीया कुमारी ने कहा कि प्रदेश में जबसे कांग्रेस की सरकार बनी है, तब से हर तबका परेशान है। किसान हो या व्यापारी, विद्यार्थी हो या महिलाएं। आए दिन पेपर आउट होने से विद्यार्थियों का जीवन अंधकारमय हो चुका है। वहीं महिलाओं के साथ अपराध की संख्या में बेतहाशा वृद्धि हुई है। महिलाओं का घर से निकलना ही दूभर हो गया है। सांसद ने कहा कि जनता में राज्य सरकार के खिलाफ जनाक्रोश बढ़ता जा रहा है। राजस्थान की कांग्रेस सरकार इतिहास की सबसे नाकारा सरकार है, जिसके नेतृत्व में प्रदेश का पतन हुआ। कांग्रेस सरकार के विकास के वादे खोखले साबित हुए। कार्यक्रम में किसान मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं फतहपुर सीकरी सांसद राजकुमार चाहर, भरतपुर सांसद रंजीता कोली, भाजपा प्रदेश महामंत्री भजनलाल शर्मा, जिला अध्यक्ष शैलेश सिंह, पूर्व विधायक अनिता सिंह, जिला प्रभारी एवं पूर्व विधायक बनवारी लाल सिंघल सहित पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता और आमजन उपस्थित थे।



## चाइनीज मांझे के क्रय-विक्रय एवं उपयोग पर प्रतिबंध

**जयपुर ( हिंस )।** मकर सक्रांति पर धातु निर्मित, धातु मिश्रित एवं चाइनीज मांझे के प्रयोग की आशंका को लेकर जिला प्रशासन गंभीर है। जयपुर जिला कलक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने एक आदेश जारी कर 5 जनवरी मध्य रात्रि से 16 जनवरी, 2023 मध्यरात्रि तक धातु निर्मित मांझे के क्रय-विक्रय एवं उपयोग पर प्रतिबंध लगाया है। प्रतिबंधित मांझा विभिन्न धातुओं के मिश्रण से निर्मित होने के कारण धारदार तथा विद्युत का सुचालक होता है, जिसके उपयोग से दोपहिया वाहन चालकों तथा पक्षियों को जान का खतरा रहता है। विद्युत का सुचालक होने के कारण मांझा विद्युत तारों के संपर्क में आने पर पतंग उड़ाने वाले को नुकसान पहुंचने एवं विद्युत सप्लाई बाधित होने की संभावना बनी रहती है। संभावित खतरों के मद्देनजर कलक्टर ने धातु निर्मित, धातु मिश्रित एवं चाइनीज मांझे के उपयोग, नियंत्रण एवं विक्रय पर प्रतिबंध लगाने के आदेश जारी किए हैं।

## आशा, आंगनबाड़ी और परियोजना वर्करों ने डीसी को सौंपा मांग-पत्र



**फतेहाबाद ( हिंस )।** जिलेभर की सैंकड़ों आशा वर्कर्स, आंगनबाड़ी वर्कर्स, मीड डे मील व क्रैच वर्करों ने शुक्रवार को उपायुक्त कार्यालय के बाहर पर रोष प्रदर्शन करते हुए उपायुक्त को अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा। पूर्व घोषित कार्यक्रम अनुसार जिला में कार्यरत सैकड़ों परियोजना वर्कर्स कंपकंपाती ठंड में सुबह उपायुक्त कार्यालय के बाहर पार्क में इकट्ठा हुई, जहां एक सभा का आयोजन किया गया। इसके बाद वर्कर्स वहां से रोष प्रदर्शन करते हुए डीसी कार्यालय पहुंची। इस दौरान उन्होंने केंद्र व राज्य सरकार के खिलाफ और अपनी मांगों के समर्थन में जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन का नेतृत्व आशा यूनियन की प्रधान शीला शक्करपुरा, आंगनबाड़ी वर्कर्स यूनियन की प्रधान सुनीता झलनियां, मिड डे मील वर्कर यूनियन की प्रधान गगनदीप कौर ने किया। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है कि परियोजना वर्करों आशा, आंगनबाड़ी, मिड डे मील, क्रैच वर्करों को पक्के कर्मचारी का दर्जा दिया जाए। जब तक पक्का नहीं किया जाता, मजदूर मानते हुए न्यूनतम वेतन लागू किया जाए। इसके अलावा उन्होंने मांग की कि आंगनबाड़ी सेंटरों का किराया तुरंत दिया जाए, वर्दी भत्ता दिया जाए, सिलेंडरों का पैसा विभाग की तरफ से दिया जाए, मिड डे मील वर्करों को 12 महीने का मानदेय दिया जाए, परियोजनाओं में बजट बढ़ोतरी की जाए।

## मिल्कफैड में ग्रुप सी व डी की पांच सौ पदों पर भर्तियां

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** पंजाब सरकार ने मिल्कफैड और मिल्क यूनियनों में ग्रुप सी और डी के पांच सौ पदों पर सीधी भर्ती की मंजूरी प्रदान कर दी है। शुक्रवार को मुख्यमंत्री भगवंत मान की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में यह फैसला लिया गया। बैठक के बाद मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रवक्ता ने बताया कि मिल्कफैड और इससे संबंधित मिल्क यूनियनों के कामकाज को सुचारू बनाने के लिए यह फैसला लिया गया है। इससे दूध उत्पादकों और किसानों को लाभ होगा क्योंकि इससे दूध से अन्य वस्तुएं तैयार करने के साथ-साथ उत्पादन की प्रभावी मार्किटिंग के द्वारा दूध मार्केट को और ज्यादा असरदार बनाया जा सकेगा। इसी तरह इससे दूध और मिल्कफैड की तरफ से दूध से तैयार होती वस्तुओं की गुणवत्ता सुधारने से उपभोक्ताओं को बड़ी सुविधा मिलेगी। प्रवक्ता ने बताया कि पंजाब सरकार ने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के पंजाब हैल्थ एंड फैमली वेलफेयर टेक्निकल (ग्रुप-बी) सर्विस रूल्ज-2018 में सिस्टर ट्यूटर के पद के लिए सीधी भर्ती और पदोन्नति के लिए शैक्षिक योग्यता में संशोधन करने की मंजूरी दे दी है।

## मुख्यमंत्री का पांच करोड़ तो मंत्रियों का डेढ़ करोड़ का सालाना कोटा तय

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** पंजाब सरकार ने मुख्यमंत्री तथा मंत्रियों के स्वैच्छिक अनुदान की सीमा तय कर दी है। मंत्रिमंडल में पंजाब में मौजूदा बुनियादी ढांचे, वातावरण में सुधार और गरीबों की प्राथमिक जरूरतों की पूर्ति के लिए मुख्यमंत्री और कैबिनेट मंत्रियों की तरफ से ऐच्छिक ग्रांटों के वितरण की नीति मंजूरी कर ली है। इस फैसले अनुसार वित्तीय साल में मुख्यमंत्री का ऐच्छिक कोटा 5 करोड़ रुपए जबकि हरेक कैबिनेट मंत्री का ऐच्छिक कोटा 1.50 करोड़ रुपए होगा।

## अमृतसर हवाई अड्डे पर अमेरिका जाने वाले यात्रियों का हंगामा

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** पंजाब के अमृतसर स्थित अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर गुरुवार की देर रात यात्रियों ने जमकर हंगामा किया। अमेरिका जाने वाले यात्री 24 घंटे से एयरपोर्ट पर फंसे हुए हैं, उन्हें न तो बाहर जाने दिया गया और न ही फ्लाइट की सही जानकारी दी गई, जिस पर यात्री भड़क गए। दरअसल, 150 से अधिक यात्रियों ने विदेशी कंपनी नियोस के साथ अमेरिका के जॉर्जिया जाने के लिए फ्लाइट बुक कर रखी है। 4 जनवरी को शाम 7 बजे सभी पैसेंजर का चेक-इन करवा लिया गया, लेकिन तब से लेकर 5 जनवरी की रात तक उन्हें फ्लाइट की कोई जानकारी नहीं दी गई। ग्राउंड स्टाफ 4 जनवरी से ही 1 घंटे में फ्लाइट आने का बहाना बनाकर यात्रियों को हवाई अड्डे पर रोक रखा है। इस बीच हंगामा बढ़ने पर हवाई अड्डे के अधिकारी मौके पर पहुंचे और उन्होंने बताया कि अमेरिका के जॉर्जिया से अमृतसर एयरपोर्ट आ रही नियोस की फ्लाइट रात 11.30 बजे धुंध के चलते लैंड नहीं हो पाई थी। रात काफी समय फ्लाइट ने उतरने का प्रयास किया, लेकिन प्रयास विफल होते गए। इसके बाद इस फ्लाइट को लैंडिंग के लिए जयपुर भेज दिया गया।

## पंजाब कैबिनेट का फैसला : राज्य की वाहन स्क्रैप पॉलिसी को दी मंजूरी

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** हरियाणा के बाद अब पंजाब सरकार ने भी वाहन स्क्रैप पॉलिसी बना ली है। शुक्रवार को मुख्यमंत्री भगवंत मान की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट मीटिंग में इस पॉलिसी को मंजूरी दी गई। हरियाणा की तर्ज पर बनी इस पॉलिसी में पुराने वाहनों को स्क्रैप करने वाले लोगों को नए वाहनों की खरीद पर टैक्स और रजिस्ट्रेशन में छूट दी जाएगी। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने नए वाहनों के रजिस्ट्रेशन के साथ स्क्रैपिंग पॉलिसी को मंजूरी दी है। उसी आधार पर राज्यों में स्क्रैप पॉलिसी बनाई जा रही है। डीजल के 10 और पेट्रोल के पंद्रह साल पुराने वाहनों पर यह पॉलिसी लागू होगी। हालांकि पंजाब एनसीआर से पूरी तरह से बाहर है, लेकिन वाहनों से बढ़ रहे प्रदूषण को रोकने के लिए सभी राज्य स्क्रैप पॉलिसी बना रहे हैं। इसी कड़ी में पंजाब में भगवंत मान के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी की सरकार ने भी पॉलिसी बनाई है। हालांकि



डीजल के 10 और पेट्रोल के 15 साल पुराने वे वाहन सड़कों पर चल सकेंगे, जिनके फिटनेस सर्टिफिकेट होंगे। ऐसे वाहनों को वाहन स्क्रैप पॉलिसी के लिए डंप किया जाएगा। प्रदेशभर में डम्पिंग जोन भी बनेंगे, जहां स्क्रैप वाहनों को नीलाम किया जा सकेगा। स्क्रैपिंग के अंतर्गत मोटर व्हीकल टैक्स में ट्रांसपोर्ट वाहन मालिकों को 15 प्रतिशत और नान-ट्रांसपोर्ट वाहन मालिकों को 25 प्रतिशत तक छूट मिलेगी। वातावरण अनुकूल फैसले से स्क्रैपिंग पॉलिसी के अधीन परिवहन गाड़ियों के मालिक गाड़ी की रजिस्ट्रेशन से 8 साल तक और नान-ट्रांसपोर्ट गाड़ियों के मालिक 15 साल तक स्कीम का लाभ उठा सकते हैं। इसके अंतर्गत जिस समय पर गाड़ी को स्क्रैप किया जाएगा तो इसके बारे स्क्रैपर की तरफ से ही गाड़ी की खरीद की जाएगी। इसके बाद स्क्रैपर की तरफ से वाहन के मालिक को सर्टिफिकेट आफ डिपाजिट (वाहन जमा करवाने का सर्टिफिकेट) जारी किया जाएगा, जिसको गाड़ी मालिक की तरफ से संबंधित लाइसंसिंग अथॉरिटी के पास जमा करवाने पर नयी गाड़ी की रजिस्ट्रेशन के मोटर व्हीकल टैक्स में बनती छूट दी जाएगी।

## मूसेवाला हत्याकांड में फरार गैंगस्टर केस की चार्जशीट फाइल

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड के मुख्य आरोपी गैंगस्टर दीपक टीनू को भगाने के मामले में पुलिस ने अदालत में चार्जशीट दायर कर दी है। पुलिस ने चार्जशीट में गैंगस्टर दीपक टीनू, उसकी महिला मित्र जतिंदर कौर और भगाने में मददगार बने सीआईए मानसा के पूर्व इंचार्ज प्रीतपाल सिंह समेत 10 लोगों के नाम शामिल किए हैं। गैंगस्टर दीपक टीनू पिछले साल एक अक्टूबर को पुलिस हिरासत से फरार हो गया था। पूर्व सीआईए इंचार्ज प्रीतपाल सिंह विभागीय उच्चाधिकारियों को बताए बिना अपनी कार से टीनू को उसकी गर्लफ्रेंड से मिलाने ले गया था। इसके बाद पंजाब पुलिस ने टीनू को अजमेर से गिरफ्तार किया था।

## खेल मंत्री को पद से हटाने की मांग को ले महिलाओं का प्रदर्शन




**जींद ( हिंस )।** महिला खिलाड़ी कोच के साथ यौन उत्पीड़न करने के आरोपों में घिरे खेल मंत्री संदीप सिंह को राज्य मंत्रिमंडल से बर्खास्त करने व सरकार द्वारा निष्पक्ष जांच में खड़ी की जा रही बाधाओं पर रोक लगाने की मांग को लेकर शुक्रवार को कामगार महिला समन्वय समिति ने शहर में प्रदर्शन किया और पुराना बस अड्डा के निकट खेल मंत्री का पुतला फूंका। महिला समिति की जिला प्रधान नूतन प्रकाश व सचिव कविता ने कहा कि एक जूनियर महिला कोच द्वारा राज्य के खेल मंत्री संदीप सिंह पर यौन उत्पीड़न के गंभीर आरोप लगाए गए हैं। मुख्यमंत्री कार्यालय तथा पुलिस प्रमुखों के यहां कोई न्याय की उम्मीद न मिलने के बाद महिला कोच ने मीडिया में आकर सार्वजनिक रूप से मामले को रखा। इस बारे आवाज उठाने के चलते महिला कोच को मंत्री व सरकार द्वारा भयंकर रूप से पीड़ित किया जा रहा है और उसे डराया धमकाया जा रहा है। राज्य सरकार व उसकी मशीनरी द्वारा पीड़िता को न्याय दिलवाने की बजाए मंत्री को बचाने के ही प्रयास लगातार किए जा रहे हैं। प्रदेश सरकार ने अभी तक इस मंत्री को कैबिनेट से नहीं हटाया है बल्कि केवल खेल मंत्रालय का कार्यभार वापस लिया है। दूसरी ओर राज्य के मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा दिया गया बयान बेहद निंदनीय है। मुख्यमंत्री ने खेल मंत्री के पक्ष में बयान देकर पीड़ित महिला कोच को ही दोषी करार देने वाला है। मुख्यमंत्री ने पीड़ित महिला के बारे में कहा कि महिला कोच द्वारा अनर्गल आरोप लगाए जा रहे हैं। राज्य के मुखिया के द्वारा जांच एजेंसियों द्वारा जांच किए जाने से पहले ही मंत्री को क्लीन चिट देना अपने आप मे बेहद निंदनीय है। उन्होंने मांग की कि खेल मंत्री संदीप सिंह को तुरंत मंत्री पद से बर्खास्त कर गिरफ्तार किया जाए। उच्च न्यायालय के जज की निगरानी में मामले की निष्पक्ष जांच की जाए। पीड़ित महिला कोच को तमाम सुरक्षा मुहैया करवाई जाए व उनके खिलाफ तबादले समेत हुई विभागीय उत्पीड़न कार्यवाहियां वापस हों। मुख्यमंत्री अपने दिए गए बयान पर माफी मांगे व अपने बयान को वापस लें।

## गुरुग्राम को मिली 428 करोड़ रुपए की मनोहर सौगात

**गुरुग्राम ( हिंस )।** जिला के गांव धनवापुर से मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा पूरे प्रदेश को दी गई मनोहर सौगात में गुरुग्राम जिला को 428 करोड़ रुपए की परियोजनाएं मिली हैं। इनमें गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण, सिंचाई तथा पशुपालन विभाग की परियोजनाएं शामिल हैं। सिंचाई विभाग द्वारा लगभग 260 करोड़ रुपए की लागत से बनाई जाने वाली चार एसटीपी चैनल का शिलान्यास किया गया है, जिनसे मिलने वाले शोधित जल से 10700 ऐकड़ से अधिक कृषि भूमि की सिंचाई हो सकेगी। इसके अलावा जीएमडीए द्वारा गांव चंदु बुढ़ेड़ा में बनाए जाने वाले 100 एमएलडी क्षमता के चौथे जल संशोधन सयंत्र की आधारशिला भी रखी गई, जिस पर लगभग 70.20 करोड़ रुपए की लागत आएगी। मुख्यमंत्री ने अतुल कटारिया चौक का सुधारीकरण व पुनर्विकास के बाद पूरे हुए कार्य का लोकार्पण भी किया जिस पर 47.40 करोड़ रुपए की लागत आई है।

## जोधपुर में बस-ट्रक की टक्कर में चार की मौत, 26 घायल

**जोधपुर ( हिंस )।** यहां निकटवर्ती मथानिया बाईपास रोड पर शुक्रवार को तीसरे पहर एक ट्रक और बस में आमने सामने हुई भिड़ंत में चार लोगों की मौत हो गई। हादसे में 26 लोग घायल हुए हैं, जिनमें तीन की हालत नाजुक बताई जाती है। एसीपी मंडोर राजेंद्र प्रसाद दिवाकर ने बताया कि जोधपुर से चाडी की तरफ चलने वाली एक निजी बस और ट्रक में आमने-सामने की टक्कर होने के कारण यह दुर्घटना हुई है। बस जोधपुर से होते हुए चाडी जा रही थी और ट्रक ओसियां से जोधपुर की तरफ जा रहा था। प्रथमदृष्टया दुर्घटना की वजह ट्रक का गलत दिशा में जाना लग रहा है। इसकी जांच की जा रही है। मथानिया थानाधिकारी राजीव भादू ने बताया कि मृतकों में दो की पहचान कपूरिया निवासी नरपतसिंह एवं निंबों का तालाब निवासी भंवरलाल के रूप में हुई है। फिलहाल दो अन्य मृतकों की पहचान नहीं हो सकी है। बस और ट्रक चालक दुर्घटना में घायल हैं। दुर्घटना दोपहर सवा तीन बजे के आसपास हुई। बस 45 सीटर थी लेकिन क्षमता से अधिक यात्री सवार थे। दुर्घटना के बाद कुछ लोग बस में फंसे हुए थे, जिन्हें बाहर निकाला गया। हादसा इतना दर्दनाक था कि ट्रक और बस का अगला हिस्सा एक-दूसरे में फस गया था, जिसे क्रेन की मदद से अलग किया गया। सभी घायलों को मथानिया और जोधपुर के मथुरादास माथुर अस्पताल में भेजा गया है। दुर्घटना की जानकारी होने पर जिला कलेक्टर हिमांशु गुप्ता और पुलिस उपायुक्त पूर्व डॉ. अमृता दुहन सहित कई आलाधिकारी मौके पर पहुंचे। इधर घायलों का कुशलक्षेम जानने के लिए ओसियां की विधायक दिव्या मदेरणा भी अस्पताल पहुंचीं और डॉक्टरों से बात कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जोधपुर हॉस्पिटल में घायलों के साथ आए लोगों ने बताया कि हादसे के बाद अचानक बस में आग लग गई। हालांकि मौके पर मौजूद लोगों ने आग पर काबू पा लिया।

## खराब परीक्षा-परिणाम देने वाले अध्यापकों की लगेगी क्लास

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** हरियाणा में खराब परीक्षा परिणाम वाले स्कूल प्रबंधकों की अब क्लास लगेगी। शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव ने प्रदेश में निम्न परिणाम देने वाले स्कूल प्रबंधकों की बैठक बुलाई है। यह बैठक 12 जनवरी को कुरूक्षेत्र में होगी। दरअसल, पहली बार हरियाणा के सरकारी स्कूलों में बोर्ड तथा सीबीएसई की परीक्षाएं होने जा रही हैं। इन परीक्षाओं को लेकर शिक्षा निदेशालय को गंभीर है, लेकिन धरातल कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। शिक्षा निदेशालय परीक्षाओं से पहले तैयारी को सुचारू रूप से करवाने के लिए अध्यापकों को बकायदा 70 दिन की कार्य सूची बनाने के निर्देश भी जारी किए जा चुके हैं। इसके बावजूद शिक्षा विभाग ने हाल ही में स्कूलों की मौजूदा कार्यप्रणाली के मूल्यांकन के लिए शिक्षा-दीक्षा कार्यक्रम की शुरूआत की गई है। इस कार्यक्रम में पर्यवेक्षकों ने पाया है कि प्रदेश के स्कूलों में परीक्षाओं के मद्देनजर तैयारी नहीं हो रही है। परीक्षाओं को लेकर न तो अध्यापक गंभीर हैं और न ही विद्यार्थी गंभीर हैं।

## केजरीवाल के पास कोई समाधान है तो भगवंत मान व केंद्र सरकार को बताए : अजय चौटाला

**भिवानी ( हिंस )।** भिवानी पहुंचे जेजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय चौटाला ने एसवाईएल को लेकर केजरीवाल पर मूर्ख बनाने का आरोप लगाते हुए विपक्ष पर बेरोजगारी के नाम पर गुमराह करने का आरोप लगाया। साथ ही कहा कि जो आगे बढ़ता है, वहीं निशाने पर होता है। बता दें अजय चौटाला भिवानी में अपने रिश्तेदार एडवोकेट जगत सिंह ढूल के निधन पर शोक प्रकट करने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने मीडिया से मुखातिब होते विपक्ष के एक एक आरोप पर पलटवार किया और अपनी सरकार व पार्टी का बचाव किया। सबसे पहले एसवाईएल को लेकर गर्माई पंजाब व हरियाणा की राजनीति पर कहा कि केजरीवाल के पास कोई समाधान है तो भगवंत मान व केंद्र सरकार को बताए, ताकि समाधान हो सके, पर केजरीवाल समाधान करने की बजाय मूर्ख बना रहे है। उन्होंने कहा कि एसवाईएल पर अंतिम फ़ैसला सुप्रीम कोर्ट ही करेगा। वहीं बेरोजगारी में हरियाणा के नंबर वन होने पर कहा कि विपक्ष आंकड़ों के नाम पर गुमराह कर रहा है। बेरोजगारी विश्व व्यापी समस्या है, जिससे हरियाणा भी अछूता नहीं, पर सरकार समाधान कर रही है। वहीं विपक्ष के निशाने पर बीजेपी से ज्यादा जेजेपी निशाने पर रहने पर अजय चौटाला ने मुस्कुराते हुए कहा कि जो आगे बढ़ता दिखता है, निशाने पर वही होता है। इस दौरान खेल मंत्री संदीप सिंह पर लगे छेड़खानी के आरोपों पर अजय चौटाला ज्यादा नहीं बोले। उन्होंने कहा कि ये जांच का विषय है और जांच चल रही है।

## विकास-कार्यों में कोताही पर विधायक ने अधिकारियों को लगाई फटकार

**जींद ( हिंस )।** लोक निर्माण विश्राम गृह में शुक्रवार को शहर के विकास कार्यों को लेकर जींद के भाजपा विधायक डॉ. कृष्ण मिड्ढा ने अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए कि विकास कार्यों में देरी को लेकर लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिस विकास कार्य की जो समय अवधि निर्धारित की गई है उसे उस समय अवधि में ही पूरा करवाया जाए। बैठक में विधायक ने अपने तलख तेवर दिखाए और कई अधिकारियों को फटकार भी लगाई। इस बैठक में नेशनल हाईवे अथॉरिटी, रेलवे विभाग, लोक निर्माण विभाग, जनस्वास्थ्य विभाग, सिंचाई विभाग, पंचायती राज विभाग, जिला परिषद कार्यालय के तमाम अधिकारी उपस्थित रहे। विधायक डॉ. कृष्ण मिड्ढा ने नगर परिषद की धीमी कार्यप्रणाली पर अधिकारियों को फटकार लगाते हुए कहा कि कार्यों में तेजी लाई जाए अन्यथा जिस भी अधिकारी की जवाबदेही बनती है, उसके खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। मुख्यमंत्री कार्यालय में प्रदान की गई गलत सूचना से खफा विधायक ने नगर परिषद अधिकारियों की जमकर क्लास ली तथा निर्देश दिए कि दुरुस्त सूचना उन्हें मुख्यमंत्री कार्यालय प्रेषित की जाए और लंबित विकास परियोजनाओं को तीव्रता से पूरा किया जाए। रिंग रोड की डीपीआर को लेकर विधायक ने नेशनल हाईवे अथॉरिटी के अधिकारियों को फटकार लगाई तथा एक सप्ताह के अंदर डीपीआर तैयार करने के निर्देश दिए तथा जो एलाइनमेंट लोक निर्माण विभाग द्वारा रिंग रोड की तैयार की गई है, उसको विभागीय समन्वय के साथ एनएचएआई को दिया जाए ताकि डीपीआर तुरंत प्रभाव से तैयार की जाए पंचायत विभाग के एसीपीओ को निर्देश दिए गए कि हैबतपुर गांव की पंचायती जमीन का प्रस्ताव एक सप्ताह के अंदर जन स्वास्थ्य विभाग को दिया जाए ताकि हैबतपुर गांव के महाग्राम योजना को अमल में लाया जा सके। विधायक ने लोक निर्माण विभाग को आगामी एक सप्ताह में भिवानी रोड शुरू करने के निर्देश दिए तथा आगामी एक सप्ताह में रानी तालाब से देवीलाल चौक सड़क का टेंडर आमंत्रित किए जाने के निर्देश दिए 25 करोड़ के तहत बनने वाली तीन सड़कों की निविदाएं एक सप्ताह में आमंत्रित किए जाने के भी निर्देश दिए वही मनोहरपुर गांव में बनने वाली परचेज सेंटर का आगामी 10 दिन में समाधान किए जाने के निर्देश दिए। कृषि विपणन बोर्ड के कार्यकारी अभियंता को निर्देश दिए कि कंडेला से शुगर मिल सड़क का निर्माण फरवरी माह में शुरू किया जाए वहीं दालमवाला से रायचंदवाला सड़क का निर्माण आगामी एक सप्ताह में शुरू किया जाए। पिंडारा के पास जलभराव की समस्या तथा सड़क की बदतर हालत को लेकर विधायक ने बैठक के चलते पीडी नेशनल हाईवे अथॉरिटी से बात की तथा विभागीय समन्वय करवाने का काम किया जिसके चलते नेशनल हाईवे अथॉरिटी समस्या का समाधान करने का काम करेगा।




No. Tender/NIT/2022-23/

**QUOTATION**

Directorate of Soil Conservation, Assam invites Expression of Interest from Firm/Agency/Organization who have required expertise and experience of scanning for eOffice physical file. They are to apply affixing Court Fee Stamp of Rs. 8.25 (Rupees Eight & Paisa Twenty Five) for the following mentioned work. Quotation should reach to the undersigned within 7 (Seven) days from the date of the publication of this notice.

| Sl. No. | Particulars | No. of pages (Approx) | Rate per page (Including GST) | Total Amount (In Rs.) | Venue |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Scanning of current physical file. | 1,24,000 pages | | | Director of Soil Conservation, Assam, R.G. Baruah Road, Near Shradhanjali Park, Guwahati-5. |

**Terms & Conditions:**

1) All scanning process are to be followed as per File Management Guideline for Scanning prepared by NIC, eOffice, Assam.
2) The following documents are to be submitted with the quotation.
   a) Profile (brief Note) of Firm/Agency/Organization.
   b) GST Clearance status: (certified copy should be attached)
   c) Valid Trade License
   d) PAN Card
   e) IT Clearance status: (certified copy should be attached)
   f) Work experience in the field of eOffice scanning.
   g) Methodology in details relating to implementation of the work.
   h) Financial Soundness: (Last two years yearly turn over duly certified by the CA/ Bank credit worthiness certificate etc should be furnished)

All quotation duly sealed must be addressed to the **Director of Soil Conservation, Assam, R.G.Baruah Road, Guwahati-05** and superscribed as "Quotation for Scanning of Current Physical File" on the sealed cover. Full name & address of the Firm/Agency/Organization should be mentioned in the cover. The successful quotationers can start the work immediately after receiving the work order at the aforesaid venue.

The Director of Soil Conservation, Assam reserves the right to accept or reject one or all of the quotations without assigning any reason thereof and not bound to accept the lowest rate.

Director of Soil Conservation, Assam
R.G. Baruah Road,Guwahati-05.

*-- Janasanyog/C/17837/22*



# डॉलर का संकट बनता जा रहा है एशिया का बड़ा सिरदर्द, निवेशक हुए चिंतित

**टोक्यो ।**
बीते दस दिन में अमेरिकी डॉलर की कीमत में आई गिरावट से एशिया के बड़े बाजारों में नई चिंता पैदा हो गई है। जापान से लेकर चीन में तक में निवेशकों की सबसे बड़ी चिंता यह है कि अगर डॉलर की कीमत में गिरावट जारी रही, तो बड़ी संख्या में निवेशक डॉलर में लगाए गए अपने पैसे को निकालना शुरू कर देंगे। उससे डॉलर और सस्ता होने लगेगा। कुछ विश्लेषकों ने तो यहां तक कहना शुरू कर दिया है कि अब डॉलर के बड़े संकट की शुरुआत हो गई है। टोक्यो स्थित जाने-माने आर्थिक विश्लेषक विलियम पेसेक के मुताबिक चार ऐसे संकेत हैं, जिनके आधार पर डॉलर के संकटग्रस्त होने का अनुमान लगाया जा रहा है। इनमें पहली आशंका यही है कि डॉलर के भाव में गिरावट आने पर निवेशक इससे किनारा करना शुरू कर देंगे। दूसरा संकेत अमेरिका में मुद्रास्फीति दर का लगातार ऊंचे स्तर पर बने रहना है। अभी भी ये दर 40 साल के सबसे ऊंचे स्तर पर है। तीसरा कारण अमेरिका सरकार पर मौजूद कर्ज में हो रही बढ़ोतरी है। अनुमान है कि इस साल यह कर्ज 32 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच जाएगा। अंदेशे की चौथी वजह अमेरिकी कांग्रेस (संसद) में बन रही गतिरोध की स्थिति है। पहले सत्ताधारी डेमोक्रेटिक पार्टी और रिपब्लिकन पार्टी के बीच टकराव बढ़ने का अंदेशा लगाया गया था। अब कांग्रेस के निचले सदन हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव में रिपब्लिकन पार्टी के अंदर ही दक्षिणपंथी और धुर दक्षिणपंथी गुटों के बीच विवाद खड़ा हो गया है। इस कारण पार्टी स्पीकर का चुनाव नहीं कर पाई है। अंदेशा है कि यह हालत बनी रही तो देश में विधायी गतिविधियां गतिरोध का शिकार हो जाएंगी। अमेरिकी अर्थव्यवस्था के इस वर्ष मंदी का शिकार होने की संभावना लगातार मजबूत बनी हुई है। अमेरिका के सेंट्रल बैंक फेडरल रिजर्व के प्रमुख जिरॉम पॉवेल ने अभी तक ब्याज दर बढ़ाने की नीति से किसी बड़े बदलाव का संकेत नहीं दिया है। ऐसे में ऊंची ब्याज दर के कारण मंदी का आना तय माना जा रहा है। बल्कि कुछ विशेषज्ञों का तो यहां तक कहना है कि मंदी आ चुकी है। एसेट मैनेजमेंट फर्म सियोन के संस्थापक माइक बरी ने लिखा है कि हर परिभाषा के मुताबिक अमेरिका में मंदी आ चुकी है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की प्रबंध निदेशक क्रिस्टीना जियोर्जिवा पहले ही चेतावनी दे चुकी हैं कि 2023 में पूरी दुनिया में आर्थिक चुनौतियां बढ़ेंगी। नया साल गुजरे साल की तुलना में अधिक कठिन होगा।

## न्यूज़ ब्रीफ

### यूनिटेक लिमिटेड के पूर्व निदेशकों के खिलाफ 395 करोड़ रुपये का नया मामला दर्ज, आईडीबीआई बैंक से जुड़ा है मामला

**नई दिल्ली ।** सीबीआई ने आईडीबीआई बैंक में 395 करोड़ रुपये की कथित धोखाधड़ी मामले में यूनिटेक लिमिटेड और उसके पूर्व निदेशकों के खिलाफ एक नया मामला दर्ज किया है। अधिकारियों ने बताया कि बैंक की शिकायत के करीब छह महीने बाद केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने कंपनी और उसके पूर्व प्रमोटर्स और निदेशकों रमेश चंद्र, अजय चंद्रा और संजय चंद्रा के खिलाफ केस दर्ज किया है। यह मामला भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की आपराधिक साजिश और धोखाधड़ी से संबंधित धाराओं और भ्रष्टाचार निरोधक कानून के प्रावधानों के तहत दर्ज किया गया है। आरोपी यूनिटेक के संस्थापक केनरा बैंक में कथित धोखाधड़ी से संबंधित एक और सीबीआई जांच का सामना कर रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि कंपनी 2012 में आईडीबीआई बैंक से कथित तौर पर 400 करोड़ रुपये की वेंडर बिल डिस्काउंटिंग (वीबीडी) सुविधा का लाभ उठा रही थी। शिकायत में कहा गया है, रियल एस्टेट क्षेत्र में मंदी और इन्वेंट्री के ढेर के कारण कंपनी लिक्विडिटी असंतुलन का सामना कर रही थी। इसके कारण वीबीडी बिलों के भुगतान में देरी हुई थी। अधिकारियों ने कहा कि कंपनी देनदारी का भुगतान करने के लिए सहमत हो गई और वीबीडी की देनदारी को अपने हाथ में लेते हुए 395 करोड़ रुपये का सावधि ऋण मांगा। शिकायत के अनुसार, 30 जून, 2022 तक यूनिटेक पर आईडीबीआई बैंक का एक्सपोजर 974.78 करोड़ रुपये था। इसमें कहा गया है कि ग्रांट थॉर्नटन की ओर से कंपनी के उच्चतम न्यायालय के निर्देश पर किए गए फॉरेंसिक ऑडिट से पता चला है कि 74 परियोजनाओं में घर खरीदारों से प्राप्त धन का गबन किया गया और उसे कर चोरी के पनाहगाह देशों में भेज दिया गया।

### चंदा कोचर और उनके पति को अंतरिम राहत देने पर आदेश 9 जनवरी को, फैसला सुरक्षित किया गया



**नई दिल्ली ।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने चंदा कोचर और उनके पति दीपक कोचर की गिरफ्तारी को चुनौती देने और अंतरिम राहत देने से जुड़ी याचिका पर आपना आदेश सुरक्षित कर लिया है। कोर्ट नौ जनवरी को अपना फैसला सुनाएगी। बता दें कि आईसीआईसीआई बैंक-वीडियोकॉन लोन फ्रॉड केस में सीबीआई ने कोचर दंपती को गिरफ्तार किया था। उसके बाद इसी मामले में वीडियोकॉन के प्रमोटर वेणुगोपाल धूत को भी गिरफ्तार किया था। तीनों फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं।

### जियो ने ग्वालियर और जबलपुर में लॉन्च की 5जी सर्विसः अब देश के 72 और मप्र के 4 शहरों में जियो ट्रू 5जी सर्विस, मुफ्त में अनलिमिटेड डेटा मिलेगा




**भोपाल।** रिलायंस जियो ने शुक्रवार को ग्वालियर और जबलपुर में जियो ट्रू 5जी सर्विस लॉन्च की। इसके साथ ही देश के 72 शहरों में अब तक जियो ट्रू 5जी सर्विस लॉन्च हो चुकी है। मप्र के इंदौर में हो रहे प्रवासी भारतीय दिवस और ग्लोबल इन्वेस्टर समिट को देखते हुए जियो ने 2 और शहरों में अपने 5जी नेटवर्क को मजबूत किया है। इससे पहले जियो इंदौर और भोपाल में भी ट्रू5जी सर्विस लॉन्च कर चुका है। ग्वालियर और जबलपुर के जियो यूजर्स को जियो वेलकम ऑफर के तहत आमंत्रित किया जाएगा। जियो वेलकम ऑफर के तहत यूजर्स को मुफ्त में 1 जीबी की स्पीड से अनलिमिटेड डेटा मिलेगा। रिलायंस जियो अब प्रदेश के 4 बड़े शहरों में 5जी सर्विस देने वाला पहला ऑपरेटर है। जियो ने कहा, हमें ग्वालियर और जबलपुर में जियो ट्रू 5जी शुरू करते हुए खुशी हो रही है। जियो ट्रू 5जी से मप्र के लोगों के लिए ई-गवर्नेंस, शिक्षा, ऑटोमेशन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, गेमिंग, हेल्थकेयर, कृषि, आईटी और छोटे उद्योगों के लिए विकास के अनंत दरवाजे खुलेंगे। जियो की दिसंबर 2023 तक भारत के हर शहर में 5जी सर्विस लॉन्च करने की योजना है। एंड्रॉयड फोन पर 5जी इनेबल करने के लिए मोबाइल सेटिंग्स में जाएं।

# बड़बोले पड़ोसी पर महंगाई की मार, 10 हजार में मिल रहा सिलेंडर, आसमान छू रहे चिकन-रोटी के दाम

**नई दिल्ली ।**
भारत को परमाणु बम की धौंस दिखाने वाले बड़बोले पड़ोसी पाकिस्तान में आर्थिक हालात विकट होते जा रहे हैं। देश में विदेशी मुद्रा भंडार की लगातार होती कमी के बीच अब आम पाकिस्तानी जरूरी चीजें भी नहीं जुटा पा रहे हैं। लोगों की क्रय शक्ति लगतार घट रही है। हालत इस मुकाम पर पहुंच गए हैं कि सरकार ने बिजली और पेट्रोलियम पदार्थों को बचाने के लिए बाजारों को जल्दी बंद करने का फैसला लिया है। वर्ष 2020 में जो बदहाली के हालात श्रीलंका में दिखे थे वहीं हालात अब पाकिस्तान के भी होते जा रहे हैं।



### दिसंबर महीने में महंगाई दर 24.5प्रतिशत पर पहुंची

पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ने भी स्वीकार लिया है कि देश कठिन परिस्थितियों से गुजर रहा है। पेट्रोल-डीजल, खाने पीने का सामान, रसोई गैस और बिजली की भी किल्लत पैदा हो गई है। देश में महंगाई आसमान छू रही है। पाकिस्तान ब्यूरो ऑफ स्टैटिस्टिक्स की ओर से बीते सोमवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार अनुसार देश में सीपीआई आधारित मुद्रास्फीति की दर दिसंबर 2022 में बढ़कर 24.5 फीसदी पर पहुंच गई। एक साल पहले इसी अवधि में यह 12.3 प्रतिशत थी। रिपोर्ट के अनुसार अधिकांश जरूरी सामान आम लोगों की पहुंच से दूर होते जा रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार महंगाई दर वित्त मंत्रालय के लक्ष्य 21 से 23 फीसदी से अधिक है।

### खाद्य पदार्थों की कीमतों में 56 फीसदी का इजाफा

महज दिसंबर महीने में ही खाद्य पदार्थ एक चौथाई से अधिक महंगे हो गए हैं। जरूरी खाद्य पदार्थों की कीमतों में 55.93 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। यह स्थिति मांग और आपूर्ति में कमी के कारण है। बीते एक वर्षों में प्याज की कीमतों में 415 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। वहीं पिछले साल की तुलना में चाय 64 प्रतिशत और गेहूं 58 फीसदी तक महंगा हुआ है। घी और खाद्य तेलों की कीमतों में 32 प्रतिशत की वृद्धि देखने को मिली है। वहीं दूध और चावल क्रमशः 26प्रतिशत और 47प्रतिशत तक महंगे हो गए हैं।

पाकिस्तान में महंगाई की मार मादक पेय पदार्थों और तम्बाकूजन्य पदार्थों की कीमतों पर भी पड़ी हैं जो लगभग 35 प्रतिशत तक महंगे हो गए हैं। जबकि कपड़ों और जूतों की कीमतों में 17.22 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। हमारे बड़बोले पड़ोसी देश में हालात इतने खराब हो गए हैं पाकिस्तान में चिकन 650-700 रुपये प्रति किलो तक बिकने लगा है। जानकारों के मुताबिक यही हालात जारी रहे तो आने वाले दिनों में ये 800 रुपये प्रति किलो पर पहुंच सकता है।

### 10 हजार रुपये में मिल रहा एक रसोई गैस सिलेंडर

एलपीजी गैस की बात करें तो एक कमर्शियल गैस सिलेंडर 10000 पाकिस्तानी रुपये में मिल रहा है। मजबूरी में लोग खतरा मोल लेकर प्लास्टिक बैग्स में गैस भरवा कर इस्तेमाल कर रहे हैं। इस कारण रोजाना बड़ी संख्या में लोग इससे जुड़े हादसे होने के कारण घायल हो रहे हैं। बता दें कि ये हालात उसी पाकिस्तान के हैं जहां के राजनेता अपनी शेखी बघारने के लिए भारत को परमाणु बम तक की धमकी देते रहते हैं। अब हालात हैं कि वे नेता अपने देश में लोगों को खाने का अनाज भी सही ढंग से मुहैया नहीं करवा पा रहे हैं।

### बिजली बचाने के लिए बाजारों व मैरिज हॉलों को जल्दी बंद करने का फरमान

नकदी संकट से जूझ रहे पाकिस्तान ने ऊर्जा खपत रोकने केलिए मंगलवार को बाजारों और शादी-विवाह हॉलों को जल्द बंद करने की घोषणा की है। बिजली की खपत पर लगाम लगाने और आयातित तेल पर निर्भरता कम करने के लिए राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण योजना को कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है। रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा, बाजार रात 8.30 बजे बंद हो जाएंगे, जबकि शादी के हॉल रात 10.00 बजे तक बंद हो जाएंगे, इससे हमें 60 अरब रुपये की बचत होगी।

### बल्ब और पंखों का उत्पादन भी होगा बंद

उपायों की घोषणा करते हुए उन्होंने कहा कि एक फरवरी से अधिक बिजली खपत वाले बल्बों का निर्माण बंद कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा जुलाई महीने से अधिक बिजली खपत वाले पंखों का उत्पादन भी बंद कर दिया जाएगा। इन उपायों से 22 अरब रुपये की और बचत होगी।

## ट्विटर से 20 करोड़ यूजर्स का डेटा चोरी

# इजरायली एक्सपर्ट ने करोड़ों यूजर्स के ईमेल एड्रेस चोरी होने का दावा किया, सोशल मीडिया पर स्क्रीनशॉट वायरल



**वॉशिंगटन।**
हैकर्स ने 20 करोड़ से ज्यादा ट्विटर यूजर्स के ईमेल एड्रेस चुरा लिए और उन्हें एक ऑनलाइन हैकिंग फोरम पर पोस्ट कर दिया। इजराइली साइबर सिक्योरिटी-मॉनिटरिंग फर्म हडसन रॉक के को-फाउंडर अलोन गैल ने इसकी जानकारी दी। 24 दिसंबर को सिक्योरिटी रिसर्चर ने इसे सोशल मीडिया पर शेयर किया था। अब इसके स्क्रीनशॉट्स इंटरनेट पर वायरल हो रहे हैं। फिलहाल ट्विटर ने इस घटना पर कोई कमेंट नहीं किया है। कुछ रिपोर्ट में ये भी अनुमान लगाया गया है कि ये हैकिंग 2021 की शुरुआत में हुई हो, जो एलन मस्क के कंपनी का स्वामित्व संभालने से पहले की है। ट्विटर में हैकिंग से जुड़ी ये कोई पहली घटना नहीं है। इससे पहले कई बड़े पॉलिटिशियन और बिजनेसमैन के अकाउंट हैक होने की घटनाएं सामने आ चुकी है। इसमें पीएम मोदी और एलन मस्क के अकाउंट भी शामिल है।

**हैकर्स किन तरीकों से सोशल मीडिया अकाउंट हैक करते हैं** - साइबर सिक्योरिटी एक्सपर्ट के मुताबिक, हैकर्स किसी भी सोशल मीडिया अकाउंट को हैक करने के लिए एक जैसा तरीका ही अपनाते हैं। हैकर्स सोशल मीडिया यूजर्स की दो गलतियों का फायदा उठाते हैं।

**टेक्निकल फ्लॉस** - फेसबुक, इंस्टाग्राम, ट्विटर, लिंक्डइन या अन्य सोशल मीडिया अकाउंट होते हैं। यूजर्स इन सभी डिजिटल प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल सोशल और प्रोफेशनल तौर पर लोगों से जुड़ने के लिए करते हैं। इन दो गलतियों की वजह से हैकर्स अकाउंट हैक कर सकते हैं। पहली तो अगर सोशल मीडिया की एप्लिकेशन में किसी तरह का लूपहोल होता है, तो इन्हीं टेक्निकल फ्लॉस का फायदा हैकर्स उठाते हैं। हालांकि, सोशल मीडिया की कंपनियों के पास अच्छे टेक्निकल प्रोफेशनल की टीम होती हैं, लेकिन इसके बावजूद भी हैकर्स टेक्निकल लूपहोल निकाल ही लेते हैं।

**फिशिंग ट्रैप** - इसमें कई तरह से हैकर्स हैक कर सकते हैं। इसको ऐसे समझ सकते हैं कि हैकर्स कॉल या मैसेज करके आपसे फिशिंग लिंक शेयर कर सकते हैं। जैसे ही आप इस लिंक पर क्लिक करेंगे, तो आप फेसबुक, ट्विटर जैसी दिखने वाली साइट पर जा सकते हैं। इस पर वे लॉगिन करने को कहेंगे। अगर उनके झांसे में आकर लॉगिन करते हैं, तो हैकर्स अकाउंट का पासवर्ड चुरा सकते हैं। उन्हें हैक करने में आसानी हो सकती है।

# सिख समुदाय के लिए लीक से हटकर काम कर रहे मोदी, अमेरिकी कारोबारी ने पीएम के बारे में कहीं ये बड़ी बात

**नई दिल्ली ।**
भारतीय मूल के अमेरिकी कारोबारी और समाजसेवी दर्शन सिंह धालीवाल ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत के अंदर और बाहर सिख समुदाय के लिए लीक से हटकर काम कर रहे हैं। धालीवाल को इस वर्ष प्रवासी भारतीय सम्मान के 27 प्राप्तकर्ताओं में से एक के रूप में चुना गया है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि मोदी सिख समुदाय के लिए बहुत कुछ कर रहे हैं। वह देश के लिए बहुत कुछ कर रहे हैं, लेकिन विशेष रूप से सिखों के लिए वह बहुत विशेष कर रहे हैं। उन्होंने वास्तव में सिख समुदाय के साथ काम करने के अपने तरीके में बलाव किया है। उन्होंने गुरुवार को मीडिया से बातचीत में ये बातें कहीं। धालीवाल इस साल के प्रवासी भारतीय सम्मान के लिए चुने गए अमेरिका के दो लोगों में से एक हैं। यह भारतीय मूल के लोगों को भारत सरकार की ओर से दिया जाने वाला सर्वोच्च सम्मान है। धालीवाल को प्रवासी भारतीय सम्मान के लिए चुना गया है। इस सम्मान के दूसरे विजेता फेडेक्स के सीईओ राजेश सुब्रमण्यम हैं। दोनों को अन्य विजेताओं के साथ 8 से 10 जनवरी के बीच इंदौर में प्रवासी भारतीय




दिवस के दौरान भारतीय राष्ट्रपति यह प्रतिष्ठित सम्मान देंगे। मूल रूप से पंजाब के रहने वाले धालीवाल 1972 में अमेरिका चले गए थे। उन्होंने अपने भाइयों के साथ गैसोलीन और रियल एस्टेट क्षेत्रों में अपना व्यवसाय शुरू किया। उनके पास 1,000 से अधिक पेट्रोल पंपों सहित कई व्यवसाय हैं, जिनकी वार्षिक बिक्री 2 बिलियन अमरीकी डालर है। उन्होंने कहा, मैं इस पुरस्कार के लिए भारत सरकार का शुक्रगुजार हूं। मैं वास्तव में आश्चर्यचकित था (जब मैंने पुरस्कार विजेताओं में अपना नाम देखा)। इंदौर में प्रवासी भारतीय दिवस की बैठक में भाग लेने के लिए इस सप्ताह भारत रवाना होने वाले धालीवाल ने कहा, यह मेरे लिए आश्चयर्यजनक था कि मुझे ये सम्मान मिल रहा है।

### वित्तीय संकट से निपटने के लिए अपना रहे कड़ा मौद्रिक रुख, दक्षिण एशियाई देशों पर गवर्नर ने कही ये बात

**नई दिल्ली ।** 1997 के एशियाई वित्तीय संकट ने पूंजी के बहिर्वाह और विनिमय बाजार पर दबाव बढ़ाकर दक्षिण एशियाई देशों को प्रभावित किया। उसके बाद के वर्षों में संकट से निपटने की रणनीति के रूप में दक्षिण-एशियाई देशों ने ठोस मैक्रो-इकोनॉमिक नीतियों को प्राथमिकता दी है। ये बातें भारतीय स्टेट बैंक के गवर्नर गवर्नर शक्तिकांत दास ने एक कार्यक्रम के दौरान कही। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा है कि केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा (सीबीडीसी) परीक्षण चरण में है। केंदीय बैंक इस मोर्चे पर बहुत सावधानी और सावधानी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहाकि सरकार और आरबीआई रुपये में सीमा पार व्यापार के लिए दक्षिण एशियाई देशों के साथ चर्चा कर रहे हैं।

# तेजी के बावजूद 2019 में 10 फीसदी कम बिके वाहन, कोरोना में खुदरा बिक्री 15.28 बढ़ी

**नई दिल्ली ।**
देश में वाहनों की खुदरा बिक्री 2022 में 15.28 फीसदी बढ़कर 2,11,20,441 इकाई पहुंच गई। 2021 में खुदरा बाजार में कुल 1,83,21,760 वाहन बिके थे। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) ने बृहस्पतिवार को बताया कि कैलेंडर वर्ष 2022 में वाहनों की कुल खुदरा बिक्री सालाना आधार पर 15 फीसदी बढ़ी। 2020 की तुलना में इसमें 17 फीसदी की तेजी दर्ज की गई। हलांकि, कोविड पूर्व यानी 2019 के मुकाबले बिक्री अब भी 10 फीसदी कम रही। वाणिज्यिक वाहनों की



खुदरा बिक्री 2022 में 8,65,344 इकाई पहुंच गई। यह 2021 में बिके 6,55,696 वाहनों से 31.97 फीसदी अधिक है। वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री 2019 के करीब पहुंच गई है। तिपहिया वाहनों की बिक्री 71.47 फीसदी बढ़कर 6,40,559 इकाई पहुंच गई। यात्री वाहनों और ट्रैक्टर ने बनाया रिकॉर्ड पिछले साल 34,31,497 यात्री वाहन बिके। यह आंकड़ा 2021 में बिके 29,49,182 यात्री वाहनों से 16.35प्रतिशत ज्यादा है।

फाडा के अध्यक्ष मनीष राज सिंघानिया ने कहा, यह यात्री वाहनों की सर्वाधिक खुदरा बिक्री है। ट्रैक्टर की बिक्री बढ़कर रिकॉर्ड 7.94 लाख पहुंच गई। 2021 में 7,69,638 ट्रैक्टर बिके थे। बिक्री 2020 व 2019 से बेहतर रही। महंगाई ने थामी दोपहिया की रफ्तार : दोपहिया वाहनों की बिक्री 2022 में 13.37प्रतिशत बढ़कर 1,53,88,062 इकाई पहुंच गई। हालांकि, दिसंबर में बिक्री 11.19प्रतिशत घटकर 11,33,138 इकाई रह गई। महंगाई व लागत बढ़ने और ई-वाहनों की मांग से बिक्री घटी है। दिसंबर, 2022 में कुल वाहनों की खुदरा बिक्री 5.4प्रतिशत गिरकर 16,22,317 इकाई रह गई। एक साल पहले की समान अवधि में यह आंकड़ा 17,14,942 इकाई था। बिक्री 10.67प्रतिशत बढ़कर 66,945 इकाई पहुंच गई।

# विमान में महिला यात्री पर पेशाब करने के मामले में डीजीसीए सख्त, महिला आयोग ने भी नोटिस भेजा

**नई दिल्ली ।**
नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने पेरिस-नई दिल्ली उड़ान में एक महिला के कंबल पर पेशाब करने के मामले में एयर इंडिया से रिपोर्ट मांगी है। डीजीसीए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि विमानन कंपनी ने नियामक को इस घटना की जानकारी नहीं दी। इसलिए उनसे जवाब मांगा गया है। बता दें कि एयर इंडिया ने गुरुवार को पिछले साल 6 दिसंबर को हुई इस शर्मनाक घटना की पुष्टि की थी। घटना के महज दस दिन पहले पिछले इसी तरह की एक घटना एयरलाइन की न्यूयॉर्क-नई दिल्ली उड़ान के दौरान बिजनेस क्लास में भी हुई थी। 26 नवंबर को नशे में धुत एक व्यक्ति ने अपनी 70 वर्षीय महिला सह-यात्री पर कथित तौर पर पेशाब कर दिया था। उस घटना की सूचना भी नागर विमानन महानिदेशालय




(डीजीसीए) को भी नहीं दी गई थी। अब इस इन मामलों पर नियामक ने सख्ती दिखाई है। नियामक ने एयरलाइन की खिंचाई करते हुए कहा कि उसका आचरण गैरपेशेवर है। डीजीसीए ने एयरलाइन, उसके उड़ान सुरक्षा निदेशक और न्यूयॉर्क-दिल्ली उड़ान का संचालन करने वाले चालक दल के सदस्यों को कारण बताओ नोटिस जारी कर दो सप्ताह के भीतर बताने को कहा कि उनके खिलाफ कार्रवाई क्यों ना की जाए डीजीसीए के सूत्रों के अनुसार, एक एयरलाइन किसी भी घटना की सूचना तुरंत विमानन सुरक्षा नियामक को देने के लिए बाध्य है। डीजीसीए ने एक बयान में कहा, एयर इंडिया ने एक महिला यात्री के कंबल पर पेशाब करने की घटना की सूचना नहीं दी। इसलिए हमने एयरलाइन से रिपोर्ट मांगी है। अधिकारी ने कहा कि डीजीसीए एयर इंडिया से रिपोर्ट मिलने के बाद उसके खिलाफ किसी भी कार्रवाई पर विचार करेगा। हवाई अड्डे के अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को बताया था कि एयर इंडिया का पेरिस-दिल्ली विमान छह दिसंबर को सुबह करीब नौ बजकर 40 मिनट पर दिल्ली हवाई अड्डे पर उतरा और हवाई अड्डे के सुरक्षा बल को सूचित किया गया कि पुरुष यात्री शराब के नशे में था और वह चालक दल के सदस्यों के निर्देशों का पालन नहीं कर रहा था। उन्होंने बताया कि महिला यात्री ने शुरू में लिखित शिकायत की थी, लेकिन उसने पुलिस में मामला दर्ज कराने से इनकार कर दिया और इसलिए आव्रजन एवं सीमा शुल्क संबंधी औपचारिकताओं को पूरा करने के बाद यात्री को हवाई अड्डे के सुरक्षा घेरे से जाने दिया गया। एयर इंडिया ने एक बयान में कहा, एयर इंडिया इस बात की पुष्टि करता है कि छह दिसंबर, 2022 को पेरिस से दिल्ली आ रही एयर इंडिया की उड़ान संख्या 142 में एक यात्री ने साथी यात्री की खाली सीट और कंबल पर पेशाब किर दिया। चालक दल ने आरोपित की पहचान की पीड़ित यात्री को दूसरी सीट मुहैया कराई गई। पीड़ित और आरोपी के बीच सहमति बन जाने के बाद सीआईएसएफ ने लिखित माफी मांगने के बाद आरोपी को वहां से जाने दिया। बयान में कहा गया है, पीड़िता की इच्छा का सम्मान करते हुए एयर इंडिया ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई। वहीं दूसरी ओर, एयर इंडिया के विमानों में इन घटनाओं पर अब दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) ने भी कड़ा रुख दिखाया है। आयोग ने एयर इंडिया की दो उड़ानों में महिला यात्रियों के कथित उत्पीड़न और दुर्व्यवहार के इन मामलों पर शुक्रवार को दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया है।

### बैंक और वित्तीय संस्थान 111 लाख करोड़ की परियोजनाओं के लिए तैयार करें उत्पाद

**नई दिल्ली ।** 111 लाख करोड़ रुपये के नेशनल इन्फ्रास्ट्रक्चर पाइपलाइन (एनआईपी) को देखते हुए बैंकों और वित्तीय संस्थानों को ढांचागत परियोजनाओं की जरूरतों के अनुरूप उत्पाद तैयार करने चाहिए। वित्तीय सेवा विभाग के सचिव विवेक जोशी ने बृहस्पतिवार को कहा कि बुनियादी ढांचे का विभिन्न क्षेत्रों पर व्यापक प्रभाव पड़ता है। एनआईपी के साथ उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना, 'मेक इन इंडिया' जैसे कदम भारत को 5,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाएंगे। जोशी ने कहा कि पीएम गतिशक्ति पोर्टल के तहत 111 लाख करोड़ रुपये के कुल खर्च वाली एनआईपी परियोजनाओं पर नजर रखी जा रही है। शुरू में एनआईपी में 6,800 परियोजनाएं थीं। अब इसमें 34 बुनियादी ढांचा उप-क्षेत्रों की 9,000 से अधिक परियोजनाएं हैं।

## क्रैक की सफलता के लिए जैकलीन फर्नांडिस ने माता वैष्णौ देवी के दरबार में टेका माथा



**मुंबई (ईएमएस)।** बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडिस के लिए 2022 खास नहीं रहा। न उनकी फिल्मों ने अच्छा कलेक्शन किया और न ही उनकी पर्सनल लाइफ अच्छी बीती। पूरे साल महाठग सुकेश चंक्रशेखर के मनी लॉन्ड्रिंग केस में फंसने की वजह से जैकलीन विवादों में रहीं। सुकेश संग उनका अफेयर हेडलाइन में रहा। अब तनाव के बीच जैकलीन ने मां वैष्णो देवी के दर्शन किए हैं। जैकलीन ने मां वैष्णो देवी के दरबार में जाकर माथा टेका। इस यात्रा से जैकलीन की तस्वीर सामने आई है। फोटो में वे व्हाइट स्वेटर जींस और शूज पहने नजर आ रही हैं। जैकलीन के गले में माता की चुन्नी और माथे पर लाल टीका देखने को मिलता है। माता के दरबार में जाकर वे भक्ति के रंग में रंगी दिखीं। जैकलीन की वैष्णो देवी यात्रा से सामने आई ये तस्वीर उनके फैंस के बीच काफी पसंद की जा रही है। फैंस दुआ कर रहे कि जैकलीन का 2023 अच्छा जाए और सुकेश की वजह से जिस कानूनी पचड़े में वे फंसी हैं उससे बाहर निकल सकें। महाठग सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े 200 करोड़ के मनी लॉन्ड्रिंग केस में जैकलीन का नाम आना सबको हैरान कर गया था। उनका नाम सुकेश संग जोड़ा गया है। दोनों के बीच अफेयर होने की बात मालूम चली। जैकलीन और सुकेश की रोमांटिक फोटो वायरल हुई थी। सुकेश ने ही जैकलीन संग अफेयर की बात कबूली थी। मगर जैकलीन ने कभी इस रिश्ते को स्वीकारा नहीं। ईडी का आरोप है कि जैकलीन ने सुकेश से करोड़ों के तोहफे लिए थे। इस केस की वजह से जैकलीन कई बार ईडी के सामने हाजिर हो चुकी हैं। जैकलीन का फिल्मी करियर भी खास ठीक नहीं चल रहा है। वह बैक टू बैक फ्लॉप दे रही हैं। पिछले साल जैकलीन की बच्चन पांडे अटैक राम सेतु और सर्कस रिलीज हुई थी। मगर किसी भी फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर सफलता नहीं मिली। जैकलीन फर्नांडिस की 2023 में फिल्म क्रैक रिलीज होने वाली है।

## कई बड़े बदलावों के साथ 25 जनवरी को रिलीज होगी शाहरुख-दीपिका स्टारर पठान



**मुंबई (ईएमएस)।** बालीवुड स्टार शाहरुख खान की कमबैक फिल्म पठान का इंतजार जनता बेसब्री से कर रही है। फिल्म के पहले गीत बेशर्म रंग ने रिलीज होने के बाद से ही विवाद को जन्म दे दिया। गाने में दीपिका पादुकोण की बिकिनी के रंग को लेकर आम जनता से लेकर नेताओं तक ने आपत्ति जताई और कहा कि यह लोगों की धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाला है। फिल्म पर चल रहे विवाद के बीच सेंसर बोर्ड के चेयरमैन प्रसून जोशी का बयान आया कि पठान में सेंसर के नियमों के तहत बदलाव किए गए हैं। कहा जा रहा है कि सेंसर बोर्ड के सुझाव पर फिल्म में कुछ बड़े बदलाव किए गए हैं। बेशर्म रंग गाने में तो बदलाव हुए ही हैं फिल्म के डायलॉग्स में भी कई शब्द बदले गए हैं। पठान के बेशर्म रंग गाने में कम से कम तीन बड़े बदलाव की बात सामने आ रही है। बेशर्म रंग में दीपिका के शरीर के कुछ क्लोज-अप शॉट्स हटाए गए हैं। साथ ही गाने में बहुत तंग किया लिरिक्स के साथ आने वाले कुछ सेंशुअस विजुअल भी बदले गए हैं और इनकी जगह दूसरे शॉट लगाए गए हैं। बेशर्म रंग से दीपिका का साइड पोज भी हटाया गया है। हालांकि यह जानकारी सामने नहीं आई है कि गाने में दीपिका के विवादित भगवा बिकिनी के शॉट्स अभी भी हैं या हटा दिए गए हैं। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि पठान में 13 जगह पर प्रधानमंत्री कायार्लाव को बदला गया है। प्रधानमंत्री को बदलकर प्रेसिडेंट या मंत्री किया गया है। कहानी के हिसाब से जांच एजेंसी रॉ को बदलकर हमारे इस्तेमाल किया गया है। एक डायलॉग इससे सस्ती स्कॉच नहीं मिली में स्कॉच की जगह ड्रिंक शब्द लगाया गया है। पठान में अशोक चक्र की जगह वीर पुरस्कार एक्स-केजीबी की जगह एक्स-एसबीयू और मिसेज भारतमाता की जगह हमारी भारतमाता भी किए जाने की भी रिपोर्ट्स हैं। बताया जा रहा है कि फिल्म के एक सीन पर चल रहे टेक्स्ट में ब्लैक प्रिजन रशिया को बदलकर ब्लैक प्रिजन भी किया गया है। इन बदलावों के साथ सेंसर बोर्ड ने पठान के मेकर्स को यू/ए रेटिंग दी है। फिल्म से कितने सेकंड की फुटेज को सेंसर किया गया है इस बारे में भी डिटेल्स नहीं सामने आई हैं मगर अब फिल्म का रनटाइम 146 मिनट यानी 2 घंटे 26 मिनट हो गया है। शाहरुख की फिल्म पठान 25 जनवरी को थिएटर्स में रिलीज होगी। सिद्धार्थ आनंद के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म में जॉन अब्राहम एक खूंखार विलेन का किरदार निभाते दिखेंगे। यश राज फिल्म्स के इस प्रोजेक्ट को उसी स्पाई यूनिवर्स का हिस्सा बताया जा रहा है जिसमें सलमान खान की टाइगर फ्रैंचाइजी और ऋतिक रोशन-टाइगर श्रॉफ स्टारर वॉर थी।

## विवेक रंजन अग्निहोत्री की द वैक्सीन वॉर का हिस्सा बनें अनुपम खेर




विवेक रंजन अग्निहोत्री ने जब से अपनी आने वाली फिल्म द वैक्सीन वॉर का एलान किया है तभी से ये फिल्म चर्चा में है। इन दिनो फिल्म अपनी शूटिंग को लेकर सुर्खियों में हैं साथ ही फिल्म अपने लीड एक्टर्स को लेकर भी खूब खबरों में है। फिल्म के लीड एक्टर्स से जुडी लेटेस्ट अपडेट्स के मुताबिक अनुपम खेर भी फिल्म का हिस्सा बन गए हैं जोकि उनकी 534वीं फिल्म हैं। हाल में अपने सोशल मीडिया पर इस खबर की ज्यादा जानकारी देते हुए क्लैपबोर्ड के साथ अपनी एक तस्वीर शेयर करते हुए अनुपम खेर ने लिखा - मेरी 534वीं फिल्म की घोषणा विवेक रंजन अग्निहोत्री द्वारा निर्देशित द वैक्सीन वॉर। आकर्षक और प्रेरणादायक! जय हिंद! कुछ दिन पहले नाना पाटेकर को विवेक रंजन अग्निहोत्री की द वैक्सीन वॉर के लीड के रूप में कन्फर्म किया गया हैं और जो लखनऊ में फिल्म की शूटिंग कर रहें थे। अब अनुपम खेर फिल्म के कलाकारों में शामिल हो गए हैं और इन दिग्गज अभिनेताओं को एक साथ स्क्रीन पर देखने अपने आप में बेहद खास और एक्साइटिंग है। द वैक्सीन वॉर 15 अगस्त 2023 स्वतंत्रता दिवस पर रिलीज होगी और इसे हिंदी अंग्रेजी तेलुगु तमिल मलयालम कन्नड़ भोजपुरी पंजाबी गुजराती मराठी और बंगाली सहित 10 से ज्यादा भाषाओं में रिलीज किया जाएगा। फिल्म को पल्लवी जोशी ने प्रोड्यूस किया हैं। वह आई एम बुद्धा फाउंडेशन से हैं जो एक पूरी तरह से इंडिपेंडेंट फिल्म प्रोडक्शन हाउस है जिसका सो-कॉल्ड बॉलीवुड लॉबी से कोई लेना-देना नहीं है।

## खूबसूरती के साथ नृत्यकला में भी पारंगत थी वैजयंती माला



बॉलीवुड में पिछले सौ वर्षों में कई खुबसूरत और अद्भुत अभिनेत्रियां आई हैं। इन्हीं अभिनेत्रियों में एक नाम था वैजयंती माला का। इनकी खूबसूरती नृत्यकला और अभिनय कौशल ने बॉलीवुड में इन्हें एक अलग ही मुकाम दिया। बॉलीवुड में आज तक इनको कोई दूसरा विकल्प कोई खोज नहीं पाया। इस सदाबहार अभिनेत्री ने करीब 2 दशकों तक हिंदी सिनेमा पर राज किया। इस दौरान अपने दौर के सभी बड़े अभिनेताओं के साथ काम किया। वैजयंती माला ने दक्षिण की फिल्मों के बाद हिंदी सिनेमा में पर्दापण किया था। महज 13 साल की उम्र में वैजयंती माला ने अभिनय के क्षेत्र में कदम रखा था। उनकी मां भी 1940 के दशक की मशहूर तमिल अदाकारा थीं। दक्षिण भारत से आकर राष्ट्रीय अभिनेत्री का दर्जा करनेवाली वे पहली अभिनेत्री थी। वैजयंती माला एक कुशल नृत्यागंना भी थी। उन्होंने वर्ष 1951 में फिल्म बहार से बॉलीवुड में कदम रखा था।

यह फिल्म सुपरहिट रही थी। वे हिंदी और तमिल फिल्मों में एकसाथ काम करती थी। यह उनके अभिनय के प्रति समर्पण ही था कि उन्होंने हिंदी फिल्मों में काम करने के लिए हिंदी सीखी। वर्ष 1954 में आई उनकी फिल्म नागिन ने उनके करियर को एक नई उड़ान दी। इसके बाद वर्ष 1955 में उन्होंने फिल्म देवदास में चंद्रमुखी का किरदार निभाया। इस फिल्म के लिए उन्हें फिल्मफेयर अवार्ड भी मिला और वह एक लोकप्रिय अभिनेत्री बन गयीं। साल 1964 में आई फिल्म संगम में उन्होंने राधा का किरदार निभाया था जो उस दौर के हिसाब से काफी बोल्ड माना जाता था। वैजयंती माला भरतनाट्यम की डांसर कर्नाटक शैली की सिंगर और डांस टीचर भी रही हैं।

**निजी जिंदगी विवादों में रही –** 60 के दशक में वैजयंती माला का नाम शोमैन के नाम से मशहूर राज कपूर के साथ जुड़ा था। कहा जाता है कि दोनों इस रिश्ते को आगे लेकर जाना चाहते थे लेकिन राज कपूर पहले से शादीशुदा थे और उनके बच्चे भी थे। राज कपूर की पत्नी कृष्णा कपूर को जब वैजयंती माला और उनके बारे में पता चला वे घर छोड़कर चली गईं थीं और करीब साढ़े चार महीने तक मुंबई के नटराज होटल में रही थीं।

राज कपूर के काफी मनाने के बाद कृष्णा कपूर इस शर्त पर मानी कि वो फिर कभी वैजयंती माला के साथ कोई फिल्म नहीं करेंगे। फिल्म संगम के बाद वैजयंती माला और राज कपूर ने फिर कभी किसी फिल्म में काम नहीं किया। साल 1968 में वैजयंती माला ने चमनलाल बाली से शादी कर ली। दोनों का एक बेटा सुचिन्द्र बाली है। वैजयंती माला और चमनलाल बाली की लव स्टोरी भी बड़ी दिलचस्प है। कहा जाता है एक बार वैजयंती माला को निमोनिया हो गया था उनका इलाज डॉ बाली कर रहे थे। इलाज के दौरान ही दोनों में प्यार हो गया और फिर दोनों ने शादी करने का फैसला किया। वैजयंती माला की हिट फिल्मों में संघर्ष मधुमति और पैगाम लीडर नया दौर नयी दिल्ली देवदास मधुमति गंगा जमुना और संगम जैसी कई फिल्में शामिल है।

## फिल्म लकड़बग्घा का ट्रेलर जारी

**–पशु प्रेमी सतर्कता के बारे में भारत की यह पहली फिल्म**




**मुंबई (ईएमएस)।** फिल्म लकड़बग्घा 13 जनवरी 2023 को रिलीज होने के लिए तैयार है। इसमें अंशुमन झा रिद्धि डोगरा मिलिंद सोमन और परेश पाहुजा प्रमुख भूमिकाओं में हैं और विक्टर मुखर्जी ने निर्देशित किया है। फिल्म का केंद्रीय किरदार अर्जुन एक असंभावित नायक है जो बचपन से ही अपने पिता से उन लोगों के लिए लड़ना सीखता है जी असहाय और आवाज नही है यानी जानवर और विशेष रूप से भारतीय कुत्ते। लकड़बग्घा हैंड टू हैंड मुकाबला द्वारा और मार्शल आर्ट के साथ एक छाप छोड़ता है लेकिन यह एक इमोशनल और उद्देश्य के साथ दिखाई देगा।इस फिल्म में अंतरराष्ट्रीय दल की भरमार है (फ्रांसीसी डीओपी जीन मार्क सेल्वा बेल्जियम संगीतकार साइमन फ्रैंक्केट और केचा खाम्फकडी की ओंग-बक टीम द्वारा एक्शन) साथ ही साथ टेलीविजन और ओटीटी स्टार रिद्धि डोगरा की मुख्य भूमिका के रूप में बड़ी स्क्रीन की शुरूआत कर रही है। इस फिल्म में मिलिंद सोमन और परेश पाहुजा भी महत्वपूर्ण भूमिका में हैं और सिक्किम के एक वास्तविक जीवन के पुलिस अधिकारी और प्रोफेशनल बॉक्सर - एक्शा केरूंग की शुरूआत है। इस फिल्म की कहानी कोलकाता में एक सजग पुरुष के इर्द-गिर्द घूमती है जो अपने लापता भारतीय नसल का कुत्ता शोंकू की तलाश कर रहा है और इस प्रक्रिया में कोलकाता बंदरगाह पर अवैध पशु व्यापार उद्योग का पता चलता है। पशु व्यापार सरगना और पशु प्रेमी सजग के बीच युद्ध छिड़ जाता है। यह फिल्म क्राव-मगा (इजराइली मार्शल आर्ट्स फॉर्म) को भारत में नए तरीके से लाती है और अंशुमन ने फिल्म की शूटिंग शुरू करने से पहले न्यूयॉर्क में त्साही शेमेश (एवेंजर्स कास्ट फेम के ट्रेनर) के साथ प्रशिक्षण लिया।अंशुमान झा जो फिल्म में मुख्य भूमिका निभा रहे हैं कहते हैं अर्जुन बख्शी कुत्ते के सबसे अच्छे दोस्त हैं। और मैं आभारी हूं कि मुझे क्राव-मगा में प्रशिक्षण लेने और उनके साधारण लेकिन असाधारण चरित्र को जीवंत करने का अवसर मिला।

साधारण होना एक सुपर शक्ति है लकड़बग्घा के साथ अपनी फिल्म की शुरूआत करने वाली रिधि डोगरा ने कहा लकड़बग्घा वास्तव में एक विशेष फिल्म है - इसमें एक्शन थ्रिल है लेकिन इमोशंस भी है। अक्षरा के रूप में बड़े पर्दे पर मेरी शुरूआत के बाद से यह स्पष्ट रूप से मेरे लिए खास है। और मैं 13 जनवरी 2023 को दुनिया के इसे देखने का इंतजार नहीं कर सकता।

## जान्हवी कपूर नजर आएगी तेलुगू फिल्म में

अभिनेत्री जान्हवी कपूर अब दक्षिण भारतीय फिल्मों में भी अभिनय करेंगी। उनकी मां श्रीदेवी ने भी हिंदी सिनेमा के साथ-साथ दक्षिण भारतीय फिल्मों की स्टार अभिनेत्री थीं। पहले ऐसी खबरें थीं कि जाह्नवी कपूर विजय देवरकोंडा की फिल्म से डेब्यू कर रही हैं लेकिन यह खबर गलत निकली। जान्हवी जाने-माने निर्देशक कोराताला शिवा द्वारा निर्देशित तेलुगू स्टार जूनियर एनटीआर की 30वीं फिल्म से तेलुगू फिल्मों में डेब्यू करने वाली हैं। फिल्म अगले महीने फ्लोर पर जाएगी और अप्रैल 2024 में रिलीज होगी। फिल्म निमार्ताओं ने हाल ही में फिल्म का पोस्टर लॉन्च किया है। इस पोस्टर में एक दिन पूर्व इस बात की जानकारी फिल्म के निमार्ताओं ने आज इसका एक पोस्टर जारी करते हुए दी जिसमें फिल्म की शूटिंग शुरू होने के साथ ही प्रदर्शन तिथि भी साझा की गई है। इस फिल्म का निर्देशन कोराताला शिवा करने जा रहे हैं जो इससे पहले चिरंजीवी रामचरण के साथ आचार्य और जूनियर एनटीआर और मोहनलाल के साथ जनता गैराज दे चुके हैं। जनता गैराज बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर रही थी जबकि आचार्य बुरी तरह से असफल हो गई थी।

## अभय देओल की वेब सीरीज ट्रायल बाय फायर का ट्रेलर रिलीज




**मुंबई (ईएमएस)।** राजधानी दिल्ली स्थित सिनेमाघर में अभय देओल की वेब सीरीज ट्रायल बाय फायर का ट्रेलर रिलीज हो चुका है जिसमें अपने बच्चों के खो चुके मां-बाप न्याय मांगने के लिए दर-दर भटक रहे हैं लेकिन प्रशासन और अथॉरिटी ढूल-मूल रवैया परेशान करने वाला है। ट्रेलर की शुरूआत कई हंसते-खेलते हुए परिवारों से होती है जहां से बच्चे और परिवार के कई सदस्य एक मूवी देखने जाते हैं और सिनेमाघर में आग लग जाने के चलते सभी की मौत हो जाती है लेकिन ट्रेलर में प्रशासन का ढुलमुल रवैया और गैर जिम्मेदाराना बयानबाजी जो परिवार के लोगों के दुख को कम करने की बदले बढ़ा रहे हैं।

**वेब सीरीज नीलम-शेखर कृष्णमूर्ति के संघर्ष पर आधारित –** ट्रायल बाय फायर वेब सीरीज नीलम और शेखर कृष्णमूर्ति के संघर्ष पर आधारित है जिन्होंने उस अग्निकांड में अपने दो बच्चों को खो दिया था। कृष्णमूर्ति ने न सिर्फ अपने लिए बल्कि अन्य पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाने के लिए एक लंबी लड़ाई लड़ी और उन्होंने इस पूरी घटना की कहानी को अपनी किताब ट्रायल बाय फायर में लिखा है जिसमें उन्होंने साल 2016 में प्रकाशित किया था। जानकारी के अनुसार अभय देओल और राजश्री देशपांडे अभिनीत ये वेब सीरीज इसी किताब पर आधारित है। प्रशांत नायर और रणदीप झा द्वारा निर्देशित सच्ची घटना से प्रेरित इस वेब सीरीज में अभय देओल के साथ राजश्री देशपांडे राजेश तैलंग अनुपम खेर रत्ना पाठक आशीष विद्यार्थी शिल्पा शुक्ला और शार्दुल भारद्वाज भी मुख्य किरदार में नजर आने वाले हैं। सच्ची घटना से प्रेरित यह वेब सीरीज 13 जनवरी 2023 को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने के लिए पूरी तरह से तैयार है। उपहार सिनेमा अग्निकांड की कहानी से सीरीज प्रेरित है। साल 1997 में दिल्ली स्थित उपहार सिनेमा अग्निकांड ने देश भर को हिलाकर रख दिया था और इस घटना का मंजर लोगों के जेहन में कई सालों तक मौजूद रहा।

## वरुणमुख्य नायक के तौर पर नजर आएंगे सिटाडेल में

**– जनवरी मध्य में शुरू होगी फिल्म**




**मुंबई (ईएमएस)।** फिल्म सिटाडेल को द फैमिली मैन से चचाओं में आए निर्देशक द्वय राज और डीके निर्देशित कर रहे हैं। इसमें वरुण धवन मुख्य नायक के तौर पर नजर आएंगे। यह भी कहा जाता रहा है कि सामंथा जिसे मायोसिटिस नामक एक ऑटोइम्यून बीमारी का पता चला है वह काम से एक लंबा ब्रेक ले रही है जिससे यह अफवाहें फैल रही हैं कि उनकी आने वाली फिल्मों की स्टारकास्ट में परिवर्तन किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार सामंथा रुथ प्रभु वरुण धवन की सिटाडेल का हिस्सा हैं और जनवरी 2023 के मध्य में इसकी शूटिंग शुरू करेंगी। आधिकारिक तारीखों की जल्द ही पुष्टि की जाएगी।

एक सूत्र ने पुष्टि की सिटाडेल में उनकी जगह लेने के बारे में जो कुछ भी लिखा गया है वह सब बकवास है। वह जनवरी के दूसरे पखवाड़े में शूटिंग शुरू करेंगी।राज और डीके द्वारा निर्देशित सिटाडेल अंतर्राष्ट्रीय श्रृंखला का भारतीय रूपांतरण है जो मूल रूप से निर्देशक जोड़ी रूसो ब्रदर्स द्वारा बनाई गई है। रूसो ब्रदर्स द्वारा निर्देशित इस जासूसी श्रृंखला में भारतीय अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ ने मुख्य भूमिका निभाई थी। रूसो ब्रदर्स जिन्होंने सिटाडेल के निर्देशक हैं ने भी अपने ट्विटर हैंडल पर इसकी घोषणा पोस्ट की है और लिखा है हम आधिकारिक तौर पर यह घोषणा करते हुए रोमांचित हैं कि हम आपके लिए सिटाडेल ब्रह्मांड की भारतीय किस्त लेकर आएंगे। स्थानीय ओरिजिनल जनवरी 2023 में स्पाई सीरीज की शूटिंग शुरू होगी। राज और डीके ने भी इस बारे में ट्वीट किया। बतार दे कि सामंथा रुथ प्रभु के स्वास्थ्य के बारे में बहुत कुछ लिखा जा रहा है और यह कैसे उनके आगामी प्रोजेक्ट्स को प्रभावित कर रहा है। हाल ही में मीडिया में उनकी अगली फिल्म सिटाडेल को लेकर कहा जा रहा है कि उन्होंने इस फिल्म से किनारा कर लिया है।

### सूडोकु नवताल- 6305

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 2 | | 4 | 1 | 7 | | |
| 1 | | | | | | 6 | | |
| 5 | 7 | 3 | 2 | | | | 4 | |
| | | | | 9 | 4 | 8 | | |
| 4 | | 7 | | | | 9 | | 6 |
| | | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | 3 | | | | 6 | 5 | 9 | 1 |
| | | 6 | | | | | | 7 |
| | | 9 | 1 | 8 | | 2 | | 4 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -6304 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 7 |
| 1 | 2 | 6 | 4 | 9 | 7 | 3 | 5 | 8 |
| 3 | 8 | 7 | 5 | 2 | 6 | 1 | 4 | 9 |
| 8 | 7 | 1 | 3 | 4 | 2 | 6 | 9 | 5 |
| 9 | 5 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 | 2 | 4 |
| 2 | 6 | 4 | 7 | 5 | 9 | 8 | 1 | 3 |
| 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 1 | 9 | 8 | 6 |
| 6 | 9 | 2 | 8 | 3 | 4 | 5 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 9 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

### शब्दजाल - 7052

*शब्द जाल में ऐसे 10 शब्द ढूंढिए जो 'ज' से शुरु होते हों. शब्द उपर से नीचे एवं तिरछे हैं.*

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ज | खी | रे | दा | र | रि | सि | या | र | ट |
| दा | वि | ल | ग | व | जी | ग | द | इ | ह | ली |
| गि | स | शे | ज | ग | न्ना | थ | ता | गा | क | क |
| री | ज | र | दो | पु | ज | न | म | न | त | ज |
| क | ग | ग | भा | लू | लं | ग | म | ग | व | न |
| जी | द | ल | जा | य | ज | पू | ना | हि | र | नी |
| ती | गु | म | ड़ी | हि | प | र | श | र | र | ल |
| क | रु | ल्जा | ई | धा | र | क | ज | ल | न | ण |
| ने | बा | म | न्न | ब्रा | ह | त्या | री | श | प | क |
| ज | ग | त | प | व | ज | ग | दा | चा | र्य | त |
| क | दु | ल्हे | रा | नी | ल | ज | ग | ख्या | त | थ |

जखीरेदार, जगख्यात, जगदाचार्य, जगत, जगदगुरु, जगजाहिर, जननी, जगन्नाथ, जलन, जगमगाहट

**शब्दजाल - 7051 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| श | रा | रो | ज | गा | र | ह | ट | झ | क | चि |
| छ | च | र | ह | का | लै | ता | दि | शा | को | क |
| ट | र | ह | झि | का | म | गा | र | ला | ल | ना |
| प | म | दा | च | ल | क | ड़ | हा | अं | गा | र |
| व | रा | द | ष | हा | मि | री | चि | स | र | ट |
| ह | ह | प | द | प | ह | ला | उ | झ़ | न | आ |
| श्रं | ट | बु | अं | गा | म | ट | ह | द | ह | गा |
| गा | जी | वा | ला | र | र | सौ | न | ट | गा | र |
| र | थो | तें | व | ह | ज | दा | ने | दा | र | र |
| र | ल | भं | गा | र | ट | ऐ | बें | न | रु | थो |
| त | ड़ | पा | ह | ट | ख | बे | गा | र | ह | ट |

Jagrutidaur.com, Bangalore

### अष्टयोग- 6005


| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | 4 | | 5 | 2 |
| 2 | 28 | 4 | 40 | 7 | 35 | 4 |
| | 2 | | | 4 | 7 | |
| 5 | 28 | | 38 | | 34 | 1 |
| | 2 | 6 | | 5 | | 7 |
| 3 | 31 | 2 | 24 | | 30 | |
| 7 | 6 | | 4 | | | 5 |

*प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है.खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं.गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी.सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.*

**अष्टयोग 6004 का हल**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 |
| 2 | 26 | 4 | 40 | 7 | 38 | 4 |
| 4 | 2 | 6 | 3 | 5 | 1 | 7 |
| 5 | 34 | 3 | 37 | 6 | 30 | 1 |
| 6 | 1 | 7 | 4 | 3 | 5 | 2 |
| 3 | 33 | 2 | 24 | 1 | 27 | 6 |
| 7 | 6 | 1 | 4 | 2 | 3 | 5 |

Jagrutidaur.com, Bangalore



# एशियाई क्रिकेट परिषद ने क्रिकेट कार्यक्रम को लेकर पीसीबी अध्यक्ष की टिप्पणियों की आलोचना की

**नई दिल्ली।**
एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) ने पीसीबी अध्यक्ष नजम सेठी के इस दावे को खारिज कर दिया है कि एसीसी अध्यक्ष और बीसीसीआई सचिव जय शाह ने पाकिस्तान बोर्ड को सूचित किए बिना 2023 और 2024 के लिए एसीसी कैलेंडर की घोषणा की थी। एसीसी अध्यक्ष के रूप में शाह ने एक ट्वीट के जरिए अगले दो वर्षों में सभी एसीसी प्रतियोगिताओं के विवरण की घोषणा की थी। उन्होंने अपने ट्वीट में लिखा था, साल 2023 और 2024 के लिए एसीसी का ढांचा और क्रिकेट कैलेंडर! इससे इस खेल को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के हमारे प्रयासों और जुनून का पता चलता है। कई देशों के खिलाड़ी अपने बेहतरीन प्रदर्शन के लिए एकत्रित होंगे और शानदार क्रिकेट खेला जाएगा। नजम सेठी ने ही बाद में एक व्यंग्यात्मक ट्वीट के साथ शाह को जवाब देते हुए लिखा था, जय शाह, एकतरफा रूप से एसीसी संरचना और कैलेंडर 2023-24 पेश करने के लिए धन्यवाद, विशेष रूप से 2023 के एशिया कप 2023 के लिए जिसका मेजबान पाकिस्तान है। जब आप इससे जुड़े ही हैं तो आप हमारे पीएसएल 2023 की संरचना और कैलेंडर भी प्रस्तुत कर सकते हैं! एक त्वरित प्रतिक्रिया की सराहना की जाएगी। उसके एक दिन बाद एसीसी ने एक बयान दिया जिसमें कहा गया कि पीसीबी को 22 दिसंबर, 2022 को ईमेल के माध्यम से इन विवरणों के बारे में सूचित किया गया था, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। एसीसी के बयान में कहा गया है, यह हमारी जानकारी में आया है कि पीसीबी अध्यक्ष नजम सेठी ने एसीसी अध्यक्ष द्वारा एकतरफा रूप से कैलेंडर को अंतिम रूप देने और उसी की घोषणा करने पर एक टिप्पणी की है। एसीसी स्पष्ट करना चाहता है कि उसने उचित प्रक्रिया का पालन किया है। कैलेंडर को उसकी विकास समिति और वित्त और विपणन समिति द्वारा 13 दिसंबर, 2022 को आयोजित बैठक में अनुमोदित किया गया था। कैलेंडर को 22 दिसंबर, 2022 को एक ईमेल के माध्यम से पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) सहित सभी भाग लेने वाले सदस्यों को व्यक्तिगत रूप से सूचित किया गया था। जबकि कुछ सदस्य बोर्डें से प्रतिक्रियाएं प्राप्त हुई थीं, पीसीबी से कोई टिप्पणी या सुझावित संशोधन प्राप्त नहीं हुए थे। उपरोक्त को देखते हुए, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सेठी की टिप्पणी निराधार है और एसीसी इसका पुरजोर खंडन करता है। उसकी विकास समिति और वित्त एवं विपणन समिति, वे निकाय हैं, जिन्होंने एसीसी मार्ग संरचना और कैलेंडर को मंजूरी दी है। इन निकायों में पाकिस्तान से कोई प्रतिनिधि नहीं है। 22 दिसंबर, जिस दिन एसीसी ने कहा कि ईमेल पीसीबी को भेजा गया था, उसी दिन पाकिस्तान बोर्ड में सत्ता संरचना में उथल-पुथल मचा हुआ था। उसी समय सेठी ने रमीज राजा की जगह ली थी। सितंबर में होने वाले 2023 एशिया कप के आयोजन स्थल को लेकर पीसीबी और बीसीसीआई के बीच लगातार तनाव बढ़ रहा है। अक्टूबर 2022 में बीसीसीआई की बैठक के तुरंत बाद यह कहा गया था कि 2023 एशिया कप एक तटस्थ स्थान पर स्थानांतरित हो सकता है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### टोटेनहम ने क्रिस्टल पैलेस पर 4-0 से जीत दर्ज की, कप्तान हैरी केन ने दागे दो गोल




**लंदन।** विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में फ्रांस के खिलाफ अपने कंधों पर पेनाल्टी गंवाने का बोझ लेकर खेल रहे हैरी केन इस पीड़ा को पीछे छोड़ते दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने टोटेनहेम हॉटस्पर की क्रिस्टल पैलेस पर 4-0 से जीत में दो गोल किए। उनके दोनों ही गोल शानदार रहे। फ्रांस के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में इंग्लैंड को 1-2 से मिली हार के बाद केन का अपने क्लब के लिए इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) में यह तीसरा मैच था, जिसमें उनके तीन गोल हो चुके हैं। इससे पहले उन्होंने ब्रेंटफोर्ड के खिलाफ खेले गए 2-2 से ड्रॉ में भी गोल किया था। केन के इस प्रदर्शन से टीम के मैनेजर एंटोनियो कोंटे को राहत मिली है। इससे पहले टोटेनहेम को एस्टोनविला ने 2-0 से हराकर उसे लीग की अंकतालिका के सर्वोच्च चार स्थान से बाहर कर दिया था। टोटेनहेम के इस जीत के साथ 18 मैचों में 33 अंक हो गए हैं और वह पांचवें स्थान पर है। वह छठे स्थान पर मौजूद लिवरपूल से पांच अंक आगे है, जबकि तीसरे और चौथे स्थान पर मौजूद न्यूकैसल और मैनचेस्टर यूनाइटेड से दो अंक पीछे है। हालांकि यूनाइटेड ने टोटेनहैम से एक मैच कम खेला है। मैच में चारों गोल 24 मिनट के अंतराल में दूसरे हॉफ में हुए। अन्य दो गोल मैट डोहर्टी और कोरियाई सोन ह्यूंग मिन ने किए। रिकॉर्ड 31 बार कोपा डेल रे (स्पेन की नॉकआउट राष्ट्रीय लीग) का खिताब जीतने वाले बार्सिलोना को तीसरे डिवीजन के क्लब इंटरसिटी को हराने के लिए अतिरिक्त समय का सहारा लेना पड़ा। बार्सिलोना ने 104वें मिनट में अंसू फाती के गोल की बदौलत इंटरसिटी को 4-3 से हराया। निर्धारित समय में दोनों टीमें 3-3 की बराबरी पर थीं। इंटरसिटी के लिए ओरिओल सोल्दे ने हैट्रिक लगाई। उन्होंने 59,74,86वें मिनट में गोल किए।

### लंदन में हो सकती है पंत के लिगामेंट की सर्जरी: वनडे वर्ल्ड कप से भी हो सकते हैं बाहर, मुंबई में चल रहा है इलाज



**मुंबई।** कार एक्सीडेंट में गंभीर रूप से घायल हुए भारतीय टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत का लिगामेंट सर्जरी लंदन में हो सकता है। उन्हें देहरादून के मैक्स अस्पताल से उन्हें मुंबई के कोकिलाबेन अस्पताल में एयरलिफ्ट किया गया था, ताकि उनका सही से इलाज हो सके। बीसीसीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पंत जैसे ही घावों से उबरते हैं तो डॉक्टर उनकी लिगामेंट सर्जरी को लेकर फैसला करेंगे। हम उनकी वापसी के बारे में तब बात करेंगे, जब वे 100 फीसदी ठीक हो जाएंगे। पंत टेस्ट चैम्पियनशिप, आईपीएल सहित सात बड़े टूर्नामेंट को मिस करेंगे। वे जनवरी-फरवरी में न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज, मार्च-अप्रैल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू सीरीज, अप्रैल-मई में आईपीएल, जून में टेस्ट चैम्पियनशिप (भारत क्वालिफाई करता है तो), जुलाई में वेस्टइंडीज दौरे के अलावा सितंबर में एशिया कप और वनडे वर्ल्ड कप में नहीं दिखेंगे। वे आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान हैं।

### एलिस कैप्सी इंग्लैंड की महिला टी20 विश्व कप टीम में

**नई दिल्ली।** युवा आलराउंडर एलिस कैप्सी को महिला टी20 विश्व कप के लिए इंग्लैंड की 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है। महिला टी20 विश्व कप 10 से 26 फरवरी तक दक्षिण अफ्रीका में होना है। कैप्सी को दिसम्बर 2022 में वेस्ट इंडीज दौरे पर कॉलरबोन में चोट लग गयी थी। प्रमुख कोच जान लुइस ने एक आधिकारिक बयान में कहा, हमें उम्मीद है कि एलिस फिट हैं। उन्होंने इस स्थिति तक पहुंचने के लिए मेडिकल स्टाफ के साथ कड़ी मेहनत की है। तेज गेंदबाजी आलराउंडर केट क्रॉस, जिन्होंने अपना आखिरी टी20 वर्ष 2019 में खेला था, उस टीम में एकमात्र अन्य अतिरिक्त खिलाड़ी हैं जिसने वेस्ट इंडीज में सभी पांच टी20 जीते थे। लुइस ने कहा, विश्व कप टीम घोषित करना हमेशा रोमांचक होता है। इस टीम में काफी प्रतिभा है और यह देखना है कि विश्व कप में यह चुनौती का भार कैसे उठाती है। इंग्लैंड ने 2009 में पहला महिला टी20 विश्व कप जीता था।



## मुख्यमंत्री से मिले पूर्व क्रिकेट कप्तान अजहरुद्दीन

# छत्तीसगढ़ में क्रिकेट के बुनियादी ढांचा विकास पर बातचीत, मुख्यमंत्री ने साझा की पुरानी यादें

**रायपुर।**
भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से मुलाकात की है। इस दौरान प्रदेश में क्रिकेट को बढ़ावा देने के प्रयासों पर बातचीत हुई। मुख्यमंत्री ने अजहरुद्दीन के समय के क्रिकेट से जुड़ी यादें भी ताजा की।अजहरुद्दीन रायपुर प्रवास पर आये हुए हैं। मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बताया, 21 जनवरी को नवा रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में भारत और न्यूजीलैंड की क्रिकेट टीम के बीच वनडे मैच खेला जाना है। अजहरुद्दीन ने इस आयोजन की मेजबानी मिलने के लिए मुख्यमंत्री को बधाई दी। मोहम्मद अजहरुद्दीन ने मुख्यमंत्री को दादा बनने पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

**1990 से 1999 तक टेस्ट टीम की कप्तानी** - मोहम्मद अजहरुद्दीन भारतीय क्रिकेट टीम के सबसे सफल कप्तानों में गिने जाते हैं। उन्होंने 1990 से 1999 तक टेस्ट टीम की कप्तानी की थी। 2009 में उन्होंने कांग्रेस पार्टी के साथ राजनीतिक जीवन की शुरुआत की। मुरादाबाद से सांसद भी चुने गए।

**छत्तीसगढ़ में पहली बार अंतरराष्ट्रीय वनडे क्रिकेट मैच** - छत्तीसगढ़ पहली बार अंतरराष्ट्रीय वनडे क्रिकेट मैच के रोमांच का गवाह बनने जा रहा है। रायपुर को भारत-न्यूजीलैंड की वनडे सीरीज के एक मैच की मेजबानी मिली है। यह मैच 21 जनवरी को शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में खेला जाना है। इसे छत्तीसगढ़ की क्रिकेट संभावनाओं को लेकर बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है।



**भारत दौरे पर आ रही है न्यूजीलैंड** - न्यूजीलैंड की क्रिकेट टीम अगले साल भारत दौरे पर आ रही है। इस दौरे में तीन वन डे और तीन टी-20 मैच खेले जाने हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड-बीसीसीआई की दौरा एवं कार्यक्रम निर्धारण समिति की बैठक हुई। इसमें न्यूजीलैंड दौरे को अंतिम रूप दिया गया। सिरीज के कार्यक्रम की अभी आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। लेकिन छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ को बता दिया गया है कि इस बार एक मैच रायपुर में खेला जाना है।

**यहां-यहां होंगे सीरीज के मैच** - बीसीसीआई से जुड़े सूत्रों का कहना है कि न्यूजीलैंड सीरीज का पहला वनडे 18 जनवरी को हैदराबाद में खेला जाएगा। दूसरा मैच 21 जनवरी को रायपुर में होगा। इस सीरीज का तीसरा और निर्णायक मैच 24 जनवरी को इंदौर में होना है।

**अभी इस तरह के मैच की मेजबानी कर चुका है रायपुर** - वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम ने 2013 में आईपीएल के दो मैच की मेजबानी की थी। 2014 में यहां टी-20 चैलेंजर ट्रॉफी के मैच हुए। 2015 में दूसरी बार आईपीएल खेला गया। 2016 से लगातार रणजी ट्रॉफी के मैच, सैय्यद मुस्ताक अली टी-20 ट्रॉफी के मैच खेले जाते रहे हैं। पिछले दो साल से यहां रोड सेफ्टी क्रिकेट सीरीज के मैच भी आयोजित हो रहे हैं।

**रायपुर में लगेंगे चौके-छक्के** - रायपुर में पहली बार इंडियन क्रिकेट टीम मैच खेलते नजर आएगी। विराट कोहली छक्के लगाएंगे और रोहित शर्मा चौका। राजधानी के वीर नारायण सिंह स्टेडियम को इंटरनेशनल क्रिकेट के लिए तैयार किया जा रहा है। प्रदेश के क्रिकेट इतिहास में पहली बार बीसीसीआई ने प्रदेश को एक अंतराष्ट्रीय मुकाबले की मेजबानी सौंपी है। ये मुकाबला टीम इंडिया और न्यूजीलैंड के खिलाड़ियों के बीच होना है। साल 2023 के जनवरी के महीने में न्यूजीलैंड के खिलाड़ी इंडिया आ रहे हैं। मेन ब्लू फौज के साथ ये खिलाड़ी भिड़ेंगे और इनका एक मैच रायपुर में होगा। इसकी आधिकारिक पुष्टि छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ ने की है। संघ की तरफ से बताया गया है कि 21 जनवरी 2023 को शहीद वीर नारायण सिंह क्रिकेट स्टेडियम परसदा में मैच होगा।

**कुछ महीने पहले हुई थी रोड सेफ्टी सीरीज** - रायपुर में अक्टूबर माह में रोड सेफ्टी वर्ल्ड क्रिकेट सीरीज मैच खेला गया था। फाइनल मुकाबला जीत कर इंडिया लीजेंड्स ने एक बार फिर से सीरीज पर कब्जा किया था। इंडिया ने श्रीलंका को 33 रनों से हराया था। यह मैच रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह स्टेडियम में खेला गया था। नमन ने जहां शतकीय पारी खेली थी। वहीं विनय कुमार 3, अभिमन्यु 2 विकेट झटके थे। इससे पहले शनिवार रात फाइनल मैच को देखने छत्तीसगढ़ के सीएम भूपेश बघेल स्टेडियम पहुंचे तो दर्शक छत्तीसगढ़ी में बोले आ गे कका.. (आ गए काका)। सीएम ने लोगों का अभिवादन स्वीकारा। वो ग्राउंड में उतरे लोगों को हाथ हिलाकर हाय कहते दिखे थे। इसके बाद मैदान में सचिन के साथ मुख्यमंत्री दिखे थे। पूरी टीम से भूपेश बघेल मिले।

# हॉकी प्रतियोगिता में दम दिखाएंगी हिमाचल की 12 टीमें, ठोडो मैदान में होगा आयोजन



**सोलन।**
हॉकी क्लब सोलन की ओर से 7 जनवरी से करवाई जा रही दो दिवसीय प्रदेश स्तरीय अंडर-17 हॉकी प्रतियोगिता में 12 टीमें भाग ले रही हैं। इनमें छह महिला और छह पुरुष वर्ग की टीमें शामिल हैं। क्लब ने प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर सभी इंतजाम पूरे कर लिए हैं। 6 जनवरी को शाम तक टीमें सोलन पहुंच जाएंगी। 7 जनवरी को हॉकी क्लब के मुख्य संरक्षक विनोद गुप्ता प्रतियोगिता का शुभारंभ करेंगे। क्लब के प्रधान कैप्टन एसपी जगोता ने बताया कि पुरुष वर्ग में कंडाघाट अकादमी, नालागढ़, माजरा, आनदपुर, सोलन हॉकी क्लब ए, बी और महिला वर्ग में कंडाघाट, नालागढ़, माजरा स्पोर्ट्स हॉस्टल, पड्डुल हॉकी अकादमी जिला मंडी और सोलन की टीमें शामिल होंगी। दो दिन तक टीमों के रहने और भोजन की व्यवस्था भी क्लब की ओर से की जा रही है। विजेता टीमों को ट्रॉफी और हॉकी खेल में प्रयोग होने वाली सामग्री देकर सम्मानित किया जाएगा। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर रखना एवं हॉकी खेल को बढ़ावा देना है। क्लब की ओर से हॉकी को बढ़ावा देने के लिए ठोडो मैदान में निशुल्क कोचिंग भी दी जा रही है। इसमें करीब 40 युवा निशुल्क कोचिंग ले रहे हैं। कोचिंग देने के लिए एनआईएस क्वालिफाइड कोच को भी तैनात किया गया है। रामपुर उपमंडल की झाकड़ी पंचायत के गसो गांव के बेटे ऋतिक मंजर ने सीनियर नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता है। ऋतिक ने 54 किलोग्राम भार वर्ग में पदक जीतकर रामपुर सहित और हिमाचल का नाम चमकाया है। हरियाणा के हिसार में आयोजित प्रतियोगिता में ऋतिक ने असम के बॉक्सर को लगातार तीन सेट में हराया। ऋतिक मंजर की इस उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी का माहौल है। कॉलेज और राज्य स्तर पर भी वह कई स्वर्ण और रजत पदक अपने नाम कर चुके हैं। ऋतिक का जन्म गसो में एक मध्यम वर्गीय परिवार में हुआ है। दसवीं और 12वीं वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय झाकड़ी से हुई है। स्नातकोत्तर द्वितीय वर्ष रामपुर कॉलेज से हो रही है। ऋतिक के पिता राज मंजर का कहना है कि पांचवीं कक्षा से ही बॉक्सिंग का शौक हो गया था। ऋतिक ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने प्रदेश और देश का नाम रोशन करना उनका सपना है।

# ओडिसा सीएम नवीन पटनायक का एलान- भारत विश्व कप जीता तो हर खिलाड़ी को देंगे एक करोड़ रुपये

**भुवनेश्वर।**
पुरुष हॉकी विश्व कप 2023 का आयोजन भारत के ओडिसा में होना है। इस टूर्नामेंट के सभी मैच भुवनेश्वर और राउरकेला में होने हैं। भारत लगातार दूसरी बार हॉकी विश्व कप की मेजबानी कर रहा है। लगातार दूसरी बार विश्व कप के सभी मैचों का आयोजन ओडिसा में ही होना है। इस बीच ओडिसा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने कहा है कि अगर भारत यह विश्व कप जीतने में सफल रहता है तो भारतीय टीम में शामिल सभी खिलाड़ियों को एक-एक करोड़ रुपये दिए जाएंगे। पटनायक ने राउरकेला का दौरा किया। यहां उन्होंने बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम परिसर में विश्व कप गांव का उद्घाटन किया। विश्व कप गांव को रिकॉर्ड नौ महीने के अंदर बनाया गया है और इसमें हॉकी विश्व कप के स्तर के अनुरूप सभी सुविधाओं के साथ 225 कमरे हैं। विश्व कप विलेज में हॉकी विश्व कप की टीमें और अधिकारी रहेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पटनायक ने विश्व कप विलेज में ठहरी राष्ट्रीय पुरुष हॉकी टीम से बातचीत की। पटनायक ने कहा, अगर हमारा देश विश्व कप जीतता है तो टीम इंडिया के प्रत्येक खिलाड़ी को एक करोड़ रुपये का इनाम दिया जाएगा। मैं टीम इंडिया को शुभकामनाएं देता हूं और उम्मीद करता हूं कि वे चैंपियन बनकर उभरें। खिलाड़ियों ने ओडिशा सरकार की प्रशंसा की और देश के खिलाड़ियों और हॉकी के लिए बेहतर सुविधाएं और माहौल बनाने के लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। विश्व कप गांव राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को विश्व कप के लिहाज से बेहतर माहौल देगा। यहां हॉकी अभ्यास केंद्र और बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम भी खिलाड़ी अभ्यास कर सकेंगे। ओडिशा की संस्कृति को दर्शाते हुए सेवा और आतिथ्य की जिम्मेदारी ताज ग्रुप को दी गई है। इसके लिए हॉकी इंडिया ने ताज ग्रुप से बात कर ली है। ओडिशा के खेल मंत्री टीके बेहरा, हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की, सचिव वी के पांडियन, सचिव खेल, आर विनील कृष्णा, एमडी आईडीसीओ, भूपेंद्र सिंह पूनिया, हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह और ओडिशा सरकार और हॉकी इंडिया के अधिकारी वर्ल्ड कप विलेज के उद्घाटन के मौके पर मौजूद थे।



# दूसरे टी-20 में भारत श्रीलंका से हारा: अर्शदीप ने 5 नो बॉल फेंकी तो परेशान हो गए हार्दिक, दोनों हाथों से मुंह छुपा लिया

**नई दिल्ली।**
श्रीलंका ने दूसरे टी-20 मैच में भारत को हराकर सीरीज में 1-1 की बराबरी कर ली है। 20वें ओवर तक मैच में रोमांच बना रहा। दोनों टीमें मैच को अपने पाले में करने के लिए लड़ाई लड़ती रहीं। शुरुआत में यह मैच पूरी तरह श्रीलंकाई खिलाड़ियों के कब्जे में रहा। क्योंकि भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही। तीन बल्लेबाज 21 रन पर आउट होकर पवेलियन लौट गए। 57 रन पर पांच विकेट गिर चुके थे। सूर्या और अक्षर पटेल ने छठवें विकेट के लिए 40 गेंद पर 91 रन की साझेदारी कर टीम को जीत के करीब पहुंचाया। लेकिन अंतिम ओवर में अक्षर का विकेट गिरते ही भारत के हाथ से यह मैच निकल गया और भारत 16 रन से मैच हार गया। इस मैच में भारत ने 7 नो बॉल फेंकी और। इन पर 28 रन दिए। 2 छक्के भी खाए।

अर्शदीप तीन लगातार नो बॉल फेंकने वाले पहले भारतीय बने: अर्शदीप सिंह ने 2 ओवर में 37 रन दिए। उन्होंने कुल 5 नो बॉल फेंकीं।



उन्होंने अपने पहले ओवर में ही तीन लगातार नो बॉल फेंकी और 19 रन दिए। ऐसा करने वाले वे पहले भारतीय बन गए हैं। इस दौरान हार्दिक परेशान से दिखे। उन्होंने अर्शदीप को फिर गेंद नहीं थमाई। बाद में 19वें ओवर गेंद दी, लेकिन इस ओवर में भी अर्शदीप महंगे साबित हुए। उन्होंने दो नो बॉल फेंकने के साथ इस ओवर में 18 रन दिए। यह देख पंड्या ने सिर पकड़ लिया।

मैच के बाद पंड्या ने साफ शब्दों में अर्शदीप को हिदायत देते हुए कहा कि नो बॉल फेंकना अपराध है। इसे माफ नहीं किया जा सकता है। मेंडिस ने पंड्या का फ्लाइंग कैच पकड़ा: श्रीलंका के विकेटकीपर कुसल मेंडिस ने हार्दिक पंड्या का शानदार कैच पकड़ा। पांचवें ओवर की चौथी बॉल चमिका करुणारत्ने ने ऑफ साइड पर गुड लेंथ डाली। पंड्या ऑन ड्राइव खेलने गए, लेकिन, बॉल उनके बैट का बाहरी किनारा लेकर कीपर के पास चली गई।

जहां विकेट के पीछे मेंडिस ने दाएं तरफ हवा में शानदार डाइव मारकर कैच पकड़ लिया। पंड्या 12 बॉल में 12 रन बनाकर आउट हुए। अक्षर रनआउट होने से बचे: 12वें ओवर की चौथी बॉल पर अक्षर पटेल रन आउट होने से बाल-बाल बचे। चमिका करुणारत्ने की बॉल पर सूर्यकुमार यादव ने स्कूप किया। बॉल विकेटकीपर कुसल मेंडिस के पास गई। अक्षर ने रन दौड़ना शुरू कर दिया, लेकिन सूर्या अपनी क्रीज में ही खड़े रहे। मेंडिस ने करुणारत्ने की ओर बॉल फेंकी। अक्षर नॉन-स्ट्राइकर एंड की ओर दौड़े, तभी करुणारत्ने ने स्टंप्स पर थ्रो मारा। लेकिन, बॉल स्टंप्स पर नहीं लगी और अक्षर बच गए।

## न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू टी-20 सीरीज में रोहित-विराट नहीं खेलेंगे

# बीसीसीआई अधिकारी बोले- दोनों के नामों पर नहीं किया जाएगा विचार

**मुंबई।**
न्यूजीलैंड के साथ घरेलू सीरीज के दौरान टी-20 के कप्तान हार्दिक पंड्या हो सकते हैं, वहीं विराट और रोहित इस टीम का हिस्सा नहीं होंगे। हालांकि न्यूजीलैंड के साथ 3 वनडे और 3 टी-20 मैचों की घरेलू सीरीज के लिए टीम की घोषणा अभी नहीं की गई है। इस टीम की घोषणा नई सिलेक्शन कमेटी करेगी। न्यूजीलैंड के साथ पहले 3 वनडे मैचों की सीरीज 18 जनवरी से शुरू होगी। उसके बाद 27 जनवरी से टी-20 सीरीज खेली जाएगी।

मीडिया रिपोर्ट की मानें तो टी-20 सीरीज से सीनियर्स खिलाड़ी विराट और रोहित शर्मा को आराम दिया जा सकता है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के एक अधिकारी ने बातचीत में कहा कि न्यूजीलैंड के साथ घरेलू सीरीज के दौरान 3 टी-20 मैचों की सीरीज के लिए रोहित और विराट के नाम पर विचार नहीं किया जाएगा।




मोहम्मद शमी, भुवनेश्वर कुमार और आर अश्विन जैसे सीनियर्स खिलाड़ी टी-20 के प्लान से पहले ही बाहर हो चुके हैं।

**वनडे वर्ल्ड कप है पहली प्राथमिकता** - दरअसल इस साल भारत में ही अक्टूबर-नवंबर में वनडे वर्ल्ड कप खेला जाना है। हाल ही में बीसीसीआई की रिव्यू मीटिंग में वनडे वर्ल्ड कप को ध्यान में रखकर कई अहम फैसले किए गए।

वनडे वर्ल्ड कप के लिए 20 खिलाड़ियों की सूची तैयार करने की बात कही गई और आगे के मैचों में इन्हीं 20 खिलाड़ियों को आजमाने पर भी फैसला किया गया। हालांकि उस सूची में शामिल 20 खिलाड़ियों के नामों की घोषणा अब तक नहीं की गई है। पर माना जा रहा है कि रोहित, विराट सहित श्रीलंका के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए शामिल किए गए सभी खिलाड़ी इसमें शामिल होंगे। इनके अलावा फिट होने पर कार एक्सीडेंट में घायल हुए पंत, रविंद्र जडेजा और जसप्रीत बुमराह को भी शामिल किया जाएगा। रिव्यू मीटिंग में सीनियर्स खिलाड़ियों को चोट से बचाने के लिए अहम कदम उठाने की बात भी कही गई है।

**श्रीलंका के खिलाफ टी-20 सीरीज से भी बाहर हैं विराट और रोहित** - श्रीलंका के खिलाफ खेली जा रही 3 टी-20 मैचों की सीरीज में भी रोहित और विराट कोहली को आराम दिया गया है। वहीं टीम की कप्तानी हार्दिक पंड्या कर रहे हैं, जबकि वाइस कैप्टन सूर्यकुमार यादव को बनाया गया है। इस सीरीज में शुभमन गिल, शिवम मावी और राहुल त्रिपाठी को आजमाया गया। अब तक दो मैच हो चुके हैं और भारत और श्रीलंका ने 1-1 मैच जीते हैं। वहीं अब आखिरी मैच राजकोट में खेला जाना है। सीरीज का फैसला इस मैच के आधार पर होगा।

**द्रविड़ भी टी-20 के लिए युवा खिलाड़ियों को तवज्जो देने की बात कर चुके** - टीम इंडिया के कोच राहुल द्रविड़ भी पुणे में खेले गए दूसरे टी-20 मैच के बाद मीडिया से बातचीत में यह संकेत दे चुके हैं कि टी-20 में युवा खिलाड़ियों को ही मौका दिया जाएगा। 2024 में होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप में टीम इंडिया युवाओं की होगी।

### सिडनी टेस्ट के तीसरे दिन का खेल बारिश से रद्दसिडनी

**सिडनी।** लगातार बारिश के कारण ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच तीसरे और अंतिम टेस्ट के तीसरे दिन का खेल शुक्रवार को रद्द हो गया। बारिश के कारण पहले दिन भी आधे दिन का खेल बर्बाद हुआ था। दूसरे दिन हालात सुधरे और पूरे 90 ओवर का खेल हुआ। लेकिन तीसरे दिन फिर मौसम की मार पड़ी और एक भी गेंद नहीं फेंकी गयी। बेहतर मौसम की भविष्यवाणी की गयी है। स्टंप्स के समय ऑस्ट्रेलिया का स्कोर चार विकेट पर 475 रन था। उस्मान ख्वाजा 195 और मैट रेनशॉ पांच रन पर नाबाद थे। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने घोषणा की है कि तीसरे दिन के खेल के टिकट खरीदने वालों को रिफंड दिया जाएगा। दक्षिण अफ्रीका तीन मैचों की सीरीज के पहले दो मैच हारकर सीरीज पहले ही गंवा चुका है।

# पथरी हो या कैंसर बचाता है बथुआ



**सब्जी,** रायते व खाने में कई तरह से प्रयोग में लाया जाने वाला बथुआ अनेक औषधीय गुणों से भरपूर है। इसमें शरीर के लिए जरूरी पोषक तत्त्व पाए जाते हैं। इसे खाने से कई बीमारियों से बचा जा सकता है। पथरी हो या कैंसर सबसे बचाव करता है बथुआ। जानिए इससे होने वाले फायदों के बारे में...

## बीमारियों में लाभकारी बथुआ

**ब्रेस्ट कैंसर:** आयुर्वेद में किए गए शोध के मुताबिक बथुए को नियमित खाने से ब्रेस्ट कैंसर की आशंका कम हो जाती है। इसमें मौजूद सेलिनियम, ओमेगा-3 व 6 फैटी एसिड ब्रेस्ट कैंसररोधक होते हैं।

**जोड़ों में दर्द:** इसके 10 ग्राम बीजों को करीब 200 मिलीलीटर पानी में उबालें। 50 मिलिलीटर बचने पर गर्मागर्म पिएं। ऐसा एक महीने तक सुबह-शाम करने से जोड़ों के दर्द में लाभ होता है। इसकी ताजी पत्तियों को पीसकर हल्का गर्म करें और दर्द वाले स्थान पर बांधें। इससे भी दर्द में आराम मिलता है।

**एनीमिया:** इसमें आयरन व फोलिक एसिड होता है। करीब डेढ़ माह तक सब्जी बनाकर खाने या इसका 15-20 मिलीलीटर (करीब 4 चम्मच) रस सुबह-शाम लेने से खून की कमी की समस्या दूर होती है।

**पीलिया:** इसके 15 मिलिलीटर रस को 30 मिलीलीटर गिलोय रस के साथ करीब 10 दिनों तक लेने से पीलिया में राहत मिलती है।

**बवासीर:** इसके पंचांग (तना, जड़, पत्ते, फूल व बीज) को सुखाकर चूर्ण बना लें। करीब 10 ग्राम चूर्ण 15 दिनों तक सुबह-शाम बकरी के दूध के साथ लें, समस्या दूर होगी।

**अनियमित माहवारी:** 10 ग्राम बीज को 200 मिली पानी में उबालें। 50 मिली बचने पर छान लें। छने हुए पानी में करीब 2 ग्राम सौंठ मिलाकर गर्म-गर्म पिएं। इससे अनियमित माहवारी की समस्या व दर्द में आराम मिलता है।


**पथरी:** बथुआ में क्षार होता है। पथरी की शुरुआती स्टेज में इसके रस को 20 दिनों तक पीने से पथरी टूटकर यूरिन के जरिए बाहर आ जाती है।

# ये टॉयलेट है स्मॉर्ट, जांच लेता है बीमारी



**दुनिया** के सबसे बड़े टॉयलेट मैन्युफैक्चरर कंपनी टोटो ने एक अलग तरह के टॉयलेट का निर्माण किया, जिसकी खासियतें सुनकर आप चौंक सकते हैं। दरअसल, टॉयलेट मैन्युफैक्चरर कंपनी टोटो ने ऐसा टॉयलेट विकसित किया है, जो सेहत के संभावित खतरे के लिए किसी को भी आगाह कर सकता है। टोटो ने अपने इस अनोखे टॉयलेट के बारे में जानकारी जापान के योकोहामा में हुए मी-बायो जापान 2015 कॉन्फ्रेंस के दौरान दी। डॉक्टर की तरह सेहत के लिए अलर्ट करने वाले टॉयलेट के निर्माण में विशेष तकनीक प्रयोग की गई है। साथ ही इसमें प्रयोग की गई तकनीक को जापान की तेजी से बुजुर्ग होती जनसंख्या के लिए वरदान माना जा रहा है। दरअसल, टोटो कंपनी ने इस फ्लोस्काई नाम के टॉयलेट की खासियत है कि ये यूरिन फ्लो रेट को माप सकता है। इसके लिए इसे खास तरह के सेंसर्स से लैस किया गया है। ये सेंसर्स यूजर के यूरीन फ्लो रेट ही यूरीन के वॉल्यूम परिवर्तन जैसी कई तरह की गणनाएं कर लेते हैं। रीडिंग टॉयलेट से रीलीव होने के फौरन बाद मिल जाती है। ये तकनीक उन मरीजों के लिए बहुत लाभदायक है जो दूरदराज के इलाकों में रहते हैं। इन मरीजों से दूर बैठा डॉक्टर उनके स्वास्थ्य पर इस एप्लीकेशन के जरिए नजर रख सकता है।

# यहां नलों से गिरती है शराब



**स्पेन** में ईराच और एस्टेला ऐसी चर्चित जगह है, जहां पर शराब के गोदामों को देखकर और शराब से जुड़ी कई अलग तरह की बातें जानकर कोई भी व्यक्ति हैरान हो जाता है। यहां पर शराब से जुड़े कई किस्से सुनने को मिलते हैं, जिनमें से एक है एस्टेला में शराब पीने के लिए लगा नल। ये वो जगह है, जहां पर आपको शराब के तलबगार लोग नल के भर-भर कर कप में शराब पीते नजर आएंगे। बताया जाता है कि एस्टेला शराब के नल का निर्माण साल 1891 में किया गया था। साथ ही ये जगह 12वीं सदी में अंगूरों के बाग के रूप में जानी जाती थी। इसके बाद बदलते वक्त के साथ 1991 में इस जगह को नए तरीके से बनाया गया। यहां की छोटी-छोटी शराब की दुकानों की जगह पर शराब के हॉल का निर्माण किया गया, जिसमें रखे 23स्टेनलेस के ड्रमों में कुल लगभग 70 हजार लीटर शराब रखी जा सकती है। ईराच और एस्टेला के वाइन संग्रहालय में आने वाले लोगों के लिए वाइन फाउंटेन किसी अजूबे से कम नहीं है। यहां आने वाले लोगों के लिए शराब परोसने के बेहतर इंतजाम के साथ उनकी मौज-मस्ती के लिए भी खास तैयारियां की जाती है।

## लैदर स्कर्ट से मिलेगा फॉर्मल और कैजुअल लुक

दिन के वक्त ऑफिस और रात को उसी ड्रेस में पार्टी में जाना चाहती हैं तो लैदर स्कर्ट अच्छा ऑप्शन साबित होगा। शायद एक पल के लिए पार्टी में लैदर स्कर्ट पहनने के बारे में सोच कर थोड़ा असहज जरूर महसूस करेंगी, लेकिन ये एक ऐसा आउटफिट है जिसे कई तरह से स्टाइल किया जा सकता है। लैदर स्कर्ट्स जो कि अभी रैम्प और रेड कारपेट पर छाई हैं, पार्टी और कैजुअल लुक में अच्छी दिखेगी। जानिए लैदर स्कर्ट पहनने के कुछ तरीकों के बारे में, जिनसे लुक बदलना आसान होगा

## क्यों जरूरी है ब्लड सर्कुलेशन



रक्त मानव शरीर का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा है। पूरे शरीर में न्यूट्रिएंट्स, इलेक्ट्रोलाइट्स, हार्मोन्स, हीट और ऑक्सीजन पहुंचाने का काम रक्त ही करता है। शरीर के विभिन्न हिस्सों को स्वस्थ्य रखने और रोग-प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने का काम भी ब्लड ही करता है। रक्त वाहिनियों की शाखाएं और घुमाव रक्त संचार को बाधित करते हैं और हृदय रोग की वजह बनते हैं।

# पतली कमर चाहिए तो करें पादहस्तासन

**पतली कमर** की चाह किस स्त्री को नहीं है। हर उम्र की लड़कियों को पतली कमर की इच्छा होती है। लेकिन दिक्कत यह है कि पतली कमर हासिल करना किसी बड़े टास्क सरीखा हो गया है। पादहस्तासन इसके लिए सबसे सरल और सटीक उपाय है। चूंकि हाथों से पैरों को पकड़कर यह आसन किया जाता है इसलिए इसे पादहस्तासन कहते हैं। यह आसन पेट और कमर के पास जमा फैट को कम करने में मदद करता है जिससे कमर पतली और आकर्षक बनती है। यही नहीं शरीर को लचीलापन भी मिलता है। यही कारण है कि सिर्फ महिलाएं पादहस्तासन का हाथ थामें, यह सही नहीं है। पुरुषों को भी पादहस्तासन अपने पर्फेक्ट बॉडी शेप के लिए करना चाहिए। इसके बारे में विस्तार से हम आपको बताते हैं।

## कैसे करें यह आसन


कंधे और रीढ़ की हड्डी को सीधा रखते हुए सावधान की मुद्रा में खड़े हो जाएं। अब दोनों हाथों को धीरे-धीरे ऊपर उठाकर हाथों को कंधे की सीध में लाकर थोड़ा-थोड़ा कंधों को आगे की ओर झुकाते हुए सिर के ऊपर तक उठाए। ध्यान रहे कि कंधे कानों से सटे हों। हथेलियां सामने की ओर हों। जब बांहें एक-दूसरे के समानान्तर ऊपर उठ जाएं तब धीरे-धीरे कमर को सीधा रख सांस अंदर लेते हुए नीचे की ओर झुकना प्रारम्भ करें। झुकते समय भी ख्याल रखें कि कंधे कानों से सटे ही रहें। घुटने सीधे रखते हुए दोनों हथेलियों से एड़ी-पंजे मिले दोनों पांव को टखने के पास से कस के पकड़कर माथे को घुटने से स्पर्श करने का प्रयास करें। सांस अंदर बाहर करते रहें। सुविधा अनुसार 30-40 सेकंड इस स्थिति में रहें। वापस आने के लिए धीरे-धीरे इस स्थिति से ऊपर उठिए। खड़ी मुद्रा में आकर हाथों को पुनः कमर से सटाने के बाद विश्राम स्थिति में आएं। 5 से 7 बार ऐसा करें।

## इस आसन के फायदे

जैसा कि पहले ही जिक्र किया जा चुका है कि पतली कमर के लिए पादहस्तासन लाभकर है। साथ ही इसके करने से शरीर में लचीलापन भी आता है। इसके अलावा जिन लोगों को अपने कद में वृद्धि करनी है, उनके लिए भी यह सहायक है। हालांकि एक उम्र के बाद कद में वृद्धि असंभव होती है। बावजूद इसके शरीर में खिचाव होने के कारण कद की सामान्य वृद्धि देखी जा सकती है। बच्चों के लिए यह आसन बेहद फायदेमंद है। खासकर उन बच्चों के लिए जिन्हें अपने कद को लेकर संदेह है।

पादहस्तासन की खूबी की सूची अभी खत्म नहीं हुई है। पुरुष इस आसन को न करने की ठोस वजह दे सकते हैं कि यह आसन महिलाओं के लिए कारगर है। जबकि चौड़े सीने की चाह रखने वालों के लिए भी यह पर्फेक्ट योगासन है। अतः अगर आपमें परफेक्ट बॉडी शेप के साथ चौड़े सीने की चाहत है तो इस आसन से दूरी कम करिए। इसके अलावा यह आसन मूत्र-प्रणाली, गर्भाशय तथा जननेन्द्रिय स्त्रावों के लिए विशेष रूप से कारगर है।

इससे कब्ज दूर होती है। पीठ और रीढ़ की हड्डी को यह आसन मजबूत करता है और लचीला भी बनाता है। जंघाओं और पिंडलियों की मांसपेशियों को भी मजबूत करता है। आंतों के व पेट के प्रायः समस्त विकार इस आसन को नियमित करने से दूर होते हैं।



### बरतें थोड़ी सावधानी

इस आसन को करने से पहले कई प्रकार की सावधानियां बरतनी पड़ती हैं। अगर आप अपने पैरों को नहीं छू पा रहे हैं तो इसका आहिस्ता आहिस्ता अभ्यास करें। इसे कतई झटपट पूरा करने की कोशिश न करें। पैरों की मांसपेशियों आहत हो सकती हैं। झटके से गर्दन नीचे करने से गर्दन लचक सकती है। इसी तरह की और भी समस्याएं पैदा हो सकती हैं। अगर इसे करने की सही विधि से आप बावस्ता नहीं हैं तो बेहतर होगा कि योग विशेषज्ञों से संपर्क करें। इसके अलावा अगर आपमें रीढ़ की हड्डी की किसी भी तरह की शिकायत है तो इस आसन से दूरी बनाए रखें। पेट से जुड़ी हर किसी भी प्रकार की बीमारी पादहस्तासन करने की इजाजत नहीं देते। अतः इसे न करें। साथ हृदय रोगी, उच्च रक्तचाप के मरीजों के लिए भी यह आसन सही नहीं है। उन्हें इसके नुकसान झेलने पड़ सकते हैं। एसिडिटी से पीड़ित लोगों के लिए भी यही सलाह दी जाती है कि वे इसे न करें।



# सी पैप मशीन रातों को देगी सुकून



**आपने** अपने आसपास कुछ लोगों को सोते समय खर्राटे लेते हुए देखा होगा, कई बार ये खर्राटे स्लीप एप्निया भी कहते हैं। इसे नाक पर लगाकर सोने से स्टीम मिलती रहती है। जिससे वायु-मार्ग खुला रहता है व व्यक्ति चैन की नींद सो सकता है। इसके इस्तेमाल से खर्राटों में कमी होने के साथ-साथ नींद पूरी होने व ऑक्सीजन ठीक से मिलने से आप दिनभर एक्टिव रहते हैं, मूड ठीक रहता है व याददाश्त में सुधार होता है।

## क्या है स्लीप एप्निया?

सोते समय जब हम सांस लेते हैं तो ऑक्सीजन नाक या मुंह के माध्यम से गले में स्थित वायु-मार्ग से होती हुई सीधे फेफड़ों और हृदय तक पहुंचती है। लेकिन कुछ लोगों में विभिन्न कारणों की वजह से यह मार्ग बाधित हो जाता है जिसकी वजह से ऑक्सीजन ठीक से नहीं पहुंच पाती और यह स्थिति गले में कंपन पैदा करती है जो कि खर्राटे के रूप में सुनाई देती है।

कभी-कभी यह रुकावट इतनी गंभीर हो जाती है कि गले का वायु-मार्ग पूरी तरह अवरुद्ध हो जाता है। ऐसे में व्यक्ति को बेचैनी महसूस होने लगती है। विशेषज्ञों के मुताबिक खर्राटों के कारण नींद पूरी नहीं हो पाती जिससे कमजोर एकाग्रक्षमता, सुस्ती और उनींदापन जैसे लक्षण होते हैं जो कि आगे चलकर ब्रेन स्ट्रोक और दिल के दौरे का जोखिम बढ़ा सकते हैं। साथ ही इससे लकवा, मानसिक अवसाद व डायबिटीज जैसी बीमारियों का भी खतरा बढ़ जाता है।

## प्रमुख कारण

मुंह और गले की बनावट, छोटा जबड़ा, लंबी जीभ या अधिक वजन के कारण दोहरी ठोड़ी होना, सिगरेट की लत, मोटापा और लंबे समय तक जुकाम बना रहना।

## ऐसे दूर होगी समस्या

**सी-पैप मशीन:** यह स्लीप एप्निया के लिए कारगर उपचार है। इसे नैबोलाइजर भी कहते हैं। इसे नाक पर लगाकर सोने से स्टीम मिलती रहती है। जिससे वायु-मार्ग खुला रहता है व व्यक्ति चैन की नींद सो सकता है। इसके इस्तेमाल से खर्राटों में कमी होने के साथ-साथ नींद पूरी होने व ऑक्सीजन ठीक से मिलने से आप दिनभर एक्टिव रहते हैं, मूड ठीक रहता है व याददाश्त में सुधार होता है। आजकल ये मशीन छोटे आकार व पहले की तुलना में हल्की आने लगी है जिसे रातभर बिस्तर के किनारे रखकर चैन की नींद सो सकते हैं।

**सर्जरी भी है विकल्प:** यदि आप रोजाना मशीन लगाने से बचना चाहते हैं तो इसका अन्य विकल्प है सर्जरी। यह उन लोगों को लिए भी अच्छा है जिनके मुंह और गले की बनावट में विकृति होती है। सर्जरी में रेडियो फ्रीक्वेंसी एब्लेशन द्वारा श्वास-मार्ग चौड़ा किया जाता है जो कि जबड़े की बनावट या किसी वजह से सिकुड़ गया है।

**वजन करें कंट्रोल:** अधिक वजन भी स्लीप एप्निया का एक प्रमुख कारण है। ऐसे में वे लोग जिनकी गर्दन मोटी है, उनमें वायु-मार्ग के आसपास अधिक ऊत्तकों के दबाव की आशंका रहती है। इससे वायु-मार्ग ब्लॉक हो सकता है। ऐसे में वजन कम करना जरूरी है।

# औषधीय गुणों का भंडार है सदाबहार

कैंसर ऐसी बीमारी है जिसका पता सामान्यत-रोग बढ़ने के बाद ही चल पाता है। इस स्थिति में सर्जरी ही बीमारी के विकल्प के रूप में सामने आती है। आयुर्वेद शोधकर्ताओं ने सफेद फूल वाले सदाबहार पौधे को इस बीमारी में प्रभावी माना है।

## इस तरह हैं कैंसर में लाभकारी

ये पत्तियां कैंसररोधी हैं। ये रोग बढ़ाने वाली कोशिकाओं के विकास को रोकती हैं साथ ही इस दौरान क्षतिग्रस्त हो गई कोशिकाओं को फिर से सेहतमंद बनाने का काम करती हैं। यदि इसकी पत्तियों से बने रस को कैंसर की पहली स्टेज वाले मरीज को दिया जाए तो उसके रोग के बढ़ने की आशंका कम हो जाती है। वहीं दूसरी व आखिरी स्टेज के दौरान इसके प्रयोग से मरीज की प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होकर उसके जीवित रहने की अवधि बढ़ सकती है।



### ध्यान रहे

कड़वा स्वाद होने के कारण इसे खाली पेट लेने से उल्टी हो सकती है। इसलिए इसका प्रयोग कुछ खाकर ही करें। छोटे बच्चों को इसके रस में शक्कर या चूर्ण में गुड़ मिलाकर गोलियों के रूप में दिया जा सकता है।

## अन्य रोगों में भी प्रभावी

डायबिटीज के मरीजों में ये एंटीडायबिटिक का काम करती हैं। ये रक्त में शर्करा की मात्रा को नियंत्रित रखती हैं। इनका सेवन स्वस्थ लोग भी कर सकते हैं। इससे उनका प्रतिरोधक तंत्र मजबूत होता है। सामान्य तासीर का होने की वजह से इसकी पत्तियों का प्रयोग हृदय व हाई बीपी के मरीज भी कर सकते हैं।

## प्रयोग का तरीका

इसके पत्तों को सुखाकर चूर्ण बना लें व रोजाना नाश्ते के बाद आधा ग्राम चूर्ण को सादा पानी से लें। इसके अलावा रस को भी प्रयोग में लाया जा सकता है।

रोजाना पांच ताजा पत्तियों को पानी के साथ पीसकर बारीक कपड़े से छानकर रस निकालें व इसे भोजन करने के बाद पिएं।

# ब्लड प्रेशर सामान्य करता है शवासन



**यह** आसन आरामदायक आसन भी होता है, क्योंकि शव का अर्थ है मृत, यानी शरीर शव के समान हो जाता है। इसलिए ही इस आसन को शवासन के नाम से जाना जाता है। यह दो शब्दों के योग से बना है, शव+आसन = शव आसन या शवासन। अगर इस आसन को नियमित 15-20 मिनट किया जाए तो दिमाग शांत हो जाता है और उच्च रक्तचाप सामान्य हो जाता है। यह एक शिथिल करने वाला आसन है और शरीर, मन, और आत्मा को ऊर्जा प्रदान करता है। शवासन एक मात्र ऐसा आसन है, जिसे हर आयुवर्ग के लोग कर सकते हैं। आइए जानते हैं कि यह आसन किस विधि से किया जाता है और इसके क्या लाभ होते हैं।



## कैसे करें शवासन

इस आसन को करने के लिए पीठ के बल लेटकर दोनों पैरों में ज्यादा से ज्यादा अंतर रखें। पैरों के पंजे बाहर और एड़ियां अंदर की तरफ होनी चाहिए। दोनों हाथों को शरीर से लगभग एक फिट की दूरी पर रखें। हाथों की अंगुलियां मुड़ी हुई हों और गर्दन को सीधा रखें, आंखों को भी बंद रखें। शवासन में सबसे पहले पैर के अंगूठे से लेकर सिर तक का भाग ढीला छोड़ देते हैं। पूरा शरीर ढीला छोड़ने के बाद सबसे पहले मन को श्वांस-प्रश्वास के ऊपर लगाते हैं और मन के द्वारा यह महसूस करते हैं कि दोनों नासिकाओं से श्वास अंदर जा रही है तथा बाहर आ रही है। जब श्वांस अंदर जाती है तब नासिका के अग्र में हलकी-सी ठंडक महसूस होती है और जब हम श्वांस बाहर छोड़ते हैं तब हमें गरमाहट महसूस होता है। इस गर्माहट व ठंडक को अनुभव करें। इस तरह नासाग्रस से क्रमशः सीने तथा नाभि पर ध्यान केंद्रित करें। मन में उल्टी गिनती गिनते जाएं। 100 से लेकर 1 तक। यदि गलती हो जाए तो फिर से 100 से शुरू करें। ध्यान रहे कि आपका ध्यान सिर्फ शरीर से लगा हुआ होना चाहिए, मन में चल रहे विचारों पर नहीं। इसके लिए सांसों की गहराई को महसूस करें।

## शवासन के फायदे

इस आसन को नियमित करने से श्वांस की स्थिति में हमारा मन शरीर से जुड़ा हुआ रहता है, जिससे शरीर में किसी प्रकार के बाहरी विचार उत्पन्न नहीं होते, यानी नकारात्मक विचार नहीं आते। इस कारण से हमारा मन पूर्णतः आरामदायक स्थिति में होता हैं, तब शरीर स्वतः ही शांति का अनुभव करता है।

### थोड़ी सावधानी भी जरूरी

इस आसन का फायदा तभी है जब इसे करने दौरान आपकी आंखें बंद हों। हाथ को शरीर से एक फिट की दूरी पर व पैरों में एक से डेढ़ फीट की दूरी जरूरी है। इसमें शरीर को ढीला छोड़ देना चाहिए। श्वांस की स्थिति में शरीर को हिलाना नहीं चाहिए। यह मानसिक शांति और शुकून प्रदान करने वाला आसन है, इसे करने से मन और दिमाग दोनों शांत रहते हैं।

## रेसिपी

### मखाने की खीर



**सामग्री**

फूल मखनी - 1 कप
दूध - 5 कप
घी - 2
चीनी - 1/4 कप
केसर - 1
पिस्ता -
जायफल पाउडर - 1/2

**विधि**

कढ़ाई में थोड़ा घी डाल कर गरम कीजिए अब उसमे मखनी डाल कर भून लीजिए। मखनी ठंडा होने के बाद मिक्सी से पीस लीजिए। अब एक बर्तन में दूध और चीनी डाल कर उबालने रखें। चाशनी बनने के बाद आंच को धीमी करके मखनी पाउडर डाल कर मिलाए। अब दूध उबाल कर आधा होने के बाद पकाए। उसके बाद केसर, जायफल पाउडर मिलाकर 1 मिनट पकाए। मिश्रण ठंडा होने के बाद उसके ऊपर पिस्ता डाल कर सजाए। मखनी की खीर तैयार।

### आलू कचौड़ी



**सामग्री**

मैदा - 1 कप , अजवाइन - 1/2 , तेल - 2, स्टफिंग के लिए, आलू - 3 , प्याज - 1 , हरी मिर्च - 1 , अदरक - (बारीक कटा हुआ), लाल मिर्च पाउडर - 1/2, हल्दी - 1/4

धनिया पाउडर, जीरा - गरम मसाला पाउडर - 1/2 , नमक - स्वादानुसार , तेल - अवयस्कता अनुसार

**विधि**

मैदा में नमक, अजवाइन, तेल डाल कर मिलाए अब उसमे थोड़ा थोड़ा पानी डाल कर नरम आटा गूथ लीजिए। आलू को उबाल कर छिलका हटा कर मेश कर लीजिए प्याज और हरी मिर्च को बारीक काट कीजिए। कढ़ाई में तेल डाल कर गरम कीजिए अब उसमे जीरा और अदरक डाल कर भुने उसके बाद बारीक कटा हुआ प्याज और हरी मिर्च डालकर पकाए अब नमक, हल्दी, लाल मिर्च पाउडर, धनिया पाउडर, गरम मसाला पाउडर डाल कर मिलाए उसके बाद मेश किया हुआ आलू डाल कर अच्छी तरह मिलाकर 2 मिनट पका कर गैस बंद कर लीजिए। अब आटे से निम्बू के आकार की लोई तोड़कर गोल कर लीजिए, एक लोई उठाए और हाथ पर रखकर उसे उंगलियो की सहायता से बड़ा कर, टोकरी जैसा बना लीजिए, आटे की इस टोकरी में आलू मिश्रण 1 या 2 चम्मच डाल दीजिए और आटे को चारों और से उठाकर मिश्रण को अच्छी तरह बंद करके कचौरी जैसा बना लीजिए, इसी तरह सारे कचौरी बना लीजिए। अब कढांई में तेल डाल कर गरम कीजिए, अब जितनी कचौरी कढ़ाई में आ जाय उतनी कचौरी कढ़ाई में डाल कर दोनों और गोल्डन ब्राउन होने तक तल कर निकाल लीजिए, इसी तरह सारे कचौरी बना कर तैयार कर लीजिए, गरमा गरम आलू की कचौरी तैयार।

मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए पी.जी. इंडिया लिमिटेड एमआईई, कालापहाड़, गुवाहाटी-16 से मुद्रित एवं **गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।**
**संपादक : राकेश शर्मा,** मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 • **कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम • फोन : 0361-2960054 ( संपादकीय )** e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, **( सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन )**